


सूर्योदय प्रात: 5:57 | सूर्यास्त संध्या 5:08 | पखवाड़ा कार्तिक शु. चतुर्थी, संवत 2081 | तापमान अधिकतम 27° न्यूनतम 17°


# फ्रीडम फाइटर

राष्ट्रहित सर्वोपरि

रांची, पटना व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित




रांची, मंगलवार, 05 नवम्बर 2024, वर्ष : 15, अंक : 261, कुल पृष्ठ : 12, मूल्य : 2 रुपये, E-mail : freedomfighterranchi@gmail.com / epaper : avnpost.com/freedom-fighter


**शेयर बाजार**

| | | |
|---|---|---|
| सेंसेक्स | 78,782.24 | -941.88 (-1.18%) |
| निफ्टी | 23,995.35 | -309.00 (-1.27%) |

**सर्राफा बाजार** (प्रति 10 ग्राम)

| 24 carat | |
|---|---|
| सोना | 79,170.00 |
| चांदी | 1060.00 |

## पश्चिम सिंहभूम और गढ़वा में गरजे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ; कहा

# झामुमो, कांग्रेस व राजद से संकट में झारखंड

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**पश्चिम सिंहभूम :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार कहा कि झामुमो, कांग्रेस और राजद ने झारखंड के अस्तित्व को संकट में डाल दिया है। घुसपैठिये इनके वोट बैंक बन गये हैं। अदालत में भी इन्होंने झूठ बोल दिये। आदिवासी बेटियों से शादी कर उनकी जिन्दगी बर्बाद कर रहे हैं। रोटी, बेटी और माटी की पुकार को याद रखिए और झारखंड की पहचान बचाइए। झारखंड में एनडीए की सरकार बनाइए। आदिवासी बेटियों के नाम जमीन करने के लिए कानून बनाया जायेगा।

झारखंड के पश्चिम सिंहभूम जिले के चाईबासा में आयोजित चुनावी सभा को सम्बोधित करते हुए मोदी ने कहा कि भगवान बिरसा मुंडा और शहीद पोटो हो की भूमि है। झारखंड की भूमि जनजातीय गौरव और आदिवासी शौर्य की साक्षी रही है। यह भूमि हमारे हो आदिवासी वीरों की गाथा गाती है। आज फिर कोल्हान में जेएमएम अत्याचारी सरकार को उखाड़ फेंकने के लिए जनता ने कमर कस ली है। हर कोई कह रहा है कि इस बार कोल्हान नया इतिहास रचने जा रहा है। दोनों रैलियों को देखने के बाद मैं दावे से कहता हूं कि भाजपा यहां ऐतिहासिक मतों के साथ सरकार बनायेगी। पूरा झारखंड एक सुर में कह रहा है कि रोटी, बेटी, माटी की पुकार, झारखंड में भाजपा की सरकार।



### आदिवासी समाज को और बनाया जायेगा मजबूत

**प्रधानमंत्री** ने कहा कि धान का एमएसपी 3100 रुपये होगा। किसानों को यह जानकारी दे दीजिए। पंचायतों को और सशक्त किया जायेगा। आदिवासी समाज को और मजबूत बनाया जायेगा। भाजपा ने इसके लिए अलग मंत्रालय बनाया है। कांग्रेस ने तो इसकी जरूरत भी नहीं समझी। धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष योजना और पीएम जनमन योजना पर एक लाख करोड़ रुपये खर्च किये जायेंगे।

### झामुमो ने चम्पाई सोरेन को किया अपमानित

**मोदी** ने कहा कि झामुमो ने चम्पाई सोरेन को अपमानित किया। उन्हें मुख्यमंत्री के पद से हटा दिया। यह आदिवासी का अपमान नहीं है। झामुमो और कांग्रेस को महिला राष्ट्रपति बर्दाश्त नहीं हो रही हैं। सीता सोरेन के साथ इन्होंने क्या किया है। आपको अच्छे से मालूम है। एक कांग्रेस नेता ने इन्हें अपमानित किया है। इसके बाद भी झारखंड के मुख्यमंत्री ने कुछ भी नहीं कहा।

मोदी ने कहा कि भाजपा के लिए आदिवासी आकांक्षा और उनका स्वाभिमान सर्वोपरि रहा है। यही कारण है केन्द्र में जब अटल बिहारी वाजपेयी की सरकार थी, तब ही आदिवासी भाई-बहनों को अपना राज्य मिला। बीते दशक में भी हमने आदिवासियों को सामने रखने के लिए कई कदम उठाये हैं। भाजपा ने भगवान बिरसा के जन्मदिवस को जनजातीय गौरव दिवस घोषित किया। इसके साथ हमारी सरकार मातृभाषा का भी सम्मान करती है। इसलिए जब ● शेष पृष्ठ 11 पर

## झारखंड में भाजपा-एनडीए के नेतृत्व में बनानी है डबल इंजन की सरकार

**गढ़वा :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने झारखंड विधानसभा के प्रथम चरण में 43 सीटों पर होनेवाले चुनाव के लिए सोमवार को गढ़वा के चेतना गांव स्थित श्रीकृष्ण गोशाला मैदान में चुनावी जनसभा को सम्बोधित किया। उन्होंने कहा, 'मैं आज आप सबका आशीर्वाद मांगने आया हूं। आज झारखंड में हर तरफ एक ही गूंज है। 'रोटी-बेटी-माटी की पुकार, झारखंड में भाजपा-एनडीए की सरकार'। अब हम सभी को मिल कर यहां भाजपा-एनडीए के नेतृत्व में डबल इंजन की सरकार बनानी है।'

मोदी ने कहा कि झारखंड में यह चुनाव ऐसे समय हो रहा है, जब पूरा देश 'विकसित भारत के संकल्प को लेकर आगे बढ़ रहा है ; यानी आनेवाले 25 वर्ष देश और झारखंड के लिए बहुत महत्त्वपूर्ण हैं। देश की आजादी के 100 वर्ष पूरे होंगे और झारखंड भी तब 50 वर्ष का होने वाला होगा। झारखंड के नौजवानों में टैलेंट की कमी नहीं है। ये हमारे झारखंड के बेटे



और बेटियां खेल के मैदान में झारखंड का जज्बा दिखाते हैं। झारखंड के युवाओं का सामर्थ्य बढ़े, उन्हें नये अवसर मिलें, यह सरकार की जिम्मेदारी होती है। लेकिन, जेएमएम, कांग्रेस और आरजेडी ने झारखंड के युवाओं के साथ धोखा ही किया है। मोदी ने कहा कि आपने कुछ महीने पहले दिल्ली में लगातार तीसरी बार भाजपा-एनडीए सरकार बनायी। अब झारखंड में विधानसभा का चुनाव है। झारखंड के हर गरीब के पास पक्का घर ● शेष पृष्ठ 11 पर

## 13 को बिहार के दरभंगा में एम्स का करेंगे शिलान्यास

**पटना :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 13 नवम्बर को बिहार दौरे पर आयेंगे। इस दौरान वह दरभंगा में एम्स का शिलान्यास करेंगे। इस कार्यक्रम में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के साथ गठबंधन के शीर्ष नेता भी शामिल होंगे। दरभंगा शहर के भाजपा विधायक संजय सरावगी ने कहा कि 13 नवम्बर को पीएम मोदी दरभंगा आयेंगे और एम्स का शिलान्यास करेंगे। केन्द्र सरकार ने इस अहम परियोजना के लिए फिलहाल 1,261 करोड़ रुपये का बजट उपलब्ध कराया है। दरभंगा एम्स को अत्याधुनिक स्वास्थ्य




देखभाल संस्थान के रूप में विकसित करने का लक्ष्य है। बिहार सरकार ने एम्स के ● शेष पृष्ठ 11 पर

## एक झलक

### लद्दाख क्षेत्र में 3.7 तीव्रता का भूकंप आया

**लद्दाख :** लद्दाख में सोमवार को एक बार फिर भूकंप के झटके महसूस किए गए। राष्ट्रीय भूकंप विज्ञान केंद्र ने कहा कि भूकंप का केंद्र 34.51 उत्तरी अक्षांश और 78.52 पूर्वी देशांतर पर स्थित था, जो लेह क्षेत्र में 10 किलोमीटर की गहराई पर था। आधिकारिक सूत्रों ने कहा कि कहीं भी जान-माल के नुकसान की कोई खबर नहीं है। दो सप्ताह पहले भी इस क्षेत्र में लेह से लगभग 200 किलोमीटर दक्षिण-पश्चिम में 3.7 तीव्रता का ही भूकंप आया था।

### कांग्रेस-जेएमएम बांग्लादेशी घुसपैठियों को मानते हैं वोटबैंक

**नयी दिल्ली :** भारतीय जनता पार्टी ने सोमवार को एक बार फिर झारखंड की झारखंड मुक्ति मोर्चा-कांग्रेस सरकार पर तुष्टीकरण की राजनीति का आरोप लगाया। पार्टी का कहना है कि राज्य में कई स्थानों पर जनसांख्यिकीय बदलाव किया जा रहा है और इसके लिए मौजूदा सरकार जिम्मेदार है।

भाजपा प्रवक्ता गौरव भाटिया ने पार्टी मुख्यालय में पत्रकार वार्ता में कहा कि एक साजिश के तहत बांग्लादेशी घुसपैठियों को झारखंड में बसाया जा रहा है और उनकी शादी अनुसूचित जनजाति की महिलाओं से की जा रही है, ताकि उनकी जमीनें लूटी जा सकें। यह आंतरिक सुरक्षा के लिए बड़ा खतरा है। झारखंड में एनडीए-भाजपा की सरकार बनने पर अनुसूचित जनजाति के लोगों की जमीन वापस की जायेगी।

### राज्य में फिर से आईएनडीआईए गठबंधन की सरकार बनेगी : सुप्रिया

**रांची :** कांग्रेस की राष्ट्रीय प्रवक्ता सुप्रिया श्रीनेत ने कहा कि राज्य में फिर से आईएनडीआईए (इंडिया )गठबंधन की सरकार बनेगी। झारखंड सरकार का रिपोर्ट कार्ड ए प्लस है। राज्य की जनता भाजपा से हिसाब लेगी। लोकसभा चुनाव में हेमंत सोरेन को प्रचार-प्रसार भी नहीं करने दिया गया। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के तिरस्कार का हिसाब लेगी। श्रीनेत सोमवार को कांग्रेस भवन में संवाददाता सम्मेलन में बोल रही थीं। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने 57 लाख बेटियों और महिलाओं को मंईयां योजना का लाभ दिया। इसमें 1000 रुपए दिए हैं, जबकि दिसंबर से 2500 रुपए दिए जाने हैं। 42 लाख लोगों का बिजली बिल माफ हुआ और उन्हें मुफ्त में बिजली मिल रही है। 4.50 लाख किसानों का ऋण माफ किया गया। 11 लाख छात्राओं को पांच हजार दिए गए। शिक्षकों के मानदेय में बढ़ोतरी की गई। कांग्रेस की राष्ट्रीय प्रवक्ता ने कहा कि केंद्र सरकार झारखंड की 1.36 लाख करोड़ रुपए दबा कर बैठी है। यह राशि मिलती तो सरकार राज्य के 42500 छात्रों को पांच साल तक 5000 रुपए दे सकती थी।

## झारखंड में सुशासन का कमल खिलना तय : शिवराज

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची :** केन्द्रीय कृषि मंत्री और झारखंड विधानसभा चुनाव प्रभारी शिवराज सिंह चौहान ने सोमवार को झारखंड की खिजरी विधानसभा से भाजपा के उम्मीदवार रामकुमार पाहन के समर्थन में सभा को सम्बोधित किया। उन्होंने जेएमएम-कांग्रेस गठबंधन की सरकार पर हमला बोलते हुए कहा कि गठबंधन सरकार ने वन सम्पदा, जल सम्पदा और खनिज सम्पदा से भरपूर सुन्दर राज्य को तबाह और बर्बाद कर दिया है। यही वजह है कि अब झारखंड की जनता ने जेएमएम-कांग्रेस गठबंधन की सरकार को उखाड़ फेंकने का मन बना लिया है, जिससे झारखंड में सुशासन का कमल खिलना तय है।

**झारखंड में नयी क्रांति की है जरूरत**

शिवराज ने कहा कि यदि झारखंड को बचाना है, तो एक नयी क्रांति करनी पड़ेगी। यह वह धरती है, जहां भगवान बिरसा मुंडा ने अंग्रेजों के अत्याचार और अन्याय के खिलाफ क्रांति का बिगुल फूंका था और अंग्रेजों के दांत खट्टे किये थे। आज जेएमएम-कांग्रेस गठबंधन सरकार में भी शोषण की अति हो गयी है। यहां बहन-बेटियां सुरक्षित नहीं हैं। विदेशी घुसपैठिये यहां आ रहे हैं। बेटियों को भ्रम के जाल में फंसा कर उनसे शादी कर रहे हैं और जमीनों पर कब्जा कर रहे हैं। पंचायतों पर कब्जा कर रहे हैं। इतना ही नहीं, रूबीका, अंकिता जैसी बेटियों की निर्मम हत्या की जा रही है। झारखंड में भाजपा की सरकार बनते ही इन विदेशी घुसपैठियों को चुन-चुन कर बाहर निकाला जायेगा। इसलिए यहां भी अब 'उलगुलान' की जरूरत है। एक नयी क्रांति की जरूरत है।

**नौजवानों को पूरा न्याय**

शिवराज ने कहा कि जेएमएम सरकार ने 05 लाख सरकारी नौकरियां देने का वादा किया था। लेकिन, पिछले 05 सालों में एक भी नौकरी नहीं मिली। पांच से सात हजार रुपये बेरोजगारी भत्ता देने का वादा था, ● शेष पृष्ठ 11 पर



■ केन्द्रीय मंत्री ने झारखंड के खिजरी विधानसभा क्षेत्र में भाजपा प्रत्याशी के समर्थन में सभा को किया सम्बोधित

### महिला सशक्तीकरण, हमारा संकल्प

शिवराज ने कहा कि पांच साल पहले हेमन्त सोरेन ने महिलाओं से वादा किया था कि उन्हें प्रति माह 02 हजार रुपये चूल्हा खर्च के लिए दिया जायेगा। लेकिन, 04 साल 10 महीने बहनों की याद नहीं आयी और चुनाव आते ही वोटों के लालच में बहनों के खाते में 01-01 हजार रुपये डाल दिये। झारखंड में भाजपा की सरकार बनते ही बहनों के खाते में हर महीने की 11 तारीख को गोगो दीदी योजना के तहत 2100 रुपये की राशि डाली जायेगी। इतना ही नहीं, गरीब बहनों को 500 रुपये में गैस सिलिंडर दिया जायेगा और साल में दो बार त्योहार पर सिलिंडर मुफ्त दिये जायेंगे। महिला सशक्तीकरण भारतीय जनता पार्टी और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का संकल्प है।

## हेमन्त सरकार की योजनाओं से घबरा गयी है भाजपा : कल्पना

### 30 वर्षों में दोनों विधायकों ने सिर्फ अपने परिवार का भला किया : अरुण साहू

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**बरही :** गठबंधन सरकार की स्टार प्रचारक व गांडेय की विधायक कल्पना सोरेन ने बरही प्रखंड मैदान में आयोजित गठबंधन के कांग्रेस प्रत्याशी अरुण साहू के पक्ष में विशाल जनसभा को सम्बोधित किया। सभा में हजारों की संख्या में बरही विधानसभा क्षेत्र के लोग पहुंचे। सभा की अध्यक्षता कांग्रेस ओबीसी जिला अध्यक्ष दीपक गुप्ता ने की। संचालन कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष अब्दुल मनान वारसी ने किया। सभा का सम्बोधित करते हुए मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन की पत्नी झामुमो नेत्री व विधायक कल्पना सोरेन ने एक ओर हेमन्त सरकार की उपलब्धियों को गिनवाया, वहीं दूसरी ओर भाजपा और केन्द्र सरकार पर जम कर हमला भी बोला। कल्पना सोरेन ने कहा कि हेमन्त सोरेन ने कम समय में जो विकास का काम किया है, उसी के लिए हम आपके पास आशीर्वाद मांगने आये हैं, जो हमारा हक और अधिकार है। आज मंईयां सम्मान योजना से भाजपा घबरा गयी है। मंईयां सम्मान योजना से 55 लाख महिलाओं के खाते में आसानी से राशि जा रही है। किसानों का ऋण माफ हुआ है, बकायेदारों का बिजली बिल माफी हुआ है, 200 यूनिट बिजली ● शेष पृष्ठ 11 पर



## केरल, पंजाब और उप्र में उपचुनाव की तारीख बदली

■ अब 13 के बजाय 20 नवंबर को होगा मतदान

**एजेंसी**

**नयी दिल्ली :** चुनाव आयोग ने तीन राज्यों की 14 विधानसभा सीटों पर उपचुनाव से जुड़ी मतदान तारीखों में बदलाव किया है। अब इन सीटों पर 13 नवंबर की बजाय 20 नवंबर को मतदान होगा। जिन सीटों पर उपचुनाव की तारीख बदली गई हैं, वे इस प्रकार हैं झ केरल की पलक्कड़। पंजाब की डेरा बाबा नानक, छब्बेवाल (एससी), गिद्दड़बाहा, बरनाला। उत्तर प्रदेश की मीरापुर, कुंदरकी, गाजियाबाद, खैर (एससी), करहल, शीशामऊ, फूलपुर, कटेहरी और मझवां।

चुनाव आयोग ने बताया कि उसे विभिन्न मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय और राज्य स्तरीय राजनीतिक दलों (जिनमें भाजपा, कांग्रेस, बसपा, रालोद शामिल हैं) और कुछ सामाजिक संगठनों से 13 नवंबर को उपचुनाव वाले कुछ विधानसभा क्षेत्रों में मतदान की तारीख बदलने के लिए अभ्यावेदन प्राप्त हुए हैं।

## वायु सेना का मिग-29 लड़ाकू विमान दुर्घटनाग्रस्त, जांच के आदेश

**एजेंसी**

**नयी दिल्ली :** उत्तर प्रदेश में आगरा के पास सोमवार को वायु सेना का एक मिग-29 लड़ाकू विमान दुर्घटनाग्रस्त हो गया। विमान ने पंजाब के आदमपुर से उड़ान भरी थी और अभ्यास के लिए आगरा जा रहा था। दुर्घटना से पहले विमान के पायलट सहित दो लोग सुरक्षित कूद गए, जिससे उनकी जान बच गई। दुर्घटना के कारणों का पता लगाने के लिए भारतीय वायु सेना ने जांच के आदेश दे दिए हैं। वायु सेना के मिग-29 लड़ाकू विमान ने आज दोपहर पंजाब के आदमपुर से उड़ान भरी।



विमान में पायलट समेत 2 लोग मौजूद थे लेकिन भारतीय वायु सेना के पायलट समेत दोनों लोगों ने खेत में कूदकर जान बचाई। वायु सेना ने एक बयान में बताया कि मिग-29 विमान के सिस्टम में आज नियमित प्रशिक्षण उड़ान के दौरान आगरा के पास खराबी आ गई।

## छठ पर रेलयात्रियों के लिए आज चलायी जा रही हैं 185 विशेष ट्रेनें

**एजेंसी**

**नयी दिल्ली :** छठ के अवसर पर रेल से यात्रा करनेवालों की सुविधा के लिए भारतीय रेलवे आज 185 विशेष रेलगाड़ियां चला रही है। यात्रियों की भीड़ के मद्देनजर रेलवे ने महत्त्वपूर्ण स्टेशनों पर विशेष व्यवस्था की है। भारतीय रेल इस वर्ष लगभग 7,500 विशेष रेलगाड़ियां चला रही है, जबकि पिछले साल 4,500 विशेष गाड़ियां चलायी गयी थीं। 03 नवम्बर को रेलवे ने 188 से अधिक विशेष गाड़ियां चलायीं।

रेल मंत्रालय ने सोमवार को बताया कि 04 नवम्बर को चलायी जा रहीं कुछ महत्त्वपूर्ण विशेष रेलगाड़ियों में रेलगाड़ी संख्या 04078 आनंद विहार पटना एक्सप्रेस, रेलगाड़ी संख्या 04032 आनंद विहार सहरसा एक्सप्रेस, रेलगाड़ी संख्या 04058 आनंद विहार मुजफ्फरपुर एक्सप्रेस, 02246 निजामुद्दीन पटना एक्सप्रेस, रेलगाड़ी संख्या 04526 सरहिन्द सहरसा एक्सप्रेस, रेलगाड़ी संख्या 02270 लखनऊ छपरा एक्सप्रेस, 01009 लोकमान्य तिलक दनापुर एक्सप्रेस, रेलगाड़ी संख्या 01205 पुणे दानापुर एक्सप्रेस, रेलगाड़ी संख्या 02832 भुबनेस्वर धनबाद एक्सप्रेस, रेलगाड़ी संख्या 08520 विशाखापट्टनम दानापुर एक्सप्रेस, रेलगाड़ी संख्या 01481 पुणे दानापुर एक्सप्रेस, रेलगाड़ी संख्या 01143 लोकमान्य तिलक टर्मिनल दानापुर, रेलगाड़ी संख्या 01025 दादर बॉलिय एक्सप्रेस, रेलगाड़ी संख्या 02398 आनंदविहार गया एक्सप्रेस, रेलगाड़ी संख्या 02394 नयी दिल्ली पटना एक्सप्रेस, रेलगाड़ी संख्या 03256 आनंद विहार पटना एक्सप्रेस, रेलगाड़ी संख्या 03258 आनंद विहार दानापुर एक्सप्रेस, रेलगाड़ी संख्या 05220 आनंद विहार मुजफ्फरपुर एक्सप्रेस, रेलगाड़ी संख्या 05290 पुणे मुजफ़्फरपुर एक्सप्रेस, रेलगाड़ी संख्या 05284 आनंदविहार मुजफ़्फरपुर एक्सप्रेस, रेलगाड़ी संख्या 03131 सियालदह गोरखपुर एक्सप्रेस, रेलगाड़ी संख्या 03414 नयी दिल्ली मालदा एक्सप्रेस, रेलगाड़ी संख्या 03502 कटिहार आसनसोल एक्सप्रेस, रेलगाड़ी संख्या 03504 पटना आसनसोल एक्सप्रेस, रेलगाड़ी संख्या 03045 हावड़ा रक्सौल एक्सप्रेस, रेलगाड़ी संख्या 03511 आसनसोल पटना एक्सप्रेस, रेलगाड़ी संख्या 05186 यसवंतपुर छपरा एक्सप्रेस, रेलगाड़ी संख्या 05114 लोकमान्य तिलक टर्मिनल छपरा, रेलगाड़ी संख्या 05194 एम सी तुसार महाजन छपरा एक्सप्रेस, रेलगाड़ी संख्या 05194 लोकमान्य तिलक टर्मिनल छपरा, रेलगाड़ी संख्या 05284 आनंदविहार मुजफ़्फरपुर एक्सप्रेस, रेलगाड़ी संख्या 05743 कटिहार छपरा एक्सप्रेस और रेलगाड़ी संख्या 05744 छपरा कटिहार एक्सप्रेस शामिल हैं।



रेलवे ने स्टेशनों पर यात्री सुविधाओं तथा गाड़ियों की पंक्चुअलिटी की मॉनिटरिंग के लिए रेलवे बोर्ड जोनल रेलवे मंडल तथा स्टेशन स्तर पर विशेष कंट्रोल रूम बनाये हैं। यात्रियों की सुविधा के लिए रेलवे ने विशेष प्रबंध किये हैं। कतारबद्ध तरीके से ट्रेन में प्रवेश की व्यवस्था। भीड़ प्रबंधन के लिए अतिरिक्त कर्मचारी और रेल सुरक्षा बल के जवान लगाए हैं। कुछ महत्त्वपूर्ण स्टेशनों पर रेलवे ने रिजर्व रेक रखे हैं। अधिक भीड़ होने पर इन्हें तत्काल चलाने की व्यवस्था की गयी है।

## अंदर के पन्नों पर


3 सभी संस्थान अपने कर्मियों के मताधिकार के...

5 उपायुक्त व एसएसपी ने किया अमलखोरी चेक पोस्ट...

7 नहाय खाय के साथ लोक आस्था का महापर्व छठ...

9 गंगा उत्सव पर हजारों दीप से जगमगा उठा...

10 ऑस्ट्रेलिया ने पाकिस्तान को 02 विकेट से हराया...

## एक झलक

### आगामी विस चुनाव को लेकर चेक पोस्ट में पुलिस ने वाहनों की ली तलाशी



**गोला (रामगढ़) :** आगामी विधानसभा 2024 चुनाव को लेकर प्रशाशन काफी एलर्ट मोड पर है। सुरक्षा की दृष्टि से प्रखंड के कई जगहों में चेक पोस्ट लगाया गया है। जहाँ हर आते जाते वाहनों की बारीकी से जाँच की जा रही है। इसी कड़ी में सोमवार को गोला थाना क्षेत्र के रा.उ.पथ संख्या- 23 स्थित मगनपुर में लगाये गए पुलिस बेरियर में कई वाहनों का जाँच की गई। रास्ते से गुजर रही सभी गाड़ियों को पुलिस बल एवं जाँच दल के द्वारा रोक कर पूरी तलाशी ली गई। ज्ञात हो कि विधानसभा चुनाव निष्पक्ष व पारदर्शी कराने को लेकर प्रशासन पूरी तरह से मुस्तैद नजर आ रही है। मौके पर एएसआई बहादुर महतो,दो महिला पुलिस कर्मी, दो पुलिस बल के जवान सहित कई अन्य उपस्थित थे।

### बाइक व स्कूटी की सीधी टक्कर में दम्पती सहित चार घायल

**बेड़ो :** बेड़ो थाना क्षेत्र के बेड़ो लोहरदगा मार्ग पर करांजी गांव के देवी मंडप के समीप सोमवार की अपराह्न लगभग साढ़े तीन बजे एक बाइक व एक स्कूटी की सीधी टक्कर में चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों में बाइक सवार बेड़ो दिघिया गांव निवासी 27 वर्षीय मुकेश ठाकुर पिता राम प्रसाद ठाकुर और स्कूटी में सवार 45 वर्षीय सुखदेव कुजूर उसकी 40 वर्षीय पत्नी चरी कुजूर व 3 वर्षीय नाती विशाल कुजूर गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद मौके पर पहुंचे आसपास के लोगों ने घायलों को गाड़ी की व्यवस्था कर इलाज के लिए बेड़ो सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। जहां डा कुसुमलता सिन्हा ने चारों घायलों का प्राथमिक उपचार करते हुए गंभीर रूप से घायल बाइक सवार मुकेश ठाकुर समेत स्कूटी सवार सुखदेव कुजूर व पत्नी चरी कुजूर को बेहतर इलाज के लिए रिम्स रेफर कर दिया। मिली जानकारी के अनुसार बाइक सवार मुकेश ठाकुर बेड़ो की ओर से अपने गांव दिघिया जा रहा थे। वही लोहरदगा की ओर से सुखदेव कुजूर अपनी अपनी पत्नी व नाती के साथ स्कूटी से अपने गांव ईटकी के गढ़गांव चचगुरा जा रहे थे।

### ऐतिहासिक सोहराई जतरा कंडेर में हुआ आयोजित



**बुढ़मू :** बुढ़मू प्रखंड के ऐतिहासिक सोहराई जतरा कंडेर में सोमवार को आयोजित किया गया। जिला परिषद रामजीत गंझू ने मंच का उद्घाटन किया। रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम, खोड़ा नृत्य संगीत, बच्चों के खेल खिलौने और इंख-मिठाई की दुकानें आकर्षण का केंद्र रहीं। पूर्व प्रमुख रामेश्वर पहान, पूर्व उप प्रमुख जगजिवन महतो सहित कई गणमान्य व्यक्तियों ने भाग लिया। मौके पर कांग्रेस नेता विनोद मुड़ा, मोहन जयसवाल, रोहित उरांव, सुदामा नायक, शंकर जयसवाल, अरूण यादव, रघुवीर जयसवाल, शिवनंदन मुंडा एवं कमेटी के अध्यक्ष अतुल सिंह, मुकेश भुइंया सहित अन्य का सराहनीय भुमिका रही।

### भाजपा कार्यकर्ताओं ने घर-घर जाकर किया जनसम्पर्क

**बुढ़मू :** सोमवार को भाजपा के बुढ़मू और ठाकुरगांव मंडल के कार्यकर्ताओं ने घर-घर जाकर जनसम्पर्क किया। इस दौरान हेसलपीरी पंचायत के गांवों में घर घर गये और भाजपा के नीति सिद्धांतों की जानकारी देते हुए भाजपा को वोट देने का आग्रह किया वहीं बुढ़मू मंडल के कार्यकताओं ने मुरूपीरी साप्ताहिक बाजार में ढोल के साथ गीत गाकर मतदाताओं को रिझाने का कार्य किये और भाजपा को वोट देने का आग्रह किया। मौके पर प्रदीप साहु, झिबरा मुंडा, गौरव कुमार, सुरजन गोड़ाईत, तपेश्वर मिश्रा, शंकर महतो, गुड्डू सिंह, राजू सिंह, बसंत पाहन सहित अन्य मौजूद थे।

# छठ पूजा सामग्रियों की खरीदारी में जुटे श्रद्धालु





**बेड़ो :** लोक आस्था का महापर्व छठ की तैयारी तेज हो गई है। मंगलवार को नहाय खाय के साथ पर्व आरंभ हो जाएगा। इसको देखते हुए पूजा सामग्रियों की खरीदारी के लिए सोमवार को सप्ताहिक बाजार में रौनक आ गई है। बाजार श्रद्धालुओं से भरा पटा रहा। छठ पर्व पर पूजा के लिए लोग हर छोटी से छोटी सामग्रियों को जुटाने में लगे रहे। श्रद्धालु छठ की पूजा शुरू होने से पहले सारी तैयारी पूरी कर लेना चाहते हैं। इस बार पांच नवंबर से चार दिवसीय छठ पर्व शुरू हो रहा है, जो आठ नवंबर तक चलेगा। छठ में सफाई और शुद्धता का बहुत ध्यान रखा जाता और कोई सामग्री छूट न जाए। इसका भी पूरा ध्यान रखते हैं क्योंकि छठ में हर छोटी से छोटी चीजों की अपनी अहमीयत होती है। इसलिए व्रती समय से सारी तैयारियां पूरी कर रहे हैं। इसको लेकर बाजार की रौनक बदल गई है। विभिन्न स्थानों पर पूजन सामग्रियां बिक रही है। श्रद्धालु अपनी अपनी जरूरतों के अनुसार खरीदारी कर रहे हैं। इसको लेकर महावीर चौक, जिला परिषद व बाजार टांड़ में खरीदारी किया।

**छठ में छह प्रकार के फलों का खास महत्व**

**लोक** आस्था का महापर्व छठ के लिए विभिन्न प्रकार के फलों का काफी महत्व है। जितेंद्र पाठक ने बताया कि फलों व सामग्रियों में नारियल, केला, नींबू, सिंघाड़ा, ईख और गुड़ मुख्य रूप से शामिल हैं। इन पूजन सामग्रियों के बाहरी आवरण सख्त होते हैं जिनसे इस इनमें शुद्धता बनी रहती है। उन्होंने ने बताया कि छठ मईया को प्रिय फलों में इनकी व्यवस्था श्रद्धालु करते हैं। श्रद्धालु अपनी मनोकामना पूर्ण करने के लिए नारियल चढ़ाने की मनौती भी मांगते हैं। इसलिए कुछ व्रतियों के डाले में कई कई नारियल होते हैं। नारियल को देवी लक्ष्मी का स्वरूप और परम पवित्र फल माना जाता है। केला को भगवान विष्णु का प्रिय फल माना जाता है। यह पवित्र फल है। लोग मनोकामना पूर्ति के लिए केले का घौद भेंट करने का प्रण लेते हैं। गन्ना का आवरण भी सख्त होता है। छठ में गन्ना का भी काफी महत्व है। ईख के गुड़ का प्रसाद ही बनाया जाता है। नींबू और परंपरागत रूप से शुभ के लिए सुपारी का भी इस पर्व में काफी महत्व है। सिंघाड़ा माता लक्ष्मी को भी प्रिय है। रोग नाशक व शक्ति वर्धक माना जाता है।

कपड़े की दुकानों पर आयी रौनक छठ पूजा के लिए कोशी, बांस का सुपली, दउरा, साड़ी समेत अन्य वस्त्रों की खरीदारी श्रद्धालु कर रहे हैं। व्रतियों के लिए नए वस्त्र में पर्व करने की परंपरा रही है। इस वजह कपड़ा और रेडीमेड की दुकानों पर भी काफी भीड़ लग रही है। पूजा करने वाली व्रती महिला नयी साड़ी में ही पूजा करती है। इसलिए इस समय साड़ी की दुकानों पर भीड़ लगी हुई है। साथ ही इस समय चूड़ी, बिंदी सहित महिलाओं की श्रृंगार सामग्रियों की दुकानों में भीड़ लगी रही।

**महंगे बिके कद्दू**

**नहाय** खाय के साथ छठ का पर्व आज आरंभ हो जाएगा। इसके लिए कद्दू की काफी महता है। बाजार में एकाएक कद्दू की मांग बढ़ने से महंगे दाम पर बिक रहा है। चुकी व्रतियों के लिए नहाय खाय के पर्व में कद्दू का सेवन करना आवश्यक माना जाता है। जिसको लेकर प्रत्येक व्रतियों के लिए इसकी पूर्ति को बाजार में श्रद्धालु पहुंचते हैं। छोटे से छोटे प्रति कद्दू की कीमत 20 से 30 रुपये की रही।

# पुलिस ने 1350 किलोग्राम अवैध जावा महुआ किया बरामद



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रामगढ़ :** विधान सभा आम निर्वाचन-2024 को स्वच्छ, शांतिपूर्ण एवं भयमुक्त वातावरण में चुनाव संपन्न कराने हेतु अजय कुमार, पुलिस अधीक्षक रामगढ़ के आदेश पर सभी थाना और ओपी क्षेत्र में अवैध शराब के विरूद्ध सघन अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान रामगढ़ थाना अन्तर्गत ग्राम भेलवागढ़ा, कुज्जू ओपी अन्तर्गत ग्राम सेवटा बस्ती और वेस्ट बोकारो ओपी अन्तर्गत ग्राम चैनपुर चटनियां टोला में संचालित अवैध जावा महुआ करीब 1,350 किलोग्राम बरामद हुआ, जो संग्रहण के दौरान विनष्ट हो गया। जिसका अनुमानित मूल्य करीब 94,500/- रूपया है। अवैध रूप से देशी शराब निर्माण में संचालित विभिन्न भट्टियों को ध्वस्त किया गया। इस संदर्भ में रामगढ़ थाना एवं माण्डु थाना में सन्हा दर्ज कर आवश्यक कार्रवाई की जा रही है।

## आजसू पार्टी के दर्जनों कार्यकर्ता हुए जेबीकेएसएस में शामिल



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**गोला (रामगढ़) :** झारखंड विधानसभा चुनाव 2024 का आगाज होने के साथ ही राजनीतिक दलों के नेताओं और कार्यकर्ताओं का दल बदलने की गतिविधि लगातार जारी है। सोमवार गोला प्रखंड क्षेत्र के बेटुल पंचायत के आजसू पार्टी के दर्जनों कार्यकर्ता जयराम महतो के विचारधाराओं से प्रभावित होकर जेबीकेएसएस सह जेएलकेएम के केंद्रीय महामंत्री संतोष चौधरी के नेतृत्व में जेबीकेएसएस में शामिल हुए। संतोष चौधरी ने सभी को पार्टी का पट्टा पहनकर पार्टी में शामिल किया। पार्टी में मुख्य रूप से उमेश महतो, कपूरी ठाकुर, कपिल महतो, बिस्मबर महतो, उमेश्वर महतो, प्रयाग मुंडा, सुदर्शन महतो, आनंद महतो, निरंजन महतो, खिलेश्वर महतो, जय राम महतो, राजेश महतो, मधु महतो, आनंद महतो, सुभाष महतो, हरिलाल महतो सहित आदि शामिल हुए।

## ऑटो को पीछे से अज्ञात वाहन ने मारी टक्कर दो घायल, एक रिम्स रेफर

**बेड़ो :** थाना क्षेत्र के बेड़ो लोहरदगा मार्ग पर तुको गांव के कब्रिस्तान के समीप सोमवार की शाम लगभग छह बजे अज्ञात वाहन ने एक सवारी ऑटो को पीछे से टक्कर मार दी। जिससे ऑटो में सवार एक महिला व एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों में बेड़ो कुदारखो गांव निवासी 48 वर्षीय मधु केरकेट्टा पति पास्कल केरकेट्टा व दिघिया मिशन निवासी 48 वर्षीय जानसन मिंज है। जिन्हें भाजपा नेत्री अंजली कच्छप ने ग्रामीणों के सहयोग से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बेड़ो पहुंचाया।जहां डा भावना ने दोनों घायलों का प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर रूप से घायल मधु केरकेट्टा को बेहतर इलाज के लिए रिम्स रेफर कर दिया। ऑटो सवार आशा तिर्की ने बताया कि वे लोग लोहरदगा चट्टी गांव स्थित लूथरन चर्च में शादी में गए थे वापस अपने घर आ रही थी। तभी पीछे से आ रहे अज्ञात वाहन ने ऑटो में पीछे से टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि ऑटो आगे जाकर पलट गई।

## सीपीआईएम प्रत्याशी ने चुनावी कार्यालय का किया उद्घाटन



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**तमाड़ :** विधानसभा के सीपीआईएम राज्य कमेटी सदस्य प्रत्याशी कांमरेड सुरेश मुंडा ने सोमवार को रायडीह मोड़ में चुनावी कार्यालय का उद्घाटन फीता काट कर किया। कार्यालय के प्रांगण में बड़ी संख्या में कार्यकर्त्ता उपस्थित थे। सीपीआईएम प्रत्याशी ने चुनावी कार्यालय का उद्घाटन के बाद मीडिया से बातचीत करते हुए कहा की तमाड़ में विकास की गति रूक गयी है। क्षेत्र को पटरी पर लाने की जिम्मेवारी सीपीआईएम करेगी। सरकार के खिलाफ बोलते हुए मुंडा ने कहा सरकार अपने उद्देश्य से भटक गई है इसी कारण हम लोग सरकार का विरोध कर रहे हैं । इधर कार्यालय उद्घाटन के बाद कामरेड सुखनाथ लोहार द्वारा पार्टी के घोषणा पत्र को जारी किया गया। घोषणा पत्र में विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत 20 घोषणा शामिल है। जिसमें मुख्य रूप से किसान एवं सिंचाई पर ज्यादा ध्यान दिया गया है।

## मारुति मंगल परिवार ने मतदान के लिए किया जागरूक



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**बेड़ो :** लोकतंत्र के महापर्व झारखंड विधानसभा चुनाव में मतदान का प्रतिशत बढ़े इसके लिए मारुति मंगल परिवार के सदस्य लगातार मतदाताओं के बीच जाकर मतदाता जागरूकता अभियान चला रहे हैं। आगामी 13 नवंबर को झारखंड विधानसभा में मतदान का प्रतिशत बढ़ाने के लिए मारुति मंगल परिवार के सदस्यों ने सोमवार को रांची,रामगढ़, हजारीबाग, गुमला,सिमडेगा, खूंटी और लोहरदगा जिले के कई गांवों में मतदाता जागरूकता अभियान चलाया गया। इसके तहत परिवार के सदस्यों ने लोगों से मिलकर उन्हें अपना और अपने परिवार के साथ आस पास के लोगों को वोट देने के लिए प्रेरित किया।वहीं संस्था के केंद्रीय अध्यक्ष विक्रम महतो ने जिले वासियों को जागरूक करते हुये कहां कि मताधिकार अपनी ताकत है, और बड़ी ताकात के साथ बड़ी जिम्मेदारी भी आती है, इसलिए 13 नवंबर को होने वाले लोकतंत्र के महापर्व पर अपने मत का प्रयोग कर मतदान करें और मतदान करने के लिए अपने परिवार व नाते-रिश्तेदारों को भी जागरूक करे। मतदान करना सभी की पहली जिम्मेदारी है। वही संगठन सचिव सुमेश कुमार महतो ने कहा कि 13 नवंबर को होने वाले मतदान में सभी लोगों से अपील करते हुये कहा है कि मतदाता अपने मतदान में अपने मत का अवश्य प्रयोग करें, और लोकतंत्र को मजबूती प्रदान करे।

## आजसू नेता सह मगनपुर पूर्व पंसस रोहित करमाली सैकड़ों समर्थकों के साथ कांग्रेस में हुए शामिल



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**गोला (रामगढ़) :** सोमवार को मगनपुर पुर्व पंचायत समिति सदस्य रोहित करमाली के नेतृत्व में सैकड़ों आजसू कार्यकर्ता महिला/पुरुष कांग्रेस पार्टी का दामन थामा एवं आगामी विधानसभा चुनाव में ममता देवी को जीताने का संकल्प लिया गया। इस मौके पर पूर्व विधायक प्रत्याशी बजरंग महतो ने सभी नवागंतुक सदस्यों को कॉंग्रेस पार्टी का पट्टा एवं माला पहनाकर उन्हें कॉंग्रेस पार्टी में सदस्यता ग्रहण करवाया एवं कांग्रेस पार्टी में उनका स्वागत एवं अभिनंदन किया। इस सदस्यता ग्रहण कार्यक्रम में अशोक करमाली, सीमा देवी, किरण देवी, जयंती देवी, कुंती देवी, सोनी देवी, सीमा देवी, मालती देवी, सरिता देवी, रीता देवी, रूबी देवी, सोनिया देवी, रमेश मुंडा, धनंजय करमाली, अरमान अंसारी, अमीरुद्दीन, अकबर बादशाह, मजहर अंसारी, रामलाल महतो, शमसुद्दीन, शिवचरण महतो, शेखर करमाली, मनोज करमाली, पिंटू करमाली, शिव करमाली, अक्षय करमाली, धर्मदेव करमाली, नीतू करमाली, सीता कुमार करमाली, राजदेव करमाली, बृजेश करमाली, जागेश्वर करमाली सैकड़ों महिला एवं पुरुष शामिल हुए।

## डीएवी स्कूल के विद्यार्थियों ने छठ पूजा गीत पर दी शानदार प्रस्तुति

- यह पर्व हमें नदियों और जलाशयों की स्वच्छता का पालन करने की प्रेरणा देता है : पूनम दूबे



- पारम्परिक परिधान में छात्राओं ने अर्घ्य भी दिया

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**ओरमांझी :** प्रखण्ड क्षेत्र स्थित डीएवी स्कूल मुन्ना पतरा चकला ओरमांझी में लोक आस्था का महापर्व छठ पूजा को लेकर स्कूली बच्चों ने अपनी प्रतिभा दिखाई। पूरी तन्मयता से छठ महापर्व का मंचन किया। बच्चों ने अर्घ्य देने से लेकर पारण तक पूरी प्रक्रिया बेहतरीन ढंग से की। कार्यक्रम के दौरान शिक्षिकाओं ने छठ गीत गाए और छोटे बच्चों ने पारंपरिक परिधान में सूर्यदेव को अर्घ्य देकर महापर्व को संपन्न किया। बच्चों के द्वारा इस प्रस्तुति से हर कोई मंत्रमुग्ध हो गया। आस्था से भरे इस छठ गीत को बच्चों के मुंह से सुनकर सभी तारीफ कर रहे थे। गीत प्रस्तुत करने वाले सभी बच्चे क्लास 1 से लेकर 8 वीं कक्षा तक के हैं। विद्यालय के प्रांगण में छात्रों ने छठ पूजा की झांकी प्रस्तुत की। कार्यक्रम का नेतृत्व प्राचार्या पूनम दूबे ने किया। मौके पर प्राचार्या पूनम दूबे ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि यह पर्व बिहार की सांस्कृतिक धरोहर है। हमें जल की पवित्रता और स्वच्छता बनाए रखने का संदेश देता है। छठ पूजा में जल का विशेष महत्व है और यह पर्व हमें नदियों और जलाशयों की स्वच्छता का पालन करने की प्रेरणा देता है। स्वच्छता से ही बेहतर स्वास्थ्य सुनिश्चित होता है और यह बच्चों के लिए एक महत्वपूर्ण सीख है। उन्होंने कहा कि यह केवल एक त्यौहार नहीं बल्कि भारतीय संस्कृति की भावनाएं हैं। कार्यक्रम को सफल बनाने में शिक्षक शिक्षिकाएं एवं बच्चे बच्चियों ने सराहनीय भूमिका निभाई।

## मुझे साजिश कर जेल भेजनेवालों को जनता देगी जवाब व मेरे साथ न्याय करेगी : ममता देवी

- जन आकांक्षाओं के अनुरूप सरकार योजनाओं को लायी जिससे झारखंड की जनता काफी उत्साहित



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**गोला (रामगढ़) :** सोमवार को रामगढ़ विधानसभा क्षेत्र की महागठबंधन की साझा प्रत्याशी ममता देवी ने गोला प्रखंड क्षेत्र के कोराम्बे पंचायत के विजयडीह, गुंदलीखरई, सड़सियारी, धोरधोरा, कोराम्बे महावीर चौक, कोराम्बे बाजार, कोराम्बे, घाघरा, केन्दूवाडीह, जोगीदास, कतराटोला, कोराम्बे बीच टोला, साड़म पंचायत के जयंतीबेडा व नावाडीह पंचायत के उडूसाडम, चोकड़बेड़ा, सिमरटोला, छापरगढ़ा, रमहारू का दौरा कर चुनावी जनसंपर्क अभियान की और अपने पक्ष में लोगों से मतदान करने की अपील की। इस दौरान महागठबंधन की प्रत्याशी ममता देवी ने झारखंड सरकार द्वारा चलाए जा रहे हैं जनकल्याणकारी एक एक योजनाओं जैसे मईया सम्मान योजना, मुख्यमंत्री सृजन योजना, मुख्यमंत्री किशोरी समृद्धि योजना, फूलों झानो योजना, बिजली बिल माफी योजना , अबुआ आवास योजना को गिनाई और लोगों से हेमंत सोरेन सरकार के पक्ष में समर्थन देने की बात कही और रामगढ़ विधानसभा से महागठबंधन की प्रत्याशी के पक्ष में मतदान करने की अपील की। साथ ही उन्होंने कहा कि महागठबंधन सरकार के विभिन्न योजनाओं से लोग काफी उत्साहित हैं और सरकार को समर्थन के लिए तैयार है। ममता देवी ने कहा कि मुझे साजिश के तहत जेल भेजा गया तथा मेरी सदस्यता को रद्द करने का कुत्सित प्रयास किया गया जिसका इस चुनाव में रामगढ़ की जनता करारा जबाब देगी। मौके पर युवा कांग्रेस अध्यक्ष अजित करमाली, प्रेमसागर प्रसाद, मनोज कोटवार, सागर कुमार गोस्वामी, चमन बेसरा, मशरूल रजा, महेश मांझी, तारकेश्वर मांझी, बिरेन हांसदा, भोला बेदिया, दसय बेदिया, जगदीश बेदिया, तुलूस बेदिया, सुभाष प्रजापति, अर्जुन सिंह मुंडा, रंजित करमाली, अजय चौधरी, कजरा करमाली, तूमन अंसारी, दशरथ महतो, गुप्तेश्वर महतो, गौरी शंकर महतो, महेश मांझी, मनोज मांझी, अकला मांझी, भीम मांझी, पांडु मांझी, कुलेश्वर बेदिया, नागेश्वर बेदिया, सहित अन्य उपस्थित थे।

# चुनाव और छठ महापर्व को लेकर भुरकुंडा ओपी में प्रेस मीट का हुआ आयोजन



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**भुरकुंडा :** पतरातू अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी पवन कुमार की अध्यक्षता में सोमवार को भुरकुंडा ओपी में प्रेस मीट का आयोजन किया गया। जिसमें पतरातू सर्किल इंस्पेक्टर योगेंद्र सिंह, भुरकुंडा ओपी प्रभारी निर्भय कुमार गुप्ता और भदानीनगर ओपी प्रभारी संजय कुमार रजक, पुअनि कुणाल कुमार सहित क्षेत्र के मीडियाकर्मी शामिल रहे। बैठक के दौरान विधानसभा सभा चुनाव शांतिपूर्ण और भयमुक्त वातावरण में संपन्न कराने को लेकर चर्चा की गई। क्षेत्र के संवेदनशील और अति संवेदनशील बूथों के बावत जानकारी ली गई। पुलिस अधिकारियों ने चुनाव में शत प्रतिशत मतदान सुनिश्चित कराने और वि असामाजिक तत्वों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने की बात कही गई। शांतिपूर्ण चुनाव संपन्न कराने में आपसी सामंजस्य और सहयोगपूर्ण तरीके से काम करने को विचार विमर्श किया गया।इसके साथ ही आगामी छठ महापर्व को लेकर शांति व्यवस्था और छठ व्रतियों की सुविधाओं के मद्देनजर विचार विमर्श किया गया। छठ पर्व पर भुरकुंडा बाजार में जाम की समस्या को देखते हुए सड़क पर जहां तहां वाहन खड़ा करनेवालों और दुकान से बाहर फुटपाथ पर सामान रखनेवालों पर कठोर कार्रवाई का निर्णय लिया गया। अवसर पर एसडीपीओ पतरातू पवन कुमार ने कहा कि पुलिस आम लोगों के सहयोग के लिए तत्पर है। असामाजिक तत्वों पर पैनी नजर रहेगी। लोग निर्भीक होकर मतदान करें।

## भुरकुंडा सहित आसपास छठ महापर्व की तैयारी जोरों पर



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**भुरकुंडा :** आस्था का चार दिवसीय महापर्व छठ कल मंगलवार को नहाय खाय के साथ आरंभ होगा। भुरकुंडा सहित आसपास के इलाके में छठ महापर्व को लेकर तैयारी जोरों पर है। नदी और तालाब के तट पर लोग साफ-सफाई कर घाट बनाने में जुट गए हैं। वहीं विभिन्न छठ पूजा समितियों द्वारा जगह-जगह विद्युत सज्जा और तोरण द्वार निर्माण शुरू करा दिया गया है। क्षेत्र में बजते छठ पूजा के गीत वातावरण को भक्तिमय बना रहे हैं। छठ को लेकर भुरकुंडा बाजार में रविवार को दउरा, सूप और फल की खूब खरीदारी हुई है। सोमवार को भी बाजार में ग्राहकों की भीड़ देखी जा सकती है। भुरकुंडा बाजार में बांस से निर्मित की सूप 100 से 125 रुपये प्रति पीस बिक रहा है। वहीं सामान्य दउरा 150 से 300 रुपये और दोहरी बुनाईवाला दउरा 250 से 550 रुपये प्रति पीस बिक रहा है। जबकि पीतल के सूप की कीमत 550 से लेकर 1200 रुपए प्रति किलो तक बताई जाती है। बाजार में फलों के फुटकर भाव की बात करें तो नारियल 40 रुपए प्रति पीस, केला 50 से 60 रुपये दर्जन, ईख 40 से 50 रुपए जोड़ा, सेब 120 से 150 रुपए प्रति किलो, संतरा 100 से 120 रुपए प्रति किलो, अनार 160 से 200 रुपए प्रति किलो, कागजी नींबू 30 से 40 रुपए प्रति पीस, पानी फल सिंघाड़ा 50 रुपए प्रति किलो, शरीफा 80 से 100 रुपए प्रति किलो, अनानास 40 से 50 रुपए प्रति पीस, नाशपाती 120 रुपए प्रति किलो, मौसमी 70 से 80 रुपए प्रति किलो, अमरख 20 रुपए जोड़ा, सुथनी 80 से 100 रुपए किलो, बेर 80 रुपए प्रति किलो, कच्ची हल्दी 100 रुपए प्रति किलो, कच्चा अदरक 100 रुपए प्रति किलो बिक रहा है।

## खिजरी में अमन, शांति और विकास के लिए जनता भाजपा को वोट करेगी : संतोष गुप्ता



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**ओरमांझी :** ओबीसी मोर्चा के कोषाध्यक्ष सह ओरमांझी पंचायत के उप मुखिया संतोष गुप्ता ने कहा कि खिजरी विधानसभा क्षेत्र से एनडीए प्रत्याशी रामकुमार पाहन को खिजरी विधानसभा से जीताना हैं। क्योंकि झारखंड की जनता हेमंत सोरेन सरकार में भ्रष्टाचार से त्रस्त है। खिजरी विधानसभा क्षेत्र की जनता इस बार विकल्प तलाश रही है और वह विकल्प बीजेपी है। उन्होंने कहा कि पिछले पांच सालों में खिजरी में कोई भी विकास योजना नहीं पहुंची। क्षेत्र की जनता विकास की राह देख रही है। इस बार क्षेत्र की जनता का अपार समर्थन मिल रहा है। उन्होंने कहा कि भाजपा जो कहती है वह करती है, विश्वास का नाम नरेंद्र भाई मोदी हैं। खिजरी विधानसभा क्षेत्र में युवाओं के बीच डर का माहौल है। यहां की माता और बहन भी डरी डरी सी रहती है, न जाने किसके साथ कब कोई घटना घट जाए। राज्य सरकार महिला सुरक्षा पर विफल साबित हुई है। उन्होंने कहा कि भाजपा की सरकार बनने पर गलत करने वालों को सबक सिखाया जायेगा। क्षेत्र की सबसे बड़ा ज्वलंत मुद्दा जमीन संबंधित है।

## एक झलक

### कांके में इस बार लाल परचम लहरायेगा : पीके पांडेय



**रांची** : भाकपा के प्रत्याशी संतोष कुमार रजक के समर्थन में सोमवार को रांची जिला सचिव अजय सिंह एवं राष्ट्रीय परिषद सह भाकपा के स्टार प्रचारक पी के पाण्डेय ने कांके के सुदूर गांवों का सघन दौरा किया। अपने प्रत्याशी को वोट देकर जिताने की अपील की। पीके पांडेय ने कहा कि कांके में इस बार लाल परचम लहराएगा। गांव गांव में सीपीआई के प्रत्याशी को अपूर्व समर्थन मिल रहा है। कांके विधानसभा क्षेत्र में अगर जल, जंगल, जमीन और किसानों को उचित सम्मान मिले इसके लिए भाकपा लगातार आपके बीच काम कर रही है। कांके विधानसभा को देश के चुनिंदा स्थानों में शामिल हो। इसके लिए भाकपा को मौका दे। इस दौरान कोनकी, इच्छापीढ़ी, नावाडीह, ऊपर कोनकी, सुकुरहुटू, मनहा सहित कई गांवों का दौरा किया।

### प्रधानमंत्री ने झूठ बोलने के सारे रिकॉर्ड तोड़े : कैलाश यादव



**रांची** : सोमवार को राजद चुनाव अभियान समिति के सदस्यों की महत्वपूर्ण बैठक राजद कार्यालय में संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता राजद चुनाव अभियान समिति प्रभारी कैलाश यादव ने किया। बैठक के दौरान राज्य में चल रहे विधानसभा आम-चुनाव 2024 के संदर्भ में चर्चा कर विचार विमर्श किया गया और सदस्यों की मौजूदगी में कई प्रस्तावों पर महत्वपूर्ण निर्णय लिया गया।

1. रांची जिला अंतर्गत इंडिया गठबंधन के सभी विधानसभा प्रत्याशी के साथ राजद सहयोग हेतु अच्छा तालमेल बनाने एवं प्रत्याशियों के साथ राजद नेता और कार्यकर्ता तालमेल के साथ डोर टू डोर प्रचार करेंगे
2. राज्य में 7 जगह चुनाव लड़ रहे राजद प्रत्याशी के पक्ष में रांची राजद के लोग जाकर मदद कर लोगो से अपील करें
3. राज्य के अन्य जगहों से रांची में रहने वाले राजद परिवार के लोग वोटिंग के दिन अपने विधानसभा क्षेत्रों में जाकर जरूर वोट करें

बैठक के दौरान प्रेस को संबोधित करते हुए राजद चुनाव अभियान समिति प्रभारी कैलाश यादव ने कहा कि देशभर में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की साख तेजी से गिर रही है।

### टाटा टी अग्नि लीफ ने छठ पूजा समारोह को दिया अनूठा रंग

**रांची** : बिहार और झारखंड का प्रमुख चाय ब्रांड, टाटा टी अग्नि अपने नवीनतम ब्रांड अभियान के जरिये इस साल बिहार के सांस्कृतिक इतिहास से गहराई से जुड़ी प्राचीन और जटिल कला, ₹सिक्की घास शिल्प₹ को सामने लाकर छठ पूजा मना रहा है। यह प्रचार अभियान, परंपरा तथा कला को जोड़कर क्षेत्रीय गौरव और भावना को जगाने का प्रयास कर रहा है। यह बिहार की संस्कृति के साथ गहरे जुड़ने की कोशिश है। उपभोक्ताओं को बिहार की समृद्ध सांस्कृतिक झलक देखने का अवसर प्रदान करने के अभियान के अंग के रूप में, टाटा टी अग्नि लीफ ने छठ पूजा उत्सव की शुरूआत का जश्न मनाने के लिए 4 और 5 नवंबर 2024 को पटना के सिटी सेंटर मॉल में 'सिक्की कला महोत्सव' का आयोजन किया। इस कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण था, सिक्की घास से बने एक शानदार आदमकद इंस्टॉलेशन का अनावरण, जो बिहार के पारंपरिक शिल्प रूप को समर्पित था। बिहार के कारीगरों द्वारा हाथ से तैयार इस भव्य इंस्टॉलेशन में सीमित संस्करण के छठ पूजा उत्सव पैक शामिल थे। चार-पैक श्रृंखला में प्रतीकात्मक तत्वों के माध्यम से छठ पूजा के सार को दशार्या गया है, जिनमें से हर पैक त्योहार के चार दिन में से एकः नहाय खाय, खरना, संध्या अर्ध्य और उषा अर्ध्य का प्रतिनिधित्व करता है।

## मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने श्रम विभाग के पदाधिकारियों के साथ की बैठक

# सभी संस्थान अपने कर्मियों के मताधिकार के इस्तेमाल की दें सुविधा

- संस्थानों में कार्यरत सभी कर्मियों को मतदान दिवस को सवैतनिक अवकाश का है प्रावधान : के रवि कुमार



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची** : मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार ने सभी औद्योगिक व वाणिज्यिक प्रतिष्ठानों तथा अन्य सभी संस्थानों के नियोजकों को कहा है कि वे अपने संस्थान में कार्यरत सभी कर्मियों को मतदान के दिन 13 और 20 नवंबर को मतदान करने के लिए सवैतनिक अवकाश दें। उन कर्मियों में दैनिक मजदूर भी शामिल हैं, जो राज्य के पंजीकृत मतदाता हैं। वह सोमवार को श्रम विभाग के पदाधिकारियों के साथ निर्वाचन सदन में बैठक कर रहे थे। श्री कुमार ने कहा है कि श्रम विभाग द्वारा इस बात का वृहत प्रचार-प्रसार किया जाये। साथ ही, उन्हें मतदान हेतु जागरूक एवं प्रेरित भी करें, ताकि ऐसे मतदाताओं का उनके मतदान के अधिकार का स्वतंत्र एवं निष्पक्ष रूप से उपयोग सुनिश्चित किया जा सके। ज्ञातव्य है कि निर्वाचन लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की धारा 135-ख के प्रावधानानुसार निर्वाचन के दौरान मतदान दिवस को किसी भी कारोबार, व्यवसाय, औद्योगिक उपक्रम अथवा अन्य किसी संस्थान में नियोजित प्रत्येक व्यक्ति को मतदान के लिए सवैतनिक अवकाश प्रदान करने का प्रावधान है। इस प्रावधान के अंतर्गत दैनिक श्रमिक भी मतदान दिवस पर मजदूरी सहित अवकाश के हकदार होंगे। इस प्रावधान का उल्लंघन करने वाले नियोजकों के विरुद्ध दण्ड का भी प्रावधान है।

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने इस हेतु राज्य अंतर्गत समस्त कारोबार, व्यवसाय, औद्योगिक उपक्रम अथवा अन्य किसी संस्थान में कार्यरत कामगारों को मतदान के लिए सुविधा देने की दृष्टि से नियोजकों, प्रबंधको से आग्रह किया है कि एक भी मतदाता अपने मताधिकार से वंचित नहीं रहे, इस हेतु इस प्रावधान का समुचित पालन करना सुनिश्चित करें। इस अवसर पर श्रम आयुक्त संजीव कुमार बेसरा, अपर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी डॉ. नेहा अरोड़ा, संदीप सिंह, संयुक्त श्रम आयुक्त राजेश प्रसाद, संयुक्त मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी सुबोध कुमार, सहायक मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी देव दास दत्ता सहित मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय एवं श्रम विभाग के पदाधिकारी उपस्थित थे।

## मुख्य निर्वाचन कार्यालय के कर्मी के आकस्मिक निधन पर शोक सभा



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची** : मुख्य निर्वाचन कार्यालय में फराश के पद पर कार्यरत राम अवधेश सिंह के आकस्मिक निधन पर शोक सभा आयोजित की गयी। इस मौके पर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार, अपर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी डॉ. नेहा अरोड़ा एवं संदीप सिंह सहित कार्यालय के सभी पदाधिकारियों एवं कर्मियों द्वारा दो मिनट का मौन धारण कर दिवंगत की आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की गयी। इस अवसर पर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने सम्बन्धितों को निर्देशित किया कि त्वरित कार्रवाई करते हुए नियमानुसार स्व. रामअवधेश सिंह के परिजनों को सभी देय पावनाएं यथाशीघ्र उपलब्ध करायी जायें।

## विभिन्न क्षेत्रों में चला डोर-टू-डोर जनसम्पर्क अभियान



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची** : सोमवार को रातू रोड, रानी सती मंदिर लेन, जयप्रकाश नगर, अमरूद बागान चुटिया के विभिन्न क्षेत्रों में डोर-टू-डोर जनसम्पर्क अभियान चलाया गया रांची विधानसभा के सम्मानित मतदाता भाई एवं बहनों का पूरी विधानसभा में लोगों का समर्थन मिल रहा है सबका बस एक ही कहना इस बार होगा रांची में परिवर्तन विभिन्न जगहों में संबोधन करते हुए निर्दलीय प्रत्याशी उत्तम यादव ने कहा या चुनाव परिवर्तन का चुनाव है आज राजधानी मूलभूत सुविधा के लिए मछली की तरह तड़प रही है 29 वर्षों से एक व्यक्ति विधायक हैं एवं रनर के रूप में पिछले 10 वर्षों से महुआ मांझी जी कभी भी रांची की जन्म मुद्दों को लेकर विधायक क सिंह के खिलाफ में कहीं पर भी आवाज नहीं उठाई यह दोनों विनर एवं नरेंद्र प्रत्याशी 20-20 मैच पिछले 10 वर्षों से खेल रहे हैं और इस बार भी फिर उसी की तैयारी है इसलिए राजधानी की सम्मानित मतदाता बहनों से अनुरोध करते हैं इस बार परिवर्तन कर विधानसभा में एक युवा नौजवान को मौका दें ताकि रांची की सारी समस्याओं को समाधान कराया जा सके।

## राज्य में डीजी रैंक के चार आईपीएस अधिकारी दो महीने में होंगे रिटायर

**रांची** : झारखंड में डीजी रैंक के चार आईपीएस अधिकारी अगले दो महीने में रिटायर हो जायेंगे। इस महीने 30 नवंबर को 1989 बैच के आईपीएस अधिकारी अजय भटनागर सेवानिवृत्त हो जायेंगे। वे अभी केंद्रीय प्रतिनियुक्ति पर हैं और वर्तमान में सीबीआई में संयुक्त निदेशक के पद पर कार्यरत हैं। इसके अलावा डीजीपी अजय कुमार सिंह और एम मीणा जनवरी, 2025 में और आरके मल्लिक 31 जनवरी, 2025 को रिटायर हो जायेंगे। दूसरी ओर झारखंड कैडर के 2011 बैच के सीनियर एसपी रैंक (सीनियर सिलेक्शन ग्रेड) में प्रोन्नत छह आईपीएस अधिकारी एक जनवरी, 2025 से डीआईजी हो जायेंगे।

## उम्मीदवारों व उनके प्रतिनिधियों को लेखा जांच तथा चुनाव से सम्बन्धित विषयों पर दी गयी विस्तृत जानकारी




**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची/सिल्ली** : सिल्ली विधानसभा क्षेत्र के निवार्ची पदाधिकारी राम नारायण सिंह तथा खिजरी विधानसभा क्षेत्र के निर्वाची पदाधिकारी सुदर्शन मुर्मू द्वारा चुनाव प्रचार के दौरान हो रहे व्यय के संबंध में जानकारी देने हेतु बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें उम्मीदवारों और उनके प्रतिनिधियों को लेखा जांच तथा चुनाव से संबंधित विषयों पर विस्तृत जानकारी दी गई। साथ ही उन्हें व्यय की अधिकतम सीमा प्रति उम्मीदवार अधिकतम 40,000, 00/- के बारे में बताया गया। व्यय प्रेक्षक अजेय कुमार ओझा द्वारा सभी उम्मीदवारों को जानकारी देते हुए कहा गया कि सिर्फ.पैसे के बल पर कोई भी उम्मीदवार मतदाताओं को अपने पक्ष में न कर सके, इसीलिए निर्वाचन आयोग द्वारा पूरे प्रचार अभियान के दौरान सभी उम्मीदवारों के द्वारा किए जाने वाले व्यय की समीक्षा की जाती है। इस अवसर पर सिल्ली विधानसभा क्षेत्र के अएड आकाश कुमार, खिजरी विधानसभा क्षेत्र के अएड पंकज नारायण और व्यय प्रेक्षक के संपर्क पदाधिकारी उपेंद्र कुमार सिंह भी मौजूद थे।

## प्रधानमंत्री को दूसरे दलों पर टिप्पणी करने से पहले अपने गिरेबान में झांकना चाहिए : राजद

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची** : झारखंड प्रदेश राष्ट्रीय जनता दल के मुख्य प्रवक्ता डॉ मनोज कुमार ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के झारखण्ड में दिए गए बयान पर कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री को दूसरे दलों पर टीका टिप्पणी करने से पूर्व अपने गिरेबान में झांकना चाहिए। इसके बाद किसी दूसरे दलों पर टिप्पणी करनी चाहिए। उनकी टिप्पणी प्रधानमंत्री के रूप में कतई शोभनीय नहीं है। राजद के मुख्य प्रवक्ता ने कहा कि प्रधानमंत्री ने राष्ट्रीय जनता दल, झामुमो, कांग्रेस पर बेबुनियाद आरोप लगाया कि यह तीनों दल सामाजिक ताना-बाना तोड़ने पर आमादा हैं। शायद भाजपा के नेताओं को यह ज्ञात होगा कि भाजपा का पृष्ठभूमि ही समाज विरोधी और धर्म विरोधी रहा है। हमेशा से भाजपा समाज को तोड़ने का काम किया। धर्म के नाम पर समाज को तोड़ने का काम कर रही। समाज में नफरत पैदा करने का काम रही है। कभी जाति के नाम पर कभी धर्म के नाम पर राजनीतिक कर रही है। राजद तो हमेशा समाज को देश को और सभी वर्गों को जोड़ने और लेकर चलने का काम करती है। मनोज ने कहा कि प्रधानमंत्री ने झारखंड में तीनों दलों पर परिवारवाद का आरोप लगाया है।

## हटिया विधानसभा क्षेत्र में सबसे अधिक मतदाता



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची** : झारखंड विधानसभा चुनाव के पहले चरण का मतदान 13 नवंबर को होना है। सभी प्रत्याशियों को चुनाव चिन्ह दे दिए गए हैं। सभी का चुनाव प्रचार भी जोर-शोर से चल रहा है। हटिया विधानसभा क्षेत्र में चुनाव के लिए 27 प्रत्याशी मैदान में खड़े हैं। यहां सबसे अधिक 524460 मतदाता हैं। इसमें 261359 पुरुष और 263077 महिला मतदाता हैं। वर्ष 2019 के मुकाबले में 17.46 प्रतिशत मतदाता बढ़े हैं। इनमें 17329 वोटर पहली बार मताधिकार का प्रयोग करेंगे। हटिया में 496 पोलिंग स्टेशन हैं, जिसमें 334 शहरी और 162 ग्रामीण क्षेत्र में हैं। यहां 2019 विधानसभा चुनाव में भाजपा के नवीन जायसवाल ने जीत दर्ज की थी। उन्होंने निकटम प्रतिद्वंदी कांग्रेस प्रत्याशी अजय नाथ शाहदेव को 16264 वोटों के अंतर से हराया था। झारखंड विधानसभा चुनाव के पहले चरण में रांची विधानसभा में चुनाव होने हैं। यहां 13 नवंबर को होने वाले मतदान में 18 प्रत्याशी मैदान में खड़े हैं। रांची विधानसभा क्षेत्र में 378055 मतदाता हैं। इसमें 191524 पुरुष और 186500 महिला मतदाता हैं। वर्ष 2019 के मुकाबले में 9.02 प्रतिशत मतदाता बढ़े हैं। इनमें 10003 वोटर पहली बार मताधिकार का प्रयोग करेंगे। रांची विधानसभा में 374 पोलिंग स्टेशन है, जिसमें सभी पोलिंग स्टेशन शहरी क्षेत्र में हैं।

## सीसीएल कई कॉर्पोरेट अवाड्र्स से सम्मानित




**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची** : कोल इंडिया लिमिटेड/सेंट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड का 50वें स्थापना दिवस के अवसर पर कोल इंडिया में आयोजित समारोह में सीसीएल को हाईएस्ट डिपार्टमेंटल कैपेसिटी यूटीलाइजेशन, एम्पलॉई वेलफेयर, सीएसआर एवं क्लीनलीनेस ऑफ कॉलोनी मेंटेनेंस एवं सीएसआर एक्सपेंडिचर में द्वितीय पुरस्कार मिला। इसके अलावा व्यक्तिगत केटेगरी में विजिलेंस एक्सीलेंस अवार्ड बिमल कुमार को, इंडिविजुअल एक्सीलेंस अवार्ड एस. के. सिंह को, बेस्ट एचओडी का अवार्ड अजय सिंह को एवं बेस्ट एरिया जीएम अजय सिंह को दिया गया। इस अवसर पर केंद्रीय कोयला एवं खान मंत्री, भारत सरकार जी. किशन रेड्डी; सचिव, कोयला मंत्रालय, विक्रम देव दत्त; अतिरिक्त सचिव, कोयला मंत्रालय, रूपिंदर बरार; अतिरिक्त सचिव, कोयला मंत्रालय, श्रीमती विस्मिता तेज; कोल इंडिया के अध्यक्ष, पी.एम. प्रसाद; निदेशक (पीएंड आईआर), विनय रंजन; निदेशक (व्यवसाय विकास), देबाशीष नंदा; निदेशक (विपणन), मुकेश चौधरी, निदेशक (वित्त), मुकेश अग्रवाल; मुख्य सतर्कता अधिकारी, सीआईएल ब्रजेश कुमार त्रिपाठी तथा सीसीएल के सीएमडी एनके सिंह एवं विभिन्न कंपनियों के सीएमडी सहित कोल इंडिया तथा सीसीएल प्रबंधन के वरिष्ठ अधिकारीगण उपस्थित थे।

## राज्यपाल को जैन धर्म के प्रतिनिधिमंडल ने सौंपा सात सूत्री मांग पत्र



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची** : जैन धर्म के समता युवा संघ के अध्यक्ष राकेश कुमार जैन के अध्यक्षता में एक प्रतिनिधिमंडल ने राज्यपाल संतोष गंगवार को ज्ञापन सौंपा। साथ ही जैन धार्मिक के पूज्य आचार्य प्रवर 1008 श्री रामलाल के 50 वर्ष साधना और साधुत्व को समर्पित ₹अभिराममम₹ नामक पुस्तक और स्मृति चिन्ह भी भेंट की। यह पुस्तक संघ और राष्ट्र हित में है। इस किताब में जैन धर्म के मूल सिद्धांत और महावीर के उपदेशों का विस्तृत वर्णन है, जो समाज में अहिंसा और करुणा के मूल्य को बढ़ावा देता है।

**ये है प्रमुख मांग**

- व्यापारियों की सुरक्षाः जैन व्यापारियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए ठोस कदम उठाने की आवश्यकता है। व्यापारियों को सुरक्षा प्रदान करना, न केवल उनके व्यवसाय के लिए महत्वपूर्ण है, बल्कि यह आर्थिक विकास में भी योगदान देता है।
- महावीर शिक्षाः महावीर के उपदेशों और जैन धर्म के मूल सिद्धांतों पर शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए विशेष कार्यक्रमों का आयोजन किया जाए। यह युवा पीढ़ी को सही दिशा में मार्गदर्शन देने में सहायक होगा।
- रांची में भूमि की मांगः जैन धार्मिक गतिविधियों के लिए रांची शहर में उपयुक्त भूमि उपलब्ध कराने की आवश्यकता है। इससे जैन समुदाय के कार्यक्रम और आयोजन आसानी से हो सकेंगे, जो समुदाय की सांस्कृतिक पहचान को मजबूत करेगा।
- सोशल मीडिया में अपमानजनक सामग्री का नियंत्रणः सोशल मीडिया पर जैन धर्म के प्रति अपमानजनक और भड़काऊ वीडियो की रोकथाम के लिए सख्त कदम उठाने की अपील की गई। यह जरूरी है कि धार्मिक भावनाओं का सम्मान किया जाए और समाज में सकारात्मक संवाद को बढ़ावा दिया जाए।

### राज्यपाल से मुख्य सचिव ने की मुलाकात



**रांची** : राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार से सोमवार को राज्य की नवनियुक्त मुख्य सचिव अलका तिवारी ने राज भवन में मुलाकात की। राज भवन की ओर से बताया गया कि यह मुख्य सचिव की शिष्टाचार मुलाकात थी।

## डायन-बिसाही की घटना रोकना ही डालसा का लक्ष्य : शिवानी सिंह

- बेड़ो टोली पंचायत भवन, नामकुम में डालसा का डोर-टू-डोर जागरूकता कार्यक्रम
- एलएडीसी अधिवक्ता शिवानी सिंह ने बाल श्रम व बाल विवाह के बारे में दी जानकारी
- नीमा लकड़ा एवं प्रीति कुमारी ने फ्री-लिगल-एड के बारे में दी जानकारी




**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची** : झालसा के निर्देश पर न्यायायुक्त के मार्गदर्शन में सोमवार को नामकुम प्रखण्ड के बेड़ोटोली पंचायत भवन में डोर-टू-डोर जागरूकता कार्यक्रम किया गया। इस अवसर पर एलएडीसी अधिवक्ता शिवानी सिंह, पीएलवी निमा लकड़ा, प्रीति कुमारी, युधिष्ठिर महतो एवं राजा वर्मा एवं समेत अन्य लोग उपस्थित थे। एलएडीसी अधिवक्ता शिवानी सिंह ने कहा कि बाल श्रम, बाल विवाह तथा डायन बिसाही पर फोकस किया और कहा कि बच्चे-बच्चियों का विवाह 18 वर्ष के बाद ही करें। विवाह से पूर्व अपने बच्चों को समुचित शिक्षा दे, ताकि वे अपने पैरों पर खड़ा हो सके। बाल श्रम अपराध है। बच्चों से काम कराने या काम में लगवाने के बजाय उन्हें शिक्षित करें। डायन बिसाही पर प्रकाश डालते हुए बोली कि दिन-ब-दिन डायन-बिसाही के नाम पर आम लोगों को प्रताड़ित कर उन्हें मार दिया जाता है, जो कि अपराध है। यह एक ऐसी अंधविश्वास है, जो ग्रामीण लोगों के बीच फैला हुआ है, जागरूकता के माध्यम से इसे जड़ से हटना ही हमलोगों का उद्देश्य है। पीएलवी प्रीति कुमारी ने प्री-लिटिगेशन मुकदमा दर्ज कराने, विधवा पेंशन, वृद्धा पेंशन, असंगठित मजदूरों का निबंधन, आयुश्मान भारत योजना के गोल्डन कार्ड, बाल श्रम एवं बाल अधिकार के बारे में जानकारी दी। युधिष्ठिर महतो व नीमा लकड़ा ने मोटर वाहन दुर्घटना में मिलनेवाली मुआवजा के बारे में जानकारी दी। प्रीति कुमारी ने प्रधानमंत्री आवास योजना, विधवा पेंशन एवं वृद्धा पेंशन के बारे में प्रकाश डाला।

## आगामी विधानसभा सभा 2024 को लेकर 64-हटिया के विभिन्न मतदान बूथों का निरीक्षण

# सभी मतदाताओं को मतदाता पर्ची बांटने के साथ उन्हें मतदान करने के लिए प्रेरित करें : डीसी



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची** : उपायुक्त सह जिला निर्वाचन पदाधिकारी रांची, वरुण रंजन द्वारा सोमवार को आगामी विधानसभा सभा 2024 को लेकर 64- हटिया के विभिन्न मतदान बूथ यथा-लोयला स्कूल बूथ संख्या-446, 447, 449, लोरेटो स्कूल नार्थ ऑफिस पाड़ा बूथ संख्या-385 से 394, रा. म. विद्यालय बीएमपी -1 डोरंडा बूथ संख्या-370, 371, 372, मॉडल उच्च विद्यालय डोरंडा बूथ संख्या-373, 374 एवं शांति देवी मध्य विद्यालय डोरंडा बूथ संख्या-356 से 359, राजकीय कृत उत्क्रमित मध्य विद्यालय नया लटमा बूथ संख्या-431 से 433, आंगनबाड़ी केंद्र चोरया बूथ संख्या-430 का निरीक्षण किया। सभी मतदान केंद्रों पर सभी व्यवस्था का जायजा लेते हुए सम्बंधित पदाधिकारी को ससमय मतदान बूथों पर सभी व्यवस्था पूरा कराने का निर्देश दिया ताकि मतदाताओं को मतदान के समय किसी प्रकार की समस्या नही हो। इस दौरान 64-हटिया निवार्ची पदाधिकारी सह अपर जिला दंडाधिकारी विधि व्यवस्था रांची, राजेश्वर नाथ आलोक एवं अंचल अधिकारी अरगोड़ा, सम्बंधित बीएलओ मौजूद थे।

**सभी मतदान बूथों का भौतिक निरीक्षण**

**उपायुक्त** सह जिला निर्वाचन पदाधिकारी रांची, वरुण रंजन द्वारा 64- हटिया के विभिन्न मतदान बूथों का भौतिक निरीक्षण करते हुए मतदान में अटक्र सुविधा का अवलोकन किया। उन्होंने सम्बंधित अधिकारी को निर्देश देते हुए कहा की मतदान बूथों में भारत निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देश का पालन सुनिश्चित रूप से हो यह सभी सम्बंधित अधिकारी पहले से सुनिश्चित कर ले।

**मौके पर उपस्थित बीएलओ से मतदाता पर्ची बांटने की ली जानकारी**

**उपायुक्त** सह जिला निर्वाचन पदाधिकारी रांची, वरुण रंजन द्वारा मतदान बूथों पर उपस्थित बीएलओ से जानकारी लेते हुए पूछा की सभी मतदाताओं को उनके घर में मतदाता सूची का वितरण किया जा रहा है ना साथ ही उन्होंने निर्देश देते हुए कहा की सभी मतदाताओं को पर्ची बांटने के साथ उन्हें मतदान करने के लिए प्रेरित करने को कहा ताकि मतदान का प्रतिशत बढ़े। उन्होंने सम्बंधित बीएलओ से अरऊ मार्किंग के बारे में, वोटर टर्न आउट की जानकारी लिया।

**मतदाताओं को मतदान केन्द्र में लाने के लिए बड़े पैमाने पर जागरूकता अभियान चलाये**

**उपायुक्त** सह जिला निर्वाचन पदाधिकारी रांची, वरुण रंजन द्वारा सम्बंधित सभी अधिकारी को निर्देश देते हुए कहा की आगामी विधानसभा चुनाव 2024 में मतदान प्रतिशत बढ़ाने पर विशेष जोर दे, इसके लिए मतदाताओं को मतदान केंद्र में लाने के लिए बड़े पैमाने पर जागरूकता अभियान चलाए। उन्हें प्रोत्साहित करें उन्हें बताए उनका मतदान कितना अहम है। जागरूकता से ही मतदान को बढ़ाया जा सकता है।

## डीएवी हेहल की छात्रा प्रियंका सामंता को सीए इंटरमीडिएट और सीए फाउंडेशन परीक्षा में झारखंड में दूसरा स्थान



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची** : दि इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड एकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया (आईसीएआई), नई दिल्ली द्वारा आयोजित सितंबर 2024 की सीए इंटरमीडिएट और सीए फाउंडेशन परीक्षाओं का परिणाम घोषित हो गया है। इस परिणाम में डीएवी हेहल की भूतपूर्व छात्रा प्रियंका सामंता ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर अपना स्थान बनाया है। प्रियंका ने सीए इंटरमीडिएट के दोनों ग्रुप में शानदार प्रदर्शन किया और राँची परीक्षा केंद्र में टॉप तीन स्थानों में जगह बनाई। सीए फाउंडेशन परीक्षा में भी उन्होंने सफलता प्राप्त की। विद्यालय के प्राचार्य एस के मिश्रा ने प्रियंका को बधाई देते हुए कहा कि यह उनकी कड़ी मेहनत और ईमानदारी का परिणाम है। उन्होंने उम्मीद जताई कि प्रियंका आगे भी इसी तरह सफलता के नए आयाम स्थापित करेंगी और अन्य छात्रों के लिए प्रेरणा स्रोत बनेंगी। प्रियंका की इस उपलब्धि पर विद्यालय और समाज के लोगों में खुशी का माहौल है। यह उनकी सफलता न केवल उनके परिवार के लिए गर्व की बात है, बल्कि समाज के लिए भी प्रेरणा का स्रोत है।

## एक झलक

### चुनावी सरगर्मी के बीच, मौसम ने ली अंगड़ायी, पारा लुढ़का

**केरेडारी** : बड़कागांव केरेडारी कोयलांचल में सोमवार के अहले सुबह से ही चुनावी सरगर्मी के बीच मौसम ने अपना रुख बदला। सुबह सात बजे से ही चारों ओर घनघोर कुहासे का सफेद चादर से आसमान और जमीन ढकी हुई दिखी। सड़को पर वाहनों कि पहिए धीमी होने लगी। सभी छोटे-बड़े वाहन दिन के करीब 9:30 बजे तक हजारीबाग बड़कागांव-टंडवा राय बचरा खलारी एवं टंडवा सिमरिया मार्ग पर हेड लाइट जलाकर चलने लगे। वहीं दोपहर के बाद मौसम साफ हुई तो आवागमन सुचारू से चलने लगी। मौसम खुलने के साथ ही शाम के समय से ही सर्द हवाएं और ठंड लगने लगी है। वहीं रात्रि में तो अत्यधिक ठंड बढ़ने लगी है।

### सड़क दुर्घटना में ऋत्विक कुमार दुबे की मौत, पूरे प्रखंड में पसरा मातम

**विष्णुगढ़** : प्रेस क्लब विष्णुगढ़ के अध्यक्ष सह महंत घराने के वरिष्ठ पत्रकार राजेंद्र कुमार दुबे के इकलौते वारिस ऋत्विक दुबे उर्फ रिशु दुबे की सड़क दुर्घटना में रविवार देर शाम मौत हो गई। सूत्रों के मुताबिक हजारीबाग से अपने घर विष्णुगढ़ लौटने के क्रम विष्णुगढ़ -टाटीझरिया एनएच 522 स्थित प्रधान होटल के समीप चौराहे पर बाइक अनियंत्रित होकर एक ट्रैक्टर से टक्कर हो गई, जिससे ऋत्विक दुबे बुरी तरह से घायल हो गए। मौके पर मौजूद टाटीझरिया थाना प्रभारी सरोज चौधरी ने आनन-फानन टाटीझरिया अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहा गंभीर स्थिति को देखते हुए एंबुलेंस सेवा वाहन से तत्काल बेहतर इलाज हेतु हजारीबाग भेज दिया। हजारीबाग पहुंचने पर अपेक्स हॉस्पिटल में चिकित्सक ने जांच पड़ताल कर मृत्यु घोषित कर दिया। सोमवार की सुबह ऋत्विक दुबे की शव यात्रा में सैकड़ो लोग शामिल हुए, जहां स्थानीय जमुनिया मुक्तिधाम में उनके पिता राजेंद्र कुमार दुबे ने अंतिम दाहसंस्कार कर अपने पुत्र को मुख्याग्नि दी। मंहत घराने के राजेंद्र कुमार दुबे के इकलौते चिराग की दीपक बुझ जाने से उनके परिवार में मातम है ही साथ ही साथ पूरे प्रखंड में शोक की लहर है, इस हृदय विदारक घटना से सोमवार को विष्णुगढ़ महंत अखाड़ा चौक के सभी 52 से अधिक दुकानें बंद रही। प्रेस क्लब विष्णुगढ़ साथी गण एवं प्रखंड प्रतिनिधि शोक संवेदना प्रकट की। वही इस घटना से आहत होकर राजेश्वर महतो, ललित मिश्रा, सुरेश राम, बंटी बरनवाल, राजू श्रीवास्तव, प्रदीप कुमार महतो, सुनील अकेला, विकास पाण्डेय, शंकर सोनी आदि ने शोक व्यक्ति की।

### रोटी, बेटी, माटी की पुकार झारखंड में आ रही भाजपा सरकार

**हजारीबाग** : आशीर्वाद यात्रा में सोमवार को हजारीबाग सदर विधान विधानसभा क्षेत्र के सदर पूर्वी में सांसद मनीष जायसवाल व भाजपा प्रत्याशी प्रदीप प्रसाद नें सदर पूर्वी मंडल के सिंघानी, अमृतनगर, रोला, केसुरा, सिलवार, अम्बाडीह, मेरू, तरवा, हुटपा, बनाहप्पा, डूमर, सरौनी, चुटियारों, गौतम बिहार कॉलोनी, नूतन नगर सहित दर्जनों गाँवों में जनसंपर्क कर आशीर्वाद मांगा। सांसद मनीष जायसवाल ने कहा कि जनता का संदेश साफ है हजारीबाग में कमल खिलने जा रहा है। श्री जायसवाल ने कहा कि भाजपा प्रत्याशी प्रदीप प्रसाद को अपना आशीर्वाद दे और हजारीबाग में कमल खिलाए। उन्होनें आशीर्वाद यात्रा में उपस्थित लोगों से अपील किया कि 13 नवबंर कों एश्ट नंबर 2 पर बटन दबाकर भाजपा के विधायक प्रत्याशी प्रदीप प्रसाद जी कों अपना आशीर्वाद दे और हजारीबाग में कमल खिलाएं। प्रदीप प्रसाद ने कहा कि हर दिल में आशा घर - घर में विश्वास है, भाजपा के साथ बनाएंगे एक नया इतिहास। उन्होंने कहा कि पग - पग पर मिल रहा है प्यार, हजारीबाग विधानसभा है मेरा परिवार है। जनसंपर्क यात्रा मे पूर्वी मंडल अध्यक्ष कृष्णा मेहता, कौलेश्वर रजक, कमल गोप, अंगेश्वर कुशवाहा, अनूप ढाकुर, रामअवतार शर्मा, बिरजू रवि, राहूल कुमार, अमृत पासवान, राजू प्रसाद सहित सैकड़ों की संख्या में लोग उपस्थित थे।

# इंडिया महागठबंधन प्रत्याशी मुन्ना सिंह ने चलाया जनसम्पर्क अभियान



फ्रीडम फाइटर संवाददाता

**हजारीबाग** : सोमवार को हजारीबाग के कटकमसांडी प्रखंड में वरिष्ठ कांग्रेस नेता एवं हजारीबाग से इंडिया महागठबंधन प्रत्याशी मुन्ना सिंह ने जनसंपर्क अभियान चलाया। इस अभियान के अंतर्गत मुन्ना सिंह के साथ उनके कार्यकर्ता एवं उनके सैकड़ों समर्थकों ने होरिया, रेबर, बलिया बजरंगबली मंदिर, कुरहागढ़ा बाजार चौक, नवाखाप, भेलवारी, फुटानी चौक, बारीकोलाझोंझी चौक, डोढ़वा, महुगाई, आराभुसाई, लावाकुदर, बचरा, अमझर, धौठवा बाजार, कोनहर, मनार, माड़ीगढ़ा, डिबलबांध, गुरी, झारदाग, डोहुरि, कठौतिया स्कूल मैदान, डाटों खुर्द बाजार, जतरा मेला, नदी पार इलाकों का भ्रमण कर जनता का आशीर्वाद प्राप्त किया। झारखंड सरकार के द्वारा योजनाओं के द्वारा जनता के हित में किए गए कार्यों से जनता के बीच बहुत ही उत्साह देखा जा रहा है और जनता कांग्रेस प्रत्याशी मुन्ना सिंह को अपना आशीर्वाद दे रही है। पद यात्रा में जनता का कहना है के हजारीबाग के विकाश के लिए मुन्ना सिंह को हजारीबाग से विधायक बना कर भेजना जरूरी है। इस जनसंपर्क अभियान के दौरान कांग्रेस पार्टी के कटकमसांडी प्रखंड अध्यक्ष नरसिंह प्रजापति, बीस सूत्रीय अध्यक्ष सरयू यादव, जिला महासचिव रंजीत यादव, जिला महासचिव बाबर, वरिष्ठ कांग्रेस नेता राजू सिंह, जिला महासचिव मनोज मोदी, प्रखंड सचिव रियाजउद्दीन अंसारी, झामुमो प्रखंड अध्यक्ष राजा, पूर्व मुखिया आराभुसाई रहमत जी, दौत्व मुखिया जयप्रकाश केसरी, पूर्व मुखिया शेर मोहम्मद, शाहपुर पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि शंभू यादव, डांटो खुर्द की मुखिया कुमारी बाफला, जिला महासचिव रब्बानी एवं अन्य वरिष्ठ नेता गण मौजूद रहे।

## हर्ष अजमेरा जनहित को सर्वोपरि मानते हैं और उनकी प्राथमिकता हमेशा समाज के विकास में है : प्रीति जैन



**हजारीबाग** : सदर विधानसभा से निर्दलीय प्रत्याशी हर्ष अजमेरा की धर्मपत्नी प्रीति जैन ने अपने पति के समर्थन में लगातार दूसरे दिन जनसंपर्क अभियान चलाया। जनसंपर्क के दौरान उन्होंने विभिन्न क्षेत्रों में लोगों से मिलकर उनकी समस्याओं को समझा और उनसे अपने पति के पक्ष में समर्थन की अपील की। इस जनसंपर्क में प्रीति जैन के साथ महिला समाज की कई महिलाएं शामिल हुईं और एकजुट होकर हर्ष अजमेरा की जीत के लिए लोगों से आशीर्वाद प्राप्त किया। प्रीति जैन ने शहर के कई क्षेत्रों जैसे कुम्हार टोली, बोरा गोदाम, न्यू कॉलोनी, दुर्गा कॉलोनी, पीपल चौक, और दस धरावा का दौरा किया। इन सभी इलाकों में पहुंचकर उन्होंने स्थानीय निवासियों से मुलाकात की और उनके साथ सीधा संवाद स्थापित किया। जनसंपर्क के दौरान उन्होंने नागरिकों से हर्ष अजमेरा के विचारों और उनके द्वारा किए गए सामाजिक कार्यों की जानकारी साझा की। इस दौरान प्रीति जैन ने विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की, जिनमें युवाओं को रोजगार,स्वास्थ्य, जैसे विभिन्न समस्या को विषय प्रमुख रूप से रखा। उन्होंने आश्वासन दिया कि हर्ष अजमेरा इन समस्याओं को प्राथमिकता से हल करने के लिए कृतसंकल्प हैं। उनके अनुसार, हर्ष अजमेरा का चुनाव में खड़ा होना सिर्फ एक चुनावी अभियान नहीं, बल्कि जनता के प्रति उनकी सेवा भावना का प्रतीक है। इस जनसंपर्क अभियान में महिलाओं की विशेष उपस्थिति और सक्रिय भूमिका देखी गई। प्रीति जैन के साथ महिला समाज की कई महिलाओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और लोगों से मिलकर हर्ष अजमेरा के प्रति समर्थन जुटाने का प्रयास किया। महिलाओं ने बताया कि हर्ष अजमेरा हमेशा से ही महिलाओं के अधिकारों और उनके सशक्तिकरण के लिए समर्पित रहे हैं।

## बटेश्वर मेहता ने एक दर्जन से अधिक गांव पहुंच मांगा समर्थन



फ्रीडम फाइटर संवाददाता

**इचाक** : बरकट्ठा विधानसभा के निर्दलीय प्रत्याशी बटेश्वर प्रसाद मेहता ने सैकड़ों समर्थकों संग तूफानी दौरा किया। इस दौरान एक दर्जन से अधिक गांवों में जाकर टेंपो छाप पर वोट मांगा। भुसाई, साडम, चंदवारा, धरमू, इचाक बाजार, इचाक मोड़, गूंजा, कुटुंसुकरी, पेठिया बागी आदि गांव जाकर समर्थन मांगा। बटेश्वर मेहता ने कहा कि इस बार परिवर्तन की लहर है। हर तरफ टेंपो की हवा बह रही है। पूरे बरकट्ठा विधानसभा की जनता चाचा भतीजा के तिलिस्म को तोड़ने में लग गए है। मुझे हर ओर से जनता का आशीर्वाद और समर्थन मिल रहा है। मुझे जनता ने अगर मौका दिया तो विधायक और बेटा नहीं बल्कि भाई और बेटा बन कर सेवा करूंगा। मैं यहां 40 साल से जनता की सेवा में लगा हूं इस बार जनता वोट देकर मुझे आशीर्वाद देगी। मौके पर जीप चेयरमैन उमेश मेहता, प्रदीप मेहता, भागवत मेहता, मुखिया उमेश मेहता, ओमप्रकाश मेहता, अनिल मेहता, पूर्व मुखिया संतोष मेहता, विनय मेहता, बिनोद रवानी, ललन सिंह, चंदन मेहता, घनश्याम पासवान, कृष्णा सिंह, रामप्रसाद मेहता समेत बड़ी संख्या में समर्थक शामिल थे। इस दौरान कई गांव के ग्रामीणों ने समर्थन का भरोसा दिया।

## इंडिया महागठबंधन कार्यकर्ताओं ने बैठक की



फ्रीडम फाइटर संवाददाता

**विष्णुगढ़** : झारखंड मुक्ति मोर्चा प्रखंड कार्यालय विष्णुगढ़ में इंडिया महागठबंधन कार्यकताओं ने सोमवार को एक महत्वपूर्ण बैठक की। जिसकी अध्यक्षता झामुमो विष्णुगढ़ प्रखंड अध्यक्ष कपिल देव चौधरी एवं संचालन कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष अब्बास अंसारी के द्वारा किया गया। इस बैठक में इंडिया गठबंधन मांडू विधानसभा प्रत्याशी जयप्रकाश भाई पटेल को विजयी बनाने के लिए महत्वपूर्ण राजनैतिक रणनीतियों पर चर्चा की गई। हम सभी इंडिया गठबंधन के कार्यकर्ता एकजुटता और सहयोग से हम सभी अपने लक्ष्य को हासिल करेंगे और मांडू विधानसभा में पुनः विकास की नई उड़ान भरेंगे। झामुमो के केंद्रीय अध्यक्ष दिशोम गुरु आदरणीय शिबू सोरेन, मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन,कल्पना सोरेन के दुरगामी सोच, दृढ़ इच्छा एवं समर्पण को आगे बढ़ाने एवं जन जन तक पहुंचाने के लिए झामुमो पार्टी के प्रखंड प्रभारी, पंचायत प्रभारी, पंचायत सह प्रभारी ने कमर कस लिया है।

### ओबीसी नेताओं ने कैप्टन अजय सिंह यादव का किया गर्म जोशी से स्वागत



**बरही** : ओबीसी राष्ट्रीय अध्यक्ष कैप्टन अजय सिंह यादव का बरही में आगमन हुवा इसी को लेकर ओबीसी जिला कांग्रेस महासचिव सुनील साहू की अगुवाई में ढोल बाजे के साथ जोरदार स्वागत किया गया। इस दौरान कैप्टन अजय सिंह यादव के साथ सदर के पूर्व विधायक सौरभ नारायण सिंह झारखंड ओबीसी प्रदेश प्रभारी डॉक्टर रूपम कुमारी ओबीसी प्रदेश को ऑर्डिनेटर सुरजीत नागवाल, प्रदेश सचिव रेनू कुमारी, प्रभारी राज किशोर बारीक, डॉ. प्रकाश कुमार, ओबीसी जिला अध्यक्ष दीपक गुप्ता को भी बुके देकर स्वागत किया। इस दौरान ओबीसी कांग्रेस राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा कि अपने अपने संगठन के माध्यम से झारखंड में इंडिया गठबंधन जीत के लिए वर्क करे और बरही कांग्रेस प्रत्याशी को बड़ी मतों से विजय बनायें इसके साथ ही संगठन को विस्तार कर मजबूत बनायें। इस दौरान सोशल मीडिया के उदय केशरी, यूथ कांग्रेस कोडिंटर आकाश भुइंया, अशोक सिंह, तोखन रविदास, तपेश्वर साव, सुधीर रजक, प्रकाश रविदास, दिनेश साव सहित दर्जनों कांग्रेसी उपस्थित थे।

## एआईएमआईएम का केरेडारी चौक में कार्यालय का उद्घाटन



फ्रीडम फाइटर संवाददाता

**केरेडारी** : ऑल इंडिया मजलिस इतेहादुल के पार्टी कार्यालय का उद्घाटन 4 नवंबर को केरेडारी मुख्य चौक में किया गया। इस अवसर पर बड़कागांव विधान सभा क्षेत्र से पार्टी प्रत्यासी शमीम मियां ने कहा कि केरेडारी प्रखंड समेत बड़कागांव विधान सभा क्षेत्र विस्थापन समस्या से जूझ रहा है। साथ हीं झारखंड में कई ऐसे समस्याएं हैं जिनका निदान आज तक नहीं हो पाया है। मैं मजलिस के सच्चे सिपाही के रूप में बड़कागांव विधान सभा क्षेत्र की जनता के सेवा में रहूंगा और बैरिस्टर असुद्दीन ओवैसी साहब केंद्र में जनता की आवाज बुलंद करेंगे। साथ हीं आगामी 7 नवम्बर को बड़कागांव में एआईएमआईएम चीफ बैरिस्टर असुद्दीन ओवैसी के कार्यक्रम में शामिल होने की बात कही। आगे कहा कि इस बार बड़कागांव में बदलाव साफ झलक रहा है। मौके पर जिला अध्यक्ष सूरज दास, प्रखण्ड अध्यक्ष सामसेर आलम, सुभान मियां एवं सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद थे।

## राष्ट्रपति से प्रशंसित सोहराई कलाकार मानिकचंद हुए सम्मानित



फ्रीडम फाइटर संवाददाता

**बरही** : संग्रहालय, आर्ट गैलरी और जन जागरण केंद्र ने एक सम्मान समारोह आयोजित कर राष्ट्रपति से प्रशंसित सोहराई कलाकार मानिकचंद को सम्मानित किया। आयोजन तीन दिवसीय दौरे के समापन के अवसर पर किया गया। सम्मान समारोह में पद्म श्री बुलू इमाम, जन जागरण केंद्र के सचिव संजय सिंह, गुस्ताव इमाम, अलका इमाम व ए. इमाम उपस्थित थे। मौके पर फ्रांसीसी 12 मेहमानों का जोरदार स्वागत भी किया गया। कार्यक्रम में फ्रांस, नई दिल्ली और रांची के टूर ऑपरेटरों के साथ-साथ सोहराई कला महिला सहयोग समिति की महिला कलाकार भी उपस्थित थी। जन जागरण केंद्र के सचिव संजय सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि सोहराई कलाकार माणिकचंद को हाल ही में राष्ट्रपति ने सम्मानित किए थे। माणिकचंद को सोहराई कला में उनके असाधारण योगदान के लिए सम्मानित किया गया हैं। माणिकचंद अपनी माता सजवा देवी व पिता मुंशी महतो को इसके लिए प्रेरणा मानते है। फ्रांसीसी टीम ने उड़िया, भेलवाड़ा, लुकियाया, केंदवा टोली, जोराकाठ और इस्को रॉकआर्ट जैसे विभिन्न गांवों का दौरा किया और कला के रूप और भारतीय संस्कृति में इसके महत्व के लिए अपनी सराहना व्यक्त की। सूबे के हजारीबाग में जन्मी सोहराई कला को अंतरराष्ट्रीय पहचान मिली है, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन को सोहराई पेंटिंग उपहार के रूप में भेट कर इस कला को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाई। सोहराई फसल उत्सव के दौरान बनाई गई यह पारंपरिक कला मानव और प्रकृति के बीच सामंजस्य का प्रतीक है। इस कार्यक्रम में भारत की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को संरक्षित करने और बढ़ावा देने और देश के कलात्मक परिदृश्य में सोहराई कला के महत्व पर प्रकाश डाला गया। सम्मान समारोह मानिकचंद की असाधारण प्रतिभा और आदिवासी कला की दुनिया में उनके योगदान की सराहना व मान्यता का एक प्रमाण है।

## बालेश्वर कुमार को मिल रहा है हर वर्ग का जन समर्थन : मो. कासिम



फ्रीडम फाइटर संवाददाता

**केरेडारी** : बड़कागांव विधानसभा क्षेत्र से झारखंड लोकतांत्रिक क्रांति कारी मोर्चा के प्रत्यासी बालेश्वर कुमार के पक्ष में उनके सहयोगियों और समर्थकों ने क्षेत्र के हेवई कोदवे मुंगबा टांड़ लोचर बेंगवरी समेत अन्य क्षेत्रों में जन संपर्क कर जन समर्थन मांगा। इस दौरान सीताराम कुशवाहा मोहम्मद कासिम अजीज मियां समेत अन्य ने लोगो से बड़कागांव समेत पूरे झारखंड में परिवर्तन होने की बात कही। साथ हीं कहा कि झारखंड लोकतांत्रिक मोर्चा के प्रत्याशी बालेश्वर कुमार को भरपूर जन समर्थन मिल रहा है। वहीं, संजू देवी भारती देवी किरण देवि ने कहा कि झारखंड में परिवर्तन कर टाइगर जयराम महतो को मुख्यमंत्री बनाने के लिए बड़कागांव विधान सभा क्षेत्र की जनता पार्टी प्रत्याशी बालेश्वर कुमार को अपना मत देकर विजय बनाने के लिए तैयार है। जनसंपर्क के दौरान प्रत्याशी बालेश्वर कुमार के भाई सीताराम कुशवाहा, जगदीश महतो धनेश्वर महतो राजेश महतो प्रयाग राणा नेपाली राणा असगर अली गौतम सिंह महवीर महतो संजू देवी भारती देवी दीपक कुमार महतो दालेश्वर महतो, सहित दर्जनों समर्थक शामिल थें।

## योगेंद्र साव ने केरेडारी में जनसभा को किया संबोधित



फ्रीडम फाइटर संवाददाता

**केरेडारी** : पूर्व कृषि मंत्री योगेन्द्र साव ने केरेडारी प्रखंड क्षेत्र में कई जनसभा को किया संबोधित क्षेत्र के पतरा खूर्द बेलतु पांडू समेत अन्य क्षेत्रों में जनता के बिच पहुंचकर जन समर्थन मांगा। अपने सम्बोधन में पूर्व मंत्री ने कहा कि हमारा पूरा परिवार बड़कागांव विधानसभा क्षेत्र की जनता के लिए पुरी तरह समर्पित है। बड़कागांव विधान सभा के जनता के हक अधिकार के लिए मै और मेरी पत्नि कई वर्षो तक जेल में सजा काटे साथ हीं राज्य बदर कर तड़ीपार कर दिया गया। बड़कागांव विधान सभा की जनता को लूटने के लिए बोरो प्लेयर गिरगिट से भी ज्यादा रंग बदल रहा हैं। विरोधियों को बड़कागांव को लूटने से बचाने के लिए अंबा प्रसाद पुरी तरह कमर कस चुकी है। क्षेत्र के जनता भी बेटी को बरकार रखने का मन बना चुकी है। मौके पर काग्रेस प्रखण्ड अध्यक्ष रविंद्र गुप्ता, विधायक प्रतिनिधी सुरेश साव, दिलदार अंसारी, बीस सूत्री अध्यक्ष अर्जुन राम, पंचायत अध्यक्ष मिथलेश राम, चन्दन गुप्ता, निरंजन साव, मुखिया जितनी देवी, पूर्व पंचायत अध्यक्ष मकसूद मियां, प्रखण्ड युवा अध्यक्ष ईश्वर राम, पवन साव, दसरथ साव, दिनेश साव, पंचायत समिति सदस्य पुनम देवी, किरण देवी, नीलम देवी, अशामा खातून, सीतल राम, संतोष साव, प्रदीप राम, खेमलाल राम, तापेश्वर साव, रियाशात मियां रामलखन पासावान, मो उल्फत पवन राम समेत अन्य लोग मौजूद थें।

## जोबर में भाजपा व आजसू पार्टी की हुई संयुक्त बैठक



फ्रीडम फाइटर संवाददाता

**विष्णुगढ़** : विष्णुगढ़ प्रखंड अंतर्गत जोबर पंचायत के मिलनटाड में सोमवार को भाजपा और आजसू पार्टी की संयुक्त बैठक हुई। इस बैठक में एनडीए प्रत्याशी निर्मल महतो उर्फ तिवारी महतो को भारी बहुमत से चुनाव जीतने का निर्णय लिया गया साथ ही आगामी 06 नवम्बर को प्रत्याशी निर्मल महतो को पूर्वी मंडल के सभी पंचायतों का सघन दौरा कार्यक्रम को सफल बनाने का निर्णय लिया गया। इस बैठक की अध्यक्षता पूर्वी मंडल अध्यक्ष सुखदेव रजवार एवं संचालन आजसू सचिव हरीश पटेल ने किया। इस बैठक में निम्न पार्टी के सभी पदाधिकारी एवं कार्यकारी शामिल हुए। मौके पर आजसू प्रखंड अध्यक्ष अजय कुमार मंडल, पूर्व अध्यक्ष नारायण महतो, गोविंद महतो, तुलसी सिंह, डूमरचंद महतो, दिनेश यादव, बाबूलाल यादव, राजू यादव, सुरेश यादव, नागेश्वर महतो, अशोक गुप्ता, सुशील कुमार मंडल, प्रकाश साव, उमेश मंडल, दीपू अकेला, चूरामणि पांडे, छोटी शर्मा, आत्माराम चौधरी, हुलास महतो, जोधन राम समेत सैकड़ो की संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### भाजपा प्रत्याशी ने किया चुनावी कार्यालय का उद्घाटन



**पदमा** : सोमवार को पदमा मंडल कार्यालय का भाजपा प्रत्याशी मनोज कुमार यादव ने उद्घाटन किया। श्री यादव ने कहा कि भाजपा के पक्ष में माहौल है। मोदी की गारंटी पर लोग विश्वास कर रहे है। कहा भाजपा को जिताएं और झारखण्ड में डबल इंजन की सरकार बनायें। साथी साथ सभी बुथ अध्यक्षों को भी को भी कहा कि अपने-अपने बूथो पर अपनी पैनी नजर रखें ताकि कोई घुसपैठ न कर पाये। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों में पदमा प्रखंड अध्यक्ष बाबूलाल मेहता, प्रखंड संयोजक नारायण यादव, भाजपा वरिष्ठ नेता अजय कुमार मेहता, भाजपा वरिष्ठ नेता सुरेंद्र गुप्ता,भाजपा वरिष्ठ नेताभारत पांडेय, भाजपा वरिष्ठ नेता राम रतन पांडे, जितेंद्र कुमार मेहता, भाजपा वरिष्ठ नेता अवध यादव, सुशील कुमार जायसवाल, आशीष वर्मा, महेंद्र पांडेय, सुरेश पांडेय, बुथ अध्यक्ष अजय कुमार मेहता, पिंटू मेहता भाजपा युवा प्रकोष्ठ पदमा प्रखंड मंत्री धीरज कुमार पांडे, पिंटू मेहता, सुरेंद्र रिखियान, कुणाल पासवान एवं पदम प्रखंड के सैकड़ो कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# दारू प्रखंड में प्रशासन ने विभिन्न छठ घाटों का किया निरीक्षण



फ्रीडम फाइटर संवाददाता

**दारू** : दारू प्रखंड क्षेत्र के अंतर्गत छठ महापर्व के मद्देनजर रखते हुए दारू प्रखंड के विभिन्न छठ घाटों का निरीक्षण थाना प्रभारी शफीक खान, प्रखंड विकास पदाधिकारी हारून रशीद, और अंचलाधिकारी राम बालक कुमार ने किया। अधिकारियों ने घाटों पर सुविधाओं और सुरक्षा के इंतजाम का बारीकी से निरीक्षण किया और व्यवस्थाओं को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने समिति से श्रद्धालुओं की सुरक्षा के लिए घाटों पर बैरिकेडिंग, अर्घ्य के समय पर्याप्त रोशनी की व्यवस्था, घाटों की सफाई की जानकारी ली।

## व्रतियों को नहीं होगी कोई परेशानी, छठ घाटों और रास्तों की सफाई सुनिश्चित : दशरथ महतो

**चरही** : लोक आस्था के महापर्व छठ पूजा के अवसर पर इंद्रा पंचायत के पूर्व मुखिया दशरथ महतो ने घाटों और रास्तों की साफ-सफाई को लेकर व्यापक अभियान चलाया है। उन्होंने अपने निजी कोष से पंचायत क्षेत्र के सभी प्रमुख रास्तों पर मिट्टी-मोरम डालकर सफाई की व्यवस्था कराई है, साथ ही सड़क किनारे जमे कूड़े-कचरे को हटाने के लिए युद्धस्तर पर काम किया जा रहा है। छठ घाटों पर सफाई कार्य को तेज करने के लिए विशेष रूप से जेसीबी और ट्रैक्टरों का उपयोग किया गया है। इससे इंद्रा और अन्य प्रमुख घाटों पर श्रद्धालुओं और व्रतियों को किसी प्रकार की असुविधा का सामना नहीं करना पड़ेगा। बालकुमार महतो ने घाटों और सड़कों पर जमा कचरे के उठाव का भी विशेष ध्यान रखा है ताकि छठ पूजा के दौरान स्वच्छ वातावरण सुनिश्चित हो सके। सफाई कार्यों का निरीक्षण करने के लिए दशरथ महतो स्वयं सुबह-सुबह घाटों का दौरा कर रहे हैं और ग्रामीणों के साथ मिलकर श्रमदान भी कर रहे हैं। उनके साथ पंचायत के पुर्व मुखिय दशरथ महतो बीस सूत्री अध्यक्ष बालकुमार महतो समाजसेवी मोहन महतो राजकुमार सहित अन्य स्थानीय लोग भी सफाई अभियान में सहयोग दे रहे हैं।

## छठ व्रतियों की सुविधा के लिए मुखिया राजेन्द्र प्रसाद के सहयोग से युद्धस्तर पर सफाई अभियान जारी



**बरही** : लोक आस्था के महापर्व छठ पूजा के अवसर पर धनवार बरही पंचायत के मुखिया राजेंद्र प्रसाद ने घाटों और रास्तों की साफ-सफाई को लेकर व्यापक अभियान चलाया है। उन्होंने अपने निजी कोष से पंचायत क्षेत्र के सभी प्रमुख रास्तों पर मिट्टी-मोरम डालकर सफाई की व्यवस्था कराई है, साथ ही सड़क किनारे जमे कूड़े-कचरे को हटाने के लिए युद्धस्तर पर काम किया जा रहा है। छठ घाटों पर सफाई कार्य को तेज करने के लिए विशेष रूप से जेसीबी और ट्रैक्टरों का उपयोग किया गया है। इससे कोरियाडीह और अन्य प्रमुख घाटों पर श्रद्धालुओं और व्रतियों को किसी प्रकार की असुविधा का सामना नहीं करना पड़ेगा। राजेंद्र प्रसाद ने घाटों और सड़कों पर जमा कचरे के उठाव का भी विशेष ध्यान रखा है ताकि छठ पूजा के दौरान स्वच्छ वातावरण सुनिश्चित हो सके। सफाई कार्यों का निरीक्षण करने के लिए राजेंद्र प्रसाद स्वयं सुबह-सुबह घाटों का दौरा कर रहे हैं और ग्रामीणों के साथ मिल कर श्रमदान भी कर रहे हैं। उनके साथ पंचायत के उप मुखिया दामोदर प्रसाद वर्मा, अजय कुशवाहा सहित अन्य स्थानीय लोग भी सफाई अभियान में सहयोग दे रहे हैं।

## एक झलक

### गायत्री परिवार ने छठ व्रतियों के बीच बांटा कद्दू

**झरिया (धनबाद):** छठ व्रत के प्रथम अनुष्ठान नहाय खाय के पूर्व संध्या पर सोमवार को झरिया नगर गायत्री परिवार द्वारा पंचदेव मंदिर परिसर से श्रद्धालुओं के बीच 10 क्विंटल कद्दू वितरण किया गया। यह कार्यक्रम विगत 10 वर्षों से झरिया नगर गायत्री परिवार के द्वारा चल रहा है। साथ ही छठ तालाब पर अखंड ज्योति पुस्तक, मंत्र लेखन तथा हवन सामग्री निशुल्क वितरण किया जायेगा। इस पवित्र कार्य में जिला संयोजक विभूति शरण सिंह जिला मीडिया प्रभारी भूपेंद्र शर्मा झरिया नगर गायत्री परिवार के झरिया नगर प्रभारी प्रवीण केसरी, लक्ष्मण साहू, महेश गुप्ता, रविंद्र जी, राम राम श्रेष्ठ झा, रामाश्रय गुप्ता, संतोष शर्मा, पंकज केसरी, पंकज केजरीवाल, गरिमा शर्मा, पिंकी केसरी, प्रेमलता देवी आदि भाइयों बहनों का सराहनीय योगदान रहा।

### सांस्कृतिक कार्यक्रम में शाश्वती सेन नृत्य अकादमी की छात्राओं ने दी शानदार प्रस्तुति

**झरिया (धनबाद):** झरिया में चित्रगुप्त पूजा के शुभ अवसर पर रविवार की शाम आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम में शाश्वती सेन नृत्य अकादमी की छात्राओं ने अपनी शानदार प्रस्तुति दी। इन छात्राओं ने बांके बिहारी लाल मत करियो इतना श्रृंगार, सुप्रसिद्ध गायन के अलावा कथक व अन्य गीतों पर शानदार नृत्य प्रस्तुत कर मौजूद लोगों का मन मोह लिया। छात्रों के नृत्य व संगीत प्रस्तुति की सराहना भाजपा नेत्री रागिनी सिंह एवं मौजूद दर्शकों ने किया। इन छात्र-छात्राओं में सौरभ, सेजल, राजलक्ष्मी, रिशिका एवं निहिता आदि थे।

### भारतीय रेड क्रॉस समिति के मोक्ष वाहन की सेवा को लेकर बैठक

**धनबाद :** सोमवार को भारतीय रेडक्रास समिति धनबाद के कार्यकारिणी में चेयरमैन कौशलेंद्र कुमार सिंह के अध्यक्षता में बैठक आहूत कि गई। जिसमें बैठक का संचालन संयुक्त सचिव दिलीप सिंह ने किया। इस दौरान वाईस चेयरमैन धनेश्वर महतो एवं चेयरमैन सलाहकार सह कार्यकारिणी सदस्य कुमार मधुरेन्द्र सिंह, नोडल पदाधिकारी ब्लड बेनजीर परवीन नोडल पदाधिकारी वाहन देवेन्द्र कुमार एवं अनिल भगत नोडल पदाधिकारी स्वास्थ्य डॉक्टर जिम्मी अभिषेक उपस्थित रहें। बैठक में प्रमुखता से चर्चा की गई कि मोक्ष वाहन की सेवा बहाल की जा रही है और उसमें सिविल सर्जन एवं अधीक्षक एसएनएमएमसीएच के लिखित पत्र पर लाल कार्ड धारकों को नि:शुल्क मोक्ष वाहन धनबाद जिले के अंतर्गत उपलब्ध कराई जाएगी एवं अन्य को भारतीय रेडक्रास समिति धनबाद द्वारा देय राशि पर ही ली जायेगी।

### चासनाला के युवक की पुरुलिया में ट्रेन से गिरने से हुई मौत

**पाथरडीह (धनबाद):** चासनाला के बी टाइप मद्रासी पट्टी निवासी उज्वल चक्रवर्ती उर्फ लालटू 40 की मौत पुरुलिया में रविवार को ट्रेन दुर्घटना में हो गई।
घटना की जानकारी आरपीएफ ने मोबाइल से आश्रितों को दी। घटना के बाद से स्वजनों का रो रोकर बुरा हाल है। वहीं देर शाम मृतक के स्वजन पुरुलिया पहुंच उसका अंतिम संस्कार पुरुलिया घाट पर कर दिया। घटना के संबंध में बताते हैं कि उज्वल टाटा में एक निजी कंपनी में कार्यरत था। भाई दूज पर्व को लेकर रविवार को उज्वल ट्रेन से घर लौट रहा था। पुरुलिया में अचानक ट्रेन की गेट से नीचे जा गिरा। जिससे घटनास्थल पर ही उसकी दर्दनाक मौत हो गई। लालटू की मौत से परिवार पर दुखो का पहाड़ टूट पड़ा है। पूरे परिवार उसपर आश्रित था। उज्वल दिलीप चक्रवती का इकलौता पुत्र था। दिलीप दिल्ली में एक घर मे खाना बनाते हैं। घटना के बाद से वृद्ध मां उमा चक्रवर्ती, बहन रिंकी, पत्नी रिया चक्रवर्ती, आठ साल पुत्र ऋषभ का रो रोकर बुरा हाल है।

# उपायुक्त व एसएसपी ने किया अमलखोरी चेक पोस्ट का औचक निरीक्षण



चुनाव

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**
**धनबाद :** झारखंड विधानसभा चुनाव 2024 को शांतिपूर्ण एवं निष्पक्ष तरीके से संपन्न कराने के उद्देश्य से जिले में 11 इंटर स्टेट एवं 5 इंटर डिस्ट्रिक्ट चेक पोस्ट बनाए गए हैं। चेक पोस्ट से गुजरने वाले हर वहनों की जांच की जा रही है। इसी संदर्भ में सोमवार 04 नवंबर 2024 को जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त सुश्री माधवी मिश्रा एवं वरीय पुलिस अधीक्षक हृदीप पी जनार्दनन ने हरिहरपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत जीटी रोड पर स्थापित अमलखोरी चेक पोस्ट का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के क्रम में उपायुक्त ने चेक पोस्ट पर प्रतिनियुक्त दंडाधिकारी, पुलिस पदाधिकारी एवं सुरक्षा कर्मियों को जिले में प्रवेश करने वाले सभी वाहनों की सघन जांच करने तथा वाहनों का रजिस्ट्रेशन नंबर व ऑनर का नाम, पता, मोबाइल नंबर रजिस्टर में दर्ज करने का निर्देश दिया। साथ ही भारी मात्रा में नगदी, शराब, ज्वेलरी, नशीले पदार्थ सहित मतदाताओं को प्रलोभन देने वाली अन्य सामग्रियां मिलने पर जब्त करने का निर्देश दिया। वरीय पुलिस अधीक्षक ने छोटे वहनों के साथ साथ बड़े वाहनों की भी औचक जांच करने का निर्देश दिया।

## धनबाद जिला के सभी छह विधानसभा क्षेत्र के प्रत्याशियों की निर्वाचन व्यय लेखा पंजी की हुई प्रथम जांच

**धनबाद :** विधानसभा आम चुनाव 2024 के अंतर्गत, धनबाद जिला के सभी छः विधानसभा क्षेत्र के प्रत्याशियों के निर्वाचन व्यय लेखा पंजी की प्रथम जाँच आज व्यय प्रेक्षक, आर.ए. ध्यानी एवं कुमार आदित्य द्वारा किया गया। इस दौरान व्यय अनुश्रवण कोषांग के पदाधिकारी एवं सहायक व्यय प्रेक्षक भी मौजूद रहें। इस दौरान सभी छः विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र के अभ्यर्थियों की ओर से निर्वाचन के दौरान प्रचार-प्रसार एवं अन्य दैनिक व्यय का लेखा संधारण निवार्ची पदाधिकारी की ओर से उपलब्ध कराए गए निर्वाचन व्यय पंजी की जांच व्यय प्रेक्षक द्वारा की गई। उन्होंने दैनिक निर्वाचन व्यय लेखा का गहन एवं सम्यक जांच कर छायाप्रेक्षण पंजी से मिलान किया। मौके पर व्यय प्रेक्षक आर.ए. ध्यानी एवं कुमार आदित्य, सहायक व्यय प्रेक्षक समेत प्रत्याशी एवं उनके एजेंट मौजूद रहें।

## 43-बाघमारा विधानसभा क्षेत्र के सामान्य प्रेक्षक ने किया मतदान केन्द्रों का निरीक्षण



**धनबाद :** सोमवार 04- नवंबर को सामान्य प्रेक्षक 43-बाघमारा विधानसभा, हर्षित पी० गोसावी (आई०ए०एस०) द्वारा 43-बाघमारा विधानसभा क्षेत्र अन्तर्गत अवस्थित विभिन्न मतदान केन्द्रों का निरीक्षण किया गया। सामान्य प्रेक्षक द्वारा कांड्रा, चतरूतांड, छोटा पांडेडीह, बांगरा, राधानगर आदि में कुल 21 मतदान केंद्रो का निरीक्षण किया। सामान्य प्रेक्षक द्वारा इन मतदान केन्द्रों से सम्बंधित मतदाताओं की कुल संख्या, महिला मतदाताओं की कुल संख्या, पी डब्ल्यू डी मतदाताओं की कुल संख्या, 85+ मतदाताओं की कुल संख्या एवं होम वोटर की कुल संख्या आदि के सन्दर्भ में सम्बंधित बूथों के बीएलओ से जानकारी प्राप्त किया गया। सामान्य प्रेक्षक ने पेयजल, शौचालय एवं बिजली की स्थिति के सन्दर्भ में आवश्यक निर्देश दियेकसाथ ही उन्होंने प्रखंड विकास पदाधिकारी, बाघमारा को मतदान केन्द्रों एवं उसके आस-पास सफाई की व्यवस्था दुरुस्त करने का निदेश दिया। निरीक्षण के दौरान सामान्य प्रेक्षक 43 -बाघमारा विधानसभा, हर्षित पी० गोसावी के साथ नगर मिशन प्रबंधक अमनदीप उपस्थित थे।

# मायुमं के दीवाली प्रीति मिलन समारोह में जले खुशियों के दीप



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**
**झरिया (धनबाद) :** अखिल भारतीय मारवाड़ी युवा मंच झरिया शाखा द्वारा सोमवार को अग्रेशन भवन झरिया में दिवाली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत मारवाड़ी सम्मेलन अध्यक्ष राजकुमार अग्रवाल मारवाड़ी सम्मेलन के पूर्व अध्यक्ष डॉ ओम प्रकाश अग्रवाल मारवाड़ी युवा मंच झरिया शाखा के अध्यक्ष अमित अग्रवाल व सचिव राजेश अग्रवाल ने दीप पलज्वलित व मां लक्ष्मी और अग्रेशन जी महाराज के तस्वीर पर माल्यार्पण कर किया गया। कार्यक्रम का संचालन दीपक अग्रवाल व अलका मित्तल ने किया। कार्यक्रम में बच्चों द्वारा एक से एक मनमोहक रंगोली बनाई गई व हर जगह दीप जला कर एक दूसरे को दिवाली की शुभ कामनाएं दी।
वहीं, छोटे छोटे बच्चों सजा दो घर को गुलशन सा मेरे श्री राम आए है,... अवध आज फिर से सजी है आदि गीतों पर नृत्य कर दर्शक का मनमोह लिया।
कार्यक्रम में कपल डांस, होजी, अंताक्षरी आदि खेल खेले गए।
मारवाड़ी युवा मंच झरिया शाखा के अध्यक्ष अमित अग्रवाल जी ने कहा कि इस वर्ष की दिवाली हम सभी हिन्दू भाइयों के लिए गर्व का विषय है क्यों कि इस वर्ष प्रभु श्री राम की नगरी अयोध्या में प्रभु विराजमान हुए है जो कि हम सभी हिन्दू भाई कितने वर्षों तक प्रयास किए।
मौके पर मारवाड़ी युवा मंच के सभी पदाधिकारी व सदस्य मौजूद थे।

# विकास महतो के पक्ष में वोट के लिए गोलबंद हो रहे हैं टुंडी के मतदाता



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**
**बाघमारा (धनबाद) :** आजसू पार्टी का राजगंज में बैठक आयोजित की गई। जिसमें टुंडी विधानसभा के एनडीए प्रत्याशी विकास महतो मुख्य रूप से उपस्थित हुए। बैठक की अध्यक्षता कर रहे आजसू नेता गिरिधारी महतो ने कहा कि पहली बार टुंडी से माटी पुत्र को एनडीए का प्रत्याशी बनाया गया है इसलिए सभी आजसू कार्यकर्ता दिन रात मेहनत करते हुए घर घर जाकर विकास महतो के पक्ष में मतदान करने का प्रचार प्रसार करें। इस दौरान विकास महतो ने कहा कि टुंडी विधानसभा के हर गाँव मे भरपूर मात्रा में जनसमर्थन व आशीर्वाद मिल रहा है जिससे यह स्पष्ट है कि टुंडी विधानसभा राज्य में सबसे ज्यादा मतों से जीत का रिकॉर्ड बनाएगी।टुंडी प्रभारी रमेश कुमार राही ने कहा कि एनडीए जो कहती है उसे पूरा करती है लेकिन झामुमो की कहनी ओर कथनी में बहुत फर्क है जिसे जनता जान चुकी है इसलिए इसबार झामुमो को उखाड़ फेंकने का मन जनता बना चुकी है।



## एनडीए की सरकार बनी तो मदरसों व कब्रिस्तानों की होगी घेराबंदी

**कतरास (धनबाद) :** बाघमारा से भारतीय जनता पार्टी प्रत्याशी उम्मीदवार शत्रुघ्न महतो के आवास मे सोमवार को बिहार सरकार के अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री मोहम्मद जामा खान पहुंचे। यहां उन्होंने कहा कि ढुल्लू महतो बहुत संघर्ष किए है गरीब और दबे, कुचले लोगों के विकास के लिए हमेशा तत्पर रहते हैं। कहा कि बाघमारा की जनता एनडीए को एक एक वोट देकर बाघमारा प्रत्याशी शत्रुघ्न महतो की जीत तय करे। यदि झारखंड में एनडीए की सरकार बनी तो मुसलमानो के लिए हर जिले मे दो दो हॉस्टल बना ओर मदरसा और कब्रिस्तान का घेरा बन्दी भी होगी।

मौके पर जिला परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि शेखर सिंह, करण महतो, गिरिजाशंकर उपाध्याय, गौतम साव, सूरज सोनी, टिंकू शर्मा, सन्तोष चौरसिया, रेखा देवी, कोलेशर महतो आदि मौजूद थे।

# कुड़माली भाखि नेगाचारी इकाई की बैठक सम्पन्न



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**
**बाघमारा (धनबाद) :** तोपचांची प्रखंड के महतो मार्केट में कुडमाली भाखि नेगाचारी इकाई की ओर से सोमवार को एक बैठक प्रखंड संयोजक बिनोद बिहारी महतो की अध्यक्षता में हुई। बैठक में रामाकुंडा, चितरपुर मदैयडीह, तोपचांची एवं दुमदुमी समेत अन्य और पंचायत से कुडमि समाज के प्रबुद्ध व गणमान्य लोगों ने शिरकत किया। मौके पर हरेंद्र महतो उप मुखिया ने कहा कि कुडमि समाज आजादी के बाद से अपने संवैधानिक हक अधिकार के लिए संघर्षरत है। समाज के अगुवा नेतृत्वकर्ताओं के द्वारा रेल टेका, डहर छैका आंदोलन किया गया। इस आंदोलन में 11 लोगों पर मुकदमा दर्ज भी हुआ अभी विधानसभा चुनाव में प्रत्याशियों के रूप में नेतृत्वकारी नेत्री बणी देवी के पक्ष में मतदान करने की अपील की गई। वहीं, विनोद बिहारी महतो ने कहा कि जो कुडमि हित की बात करेगा, वहीं, झारखंड में राज करेगा। बैठक में सदानंद महतो, दूधनाथ महतो, मंगल महतो, केशव महतो, सोहराय महतो, सुदन महतो, नकुल महतो, रामप्रसाद महतो समेत अन्य गणमान्य लोग उपस्थित थे।

## युवा विरोधी झामुमो-कांग्रेस सरकार की विदाई तय: मनीष सिंह

**झरिया (धनबाद):** भारतीय जनता युवा मोर्चा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं भाजयुमो झारखंड चुनाव के सह प्रभारी मनीष सिंह ने झरिया विधानसभा के लोदना मोड़ के पास परिवर्तन चौपाल के माध्यम से जनता से रूबरू होकर भ्रष्ट और जनविरोधी झामुमो-कांग्रेस की पोल खोली। श्री सिंह ने कार्यकर्ताओं से आग्रह किया कि सभी मंडलों में जनता चौपाल के माध्यम से भ्रष्ट वर्तमान सरकार को उखाड़ फेंकने के लिए देवतुल्य जनता से आग्रह करें। झारखंड शिक्षा और रोजगार को तरस रहा है लेकिन हेमंत सरकार गरीब जनता की जमीन को लूट रही है।

# निर्दलीय प्रत्याशी रोहित यादव को मिल रहा भरपूर समर्थन

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**
**कतरास (धनबाद) :** बाघमारा विधानसभा क्षेत्र से निर्दलीय प्रत्याशी रोहित यादव का चुनावी अभियान लगातार जारी है। लगातार अलग अलग इलाकों का दौरा कर जनसम्पर्क कर रहे हैं। इस दौरान उन्हें जनता का भरपूर समर्थन मिल रहा है। सोमवार को श्री यादव ने तेलमचो, कुंजी, महुदा बाजार, एकडा, लोयाबाद, सिजुआ, सहित अन्य इलाकों में जनसंपर्क किया और अपने चुनाव चिन्ह सिलाई मशीन छाप पर में वोट मांगा। वहीं जनसम्पर्क के दौरान रोहित यादव श्याम बाजार पहुंचे, जहां पूर्व मुखिया सीताराम भूईयां के नेतृत्व में सैकड़ों ग्रामीणों ने श्री यादव का भव्य स्वागत किया।



ग्रामीणों ने एक स्वर में रोहित यादव को विजय बनाने का संकल्प लिया। उन्होंने कई नुक्कड़ सभाओं को भी संबोधित किया। लोगों को संबोधित करते हुए श्री यादव ने कहा कि पूर्व के जनप्रतिनिधियों भ्रष्टाचार को बढ़ावा दिया है और बाघमार को लूटखंड बनाकर मोटी कमाई है। इसलिए जनता परिवर्तन करने जा रही है। इसबार बाघमारा से भाजपा का सफाया होना तय है।

# झारखंड ओपन कराटे चैंपियनशिप के आगाज में धनबाद की बेटियों को किया सम्मानित



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**
**धनबाद :** पुटकी रांची में सिकोकई कराटे इंटरनेशनल झारखंड एवं इंटरनेशनल मार्शल आर्ट एकेडमी (इमा) के संयुक्त तत्वावधान में संत जोसेफ क्लब में 11वीं इमा कप झारखंड कराटे चैंपियनशिप का आगाज किया गया। जिसमे धनबाद जिला के पुटकी के एक प्राइवेट स्कुल से सातवी और नौवी की चार छात्राऐ रूबी कुमारी उम्र 14 वर्ष, अंजलि कुमारी उम्र 13 वर्ष, सुमन कुमारी उम्र 14 वर्ष, तानवी कुमारी उम्र 11 वर्ष जो मार्शल आर्ट प्रतियोगिता में शामिल होकर जीत हासिल कर अपने घर सोमवार को पहुंची। जहां पुटकी थाना परिषर में एसआई मदन चौधरी, दिलीप पाल, उपेंद्र यादव आदि द्वारा सभी छात्राओं को गुलदस्ता एवं माला पहनाकर जीत की बधाई दिया और कहा आप लोग खूब बढ़ो और खूब मेहनत कर अपना माता पिता और देश का नाम रोशन करे। मौके पर शेख खलीद, गुड़िया देवी, अनुपमा कुमारी, निशा कुमारी, काजल कुमारी, संध्या कुमारी, निवास रजवार, राहुल कुमारी आदि ने भी शुभकामनायें दिया।

## रागिनी सिंह ने क्षेत्र में किया धुआंधार जनसम्पर्क

**झरिया (धनबाद) :** 05 वर्षों में कांग्रेस और जेएमएम की सरकार ने झारखंड में सिर्फ लूटने का काम किया। कोयलांचल में लुट खसोट, रंगदारी और हत्याएं देखने को मिला। इस सरकार से आम जनता काफी त्रस्त हैं। उक्त बातें सोमवार को भाजपा प्रत्याशी रागिनी सिंह ने जयरामपुर मोड़ में सभा के दौरान कहीं। इस दौरान प्रत्याशी तीसरा क्षेत्र के विभिन्न क्षेत्रों में जनसंपर्क अभियान चला कर भाजपा के पक्ष मतदान करने की अपील की। कहा कि झरिया विधानसभा के कौने कौने में भाजपा की जीत गूंज रही हैं। पांच साल में इस सरकार न झारखंड का हाल बुरा कर दिया, सरकार ने लूट, झूठ, भ्रष्टाचार, माफिया तंत्र व परिवारवाद को बढ़ावा दिया, केंद्र ने झारखंड के विकास के लिए जो पैसे दिए उसे भी हड़प लिया इसलिए लूट-झूठ की सरकार को हटाकर भाजपा-एनडीए की सरकार बनाएं।

# रागिनी सिंह ने झरियावासियों के बीच जारी किया भाजपा का संकल्प पत्र



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**
**झरिया (धनबाद) :** झरिया के कतरास मोड़ स्थित भाजपा कार्यालय मे सोमवार को झरिया भाजपा प्रत्याशी रागिनी सिंह ने भाजपा संकल्प पत्र जारी कर बताया कि मेरी प्राथमिकता है कि महिला सशक्तीकरण की दिशा में भाजपा शासित अन्य राज्यों के तर्ज पर गोगो दीदी योजना का लाभ दिलवाना। बीसीसीएल और आउटसोर्सिंग कम्पनी से संबधित समस्याओं के समूचित समाधान हेतू माइन्स रेगुलेशन एक्ट के तहत ही कोयला उत्पादन आदि के कार्य को सुनिश्चित करवाना एवं पार्यावरण नुकसान और प्रदूषण पर अंकुश, भारी वाहनों के परिचालन पर नियंत्रण, बेहतर विस्थापन और पुर्नवास, स्थानीय युवाओं को नियोजन में प्रथम प्राथमिकता दिलवाना। झरिया विधानसभा क्षेत्र मे पानी की समस्या के समूचित समाधान हेतू केन्द्र सरकार की हर घर नल जल योजना को धरातल में उत्तारना और झमाडा की पुराने और जर्जर व्यवस्था को दुरूस्त करने के लिए हर संभव कार्य करवाना। क्षेत्र मे बिजली की निर्बाध और सुचारु आपूर्ति के लिए हर संभव उपाय करवाना। झरिया मे भ्रष्टाचार मुक्त उच्च गुणवत्ता पूर्ण सड़क, नाला एवं पुल पुलियों आदि का निर्माण करवाना। आई० टी० आई० जैसे तकनीकी प्रशिक्षण संस्थान और महिला महाविद्यालय का स्थापना, आर० एस० पी० कॉलेज के भवन का शीघ्रतिशीघ्र निर्माण एवं पठन-पाठन प्रारम्भ करवाना। स्वास्थ के क्षेत्र में रेफरल अस्पताल का संचालन करवाना और ब्लड बैंक की स्थापना करवाना। क्षेत्र के सभी चौक-चौराहें एवं पार्क का सौंदर्गीकरण करवाना, साथ ही साथ तलाबों को विकसीत करवाकर मतस्य पालन के द्वारा बेरोजगारों को रोजगार उपलब्ध करवाना। स्वरोजगार से संबंधित सरकारी योजनाओं जैसे मुद्रा लोन, प्रधानमंत्री रोजगार योजना, भेन्डर लोन सहित केन्द्र सरकार की सभी जनहीत की योजनाओं का लाभ जरूरतमंदो को उपलब्ध कराना। अपराधिक गतिविधियों पर पूर्ण नियंत्रण के लिए शासन और प्रशासन पर समूचित और सकारात्मक पहल करना। झरिया के मकानों और जमीनों को मालगुजारी रसीद को पुनः कटवाने के लिए सरकार के स्तर पर वार्ता कर समाधान करवाना। झरिया विधान सभा अंतर्गत 27 पंचायतो को धनबाद नगर निगम से बाहर करने की पहल करना। दुनिया की सबसे बड़ी पार्टी भाजपा के 25 वर्ष पूर्ण होने पर 25 बड़े संकल्प और भगवान बिरसा मुंडा जी की 150 जयंती की थीम पर 150 संकल्पों का ऐलान किया है। संकल्प पत्र के माध्यम से भाजपा ने झारखंड के महिलाओं, किसानों, युवाओं, आदिवासियों और पिछड़ों को सौगात देने का ऐलान भी किया है। कई स्थानीय समस्याओं को निवारण करने की मनसा और सब का साथ, सबका विकास करने वाली देश की एकमात्र पार्टी भाजपा ही है।

# कांग्रेस प्रत्याशी अजय कुमार दुबे ने विभिन्न स्थानों में चलाया जनसम्पर्क अभियान



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**
**धनबाद :** सोमवार को धनबाद विधानसभा के कांग्रेस प्रत्याशी अजय कुमार दुबे ने पुटकी बाजार, प्रभु चौक, मुनीडीह बाजार, भागाबांध, कोक प्लांट-पुटकी एवं बैंक मोड़ बिरसा चौक से जयप्रकाश चौक होते हुए धोवाटांड़ सहित विभिन्न जगहों पर जनसंपर्क अभियान चलाकर लोगों से कांग्रेस पार्टी के पक्ष में मतदान करने का आह्वान किया। जनसंपर्क अभियान कार्यक्रम के क्रम में ग्रामीण एकता मंच के संयोजक रणजीत सिंह जो पिछला चुनाव लड़े थे उन्होंने कांग्रेस प्रत्याशी अजय कुमार दुबे से मुलाकात कर चुनाव में समर्थन देने की घोषणा किया। मौके पर धनबाद विधानसभा के इंडिया गठबंधन कांग्रेस प्रत्याशी अजय कुमार दुबे ने कहा कि जनसंपर्क कार्यक्रम के दौरान धनबाद विधानसभा क्षेत्र की जनताओं के द्वारा अपार समर्थन व आशीर्वाद से अभिभूत हूं,आगे उन्होंने कहा कि धनबाद विधानसभा की सर्वांगीण विकास के साथ-साथ बेहतर धनबाद बनाने की पहली प्राथमिकता होगी। उन्होंने कहा कि जनसंपर्क कार्यक्रम के दौरान सभी समुदायों के लोगों का अपार समर्थन मिल रहा है,धनबाद विधानसभा में विकास कार्य करने के मामले में पिछले 10 वर्षों में बीजेपी ने धनबाद को छलने का काम किया है, क्षेत्र की जनता भाजपा की गलत नीतियों के साथ-साथ इनके चाल, चेहरा और चरित्र को समझ चुकी हैं, भाजपा से लोगों का मोहभंग हुआ है और निश्चित रूप से इस चुनाव में धनबाद की जनता इंडिया गठबंधन के पक्ष में मतदान कर कांग्रेस प्रत्याशी को ऐतिहासिक जीत दिलाने का काम करेंगी,इस चुनाव में धनबाद की जनता का आशीर्वाद और समर्थन मिला तो निश्चित रूप से धनबाद की ज्वलंत समस्याओं का निराकरण करने के साथ-साथ लोगों के बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराना हमारी प्रमुखता होगी, लोगों के बेहतर शिक्षा, चिकित्सा, बिजली,पानी व सड़क की व्यवस्था सुनिश्चित करवाने के साथ-साथ युवाओं को रोजगार से जोड़ने की दिशा में प्रयास मेरी प्राथमिकता होगी।
मौके पर मुख्य रूप से धनबाद कांग्रेस जिलाध्यक्ष संतोष कुमार सिंह,कार्यकारी अध्यक्ष रशीद राजा अंसारी, मदन महतो, मनोज यादव, राजेश्वर सिंह यादव, कयूम खान, लक्ष्मण तिवारी, योगेंद्र सिंह योगी, दिनेश यादव, मंटू दास, महेंद्र दुबे, गुड्डू खान, जितेश सिंह, दीपक सिंह, प्रभात सुरुलिया, पप्पु कुमार तिवारी, पप्पू पासवान, हुमायूं राजा, निवारण महतो, बबलू दास, मृत्युंजय सिंह, प्रीतम रवानी,साहिर खान, अरविंद सैनी, राजीव कुमार, रखाल दास, अजय पासवान, गुड़िया देवी सहित सैकड़ो कांग्रेसजन उपस्थित थे।

## कांग्रेस जिला अध्यक्ष ने जलेश्वर महतो को जिताने की अपील की

**बाघमारा (धनबाद) :** कांग्रेस प्रत्याशी सह पूर्व मंत्री जलेश्वर महतो की जीत सुनिश्चित करने के लिए धनबाद कांग्रेस जिलाध्यक्ष संतोष कुमार सिंह ने कांग्रेस जनों से मिल जुलकर कार्य करने का आह्वान किया है। जिलाध्यक्ष संतोष सिंह ने कहा पार्टी विरोधी कार्य करने वालो के खिलाफ भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के संविधान एवं नियम के अंतर्गत अनुशासनात्मक नियम की धारा 19 (च)(4) के अंतर्गत अनुशासन का उल्लंघन (क) (ख) (ड़) के तहत पार्टी विरोधी कार्य करने के खिलाफ कार्रवाई होगी । बाघमारा विधानसभा में कांग्रेस पार्टी के द्वारा अधिकृत प्रत्याशी के विरुद्ध सोशल मीडिया में अभद्र टिप्पणी एवं पार्टी विरोधी टिप्पणी करने वालो के विरुद्ध पार्टी शक्त कार्यवाई करेगी। वैसे लोग जो कांग्रेस के खिलाफ काम कर रहे हैं उन्हे चिन्हित कर पार्टी से बाहर किया जायेगा।

## सम्पादकीय.....

# पटाखों पर क्यों नहीं लगता प्रतिबंध

**खुशियों** का महापर्व दीपोत्सव हर साल की तरह इस वर्ष भी गुजर गया। जाते-जाते यह फिर वही सवाल छोड़ गया। वही सवाल, आखिरकार पटाखों पर देशव्यापी प्रतिबंध क्यों नहीं लगाया जाता? ध्वनि प्रदूषण के खिलाफ वर्ष 2008 से कार्यरत राष्ट्रीय संस्था 'सत्या फाउंडेशन' यह मांग हर बार करती है। इस साल संस्था ने गूगल, एक्स और फेसबुक आदि सोशल मीडिया के सर्च बॉक्स में तीन शब्द डाले-'पटाखा, दीपावली, हिंसा'। इस पर पटाखे के कारण हिन्दू बनाम मुस्लिम विवाद की बहुचर्चित धारणा के विपरीत चौंकाने वाले नतीजे मिले। इसका निचोड़ यह निकला कि पटाखों के चलते पूरे देश में हिंसा और हत्या के ज्यादातर मामलों में, लड़ाई हिन्दू बनाम हिन्दू की है। और कोई आठवीं पास विद्यार्थी भी इंटरनेट पर ये सारे सबूत देख सकता है। यानी कि पटाखे ने हिन्दुओं को आपस में ही बंटने और कटने पर मजबूर कर दिया है। हालांकि यह भी सच है कि धर्म विरोधी का तमगा मिल जाने के डर से अधिकांश लोग इस पर आंख पर पट्टी बांधे रहते हैं। आमतौर पर पटाखे के विरोध में गांव-गांव और मोहल्ले-मोहल्ले में हो रहे भयंकर विरोध और हिंसा के तमाम मामले थाने और मीडिया तक पहुंचते ही नहीं हैं। धर्म, परंपरा और उत्सव की आड़ में यह अराजकता है। इसे नजरअंदाज करना देशहित में अच्छा नहीं। अफसोस यह है कि साउंड प्रूफ घरों में रहने वाले नीति-निमार्ता जनता की इस बदलती नब्ज को पकड़ पाने में विफल हैं। यह पटाखे ध्वनि प्रदूषण का बड़ा कारण हैं। यह कड़वा सच है कि दीपावली का पटाखा हिन्दुओं को हिन्दुओं से लड़ाने का माध्यम बन गया है, मगर त्योहार और धार्मिक स्वतंत्रता की गूंज में ये सारी बातें नक्कारखाने में तूती की आवाज बन गई है। हैरानी यह है कि इस पर्व की आड़ में पटाखे का इस्तेमाल लोग अपने दुश्मनों को नुकसान पहुंचाने के लिए कर रहे हैं। विदेशों में हरियाली का प्रतिशत बहुत ज्यादा होता है और यह हरियाली, आतिशबाजी के शोर और धुएं को सोख लेती है। साथ ही विदेशों में पटाखा फोड़ने के लिए एक बड़ा मैदान होता है जहां फायर ब्रिगेड की गाड़ी भी तैयार रहती है। हमारे देश में बड़े लोगों के घरों के आसपास कोई पटाखा नहीं फोड़ सकता। मगर सामान्य स्थानों पर धर्म की आड़ में पटाखे खुलेआम फोड़े जाते हैं। शिकायत करने पर पुलिस 'धार्मिक' मामला बताकर पल्ला झाड़ लेती है। बेशक, पटाखों से लोहवान, गुग्गुलु और चंदन की दिव्य महक आती है, पर यह चलन बंद होना चाहिए। केंद्र और राज्यों के नीति-निर्धारकों का यह दायित्व है कि वे समाज को सही दिशा दें। नायक बनकर उभरें। आने वाली पीढ़ियों के लिए आदर्श स्थापित करें। यह किसी से छुपा नहीं है कि आतिशबाजी के कारण हर साल अरबों रुपये की संपत्ति आग में स्वाह हो जाती है। आतिशबाजी के चलते बेजुबान जानवरों की जान खतरे में पड़ जाती है। देश भर के करोड़ों अस्थमा मरीज तड़पने लगते हैं। पटाखों के कारण बहुत सारे लोग सिर्फ एक चिंगारी से अपने आंखों की रोशनी खो देते हैं। इसलिए केंद्र सरकार को चाहिए कि वह बारूद के इस कारोबार पर प्रतिबंध लगाए। यह जरूरी है कि बिना किसी धार्मिक भेदभाव के साल के 365 दिन पटाखों पर राष्ट्रव्यापी प्रतिबंध लगाया जाना चाहिए। यहां यह जानना दिलचस्प होगा कि हर राज्य में बिकने वाले पटाखे, फुलझड़ियां आदि की अधिकतर आपूर्ति तमिलनाडु के शिवकाशी से होता है। वहां घर-घर पटाखे बनते हैं। पटाखों पर प्रतिबंध की वजह से इस साल 30 फीसदी कम पटाखे बने। तब भी इस वर्ष शिवकाशी के पटाखा निमार्ताओं ने 6,000 करोड़ रुपये का धंधा किया। यह बहुत बड़ा आंकड़ा है। शिवकाशी का आतिशबाजी उद्योग करीब 100 साल पुराना है।

## ● किसने क्या कहा



भारतीय लोक प्रशासन में औपनिवेशिक मानसिकता से अलग भारतीय विशेषताएं होनी चाहिए

**जगदीप धनखड़**
उपराष्ट्रपति

झारखंड में भाजपा-एनडीए के नेतृत्व में डबल इंजन की सरकार बनानी है



**नरेन्द्र मोदी**
प्रधानमंत्री

# प्रकृति के साथ सामंजस्य और सम्मान का प्रतीक पर्व सूर्य षष्ठी

विशेष | अशोक 'प्रवृद्ध'

**महाभारत** व पुराणों के अनुसार सूर्यपुत्र कर्ण भी भगवान सूर्य की नियमित रूप से पूजा करते थे। उनके लिए उपवास रखते थे तथा भगवान सूर्य को अर्घ्य देते थे। सूर्यदेव की कर्ण पर बहुत कृपा रहती थी। मान्यता है किकर्ण द्वारा किए गए नियमित पूजा अनुष्ठानों को ही वर्तमान में छठ पूजा कहा जाता है। एक अन्य कथा के अनुसार पांडवों के द्वारा सम्पूर्ण राज- पाट द्युत क्रीड़ा में हार जाने पर श्रीकृष्ण ने द्रौपदी को छठ व्रत रखने को कहा। द्रौपती ने व्रत का पूरा किया तब उसकी मनोकामनाएँ पूरी हुई तथा पांडवों को राजपाट वापस मिला।ऐसी भी मान्यता है कि त्रेतायुग में लंका विजय पश्चात रामराज्य की स्थापना के दिन कार्तिक शुक्ल षष्ठी को भगवान राम और माता सीता ने उपवास कर सूर्यदेव की आराधना की थी।

**पौराणिक** मान्यतानुसार संतान प्रदाता और रक्षक के रूप में पूजी जाने वाली माता षष्ठीदेवी को भगवान ब्रह्मा की मानस पुत्री माना गया है। इन्हें माता कात्यायनी भी कहा गया है।नवरात्र के छठे दिन इनकी पूजार्चना की जाती है। एक अन्य मान्यतानुसारइन्हें सूर्यदेव की बहन भी माना गया है।इन माता षष्ठी देवी को ही पूर्वी उत्तरप्रदेश, बिहार व झारखण्ड में स्थानीय भाषा में छठ मैया कहा जाता है।और इनकी पूजा- अर्चना छठ मैया के रूप मेंसूर्य षष्ठी व्रत के समय प्रतिवर्ष कार्तिक शुक्ल पक्ष षष्ठी एवं चैत्र शुक्ल षष्ठी को विधि विधान से किया जाता है। सूर्य षष्ठी व्रतभगवान सूर्यदेव एवं छठ मैया के निमित्त मनाया जाने वाला बड़ा ही पुण्यफल प्रदाता पर्व माना जाता है। बिहार, पूर्वी उत्तर प्रदेश, झारखण्ड सहित सम्पूर्ण भारत एवं विश्व के अनेक देशों में बड़े हर्षोल्लास के साथ इस व्रत के उपासक एवं सूर्यदेव की भक्ति करने वाले लोग इस पर्व को इस अवसर पर मनाते है। सूर्य एवं षष्ठी देवी से संबंध रखने के कारण इसे अतिप्राचीन एवं वैदिक पौराणिक व्रत माना जाता है। छठी मैया को सूर्य देवता की बहन होने की मान्यता होने के कारण छठ पूजा के दौरान छठी मैया के साथ-साथ सूर्य देवता को भी अर्घ्य दिया जाता है। सूर्यदेव की बहन छठ मैया की कृपा से भक्तों को सुख, समृद्धि और संतान की प्राप्ति होती है।छठी माता और इनकी पूजा के संबंध में विस्तृत वर्णन महाभारत, ब्रह्मवैवर्त पुराण, देवी भागवत पुराण, विष्णु पुराण, वेद, उपनिषद, सूर्याष्टक, शिव महापुराण, मत्स्य पुराण, वराह पुराण आदि ग्रंथों में अंकित हैं।मान्यतानुसार माता षष्ठी वनस्पतियों व प्रजनन की देवी हैं और प्रजनन व संतानोत्पति के समय सहायता करती हैं। निसंतान लोगों को संतान प्राप्ति में मदद करती हैं।इसीलिए वे संतान दाता और रक्षक के रूप में पूजी जाती हैं। माता षष्ठी को दक्षिण भारत के लोग देवी देवसेना कह कर पुकारते हैं। माता षष्ठी के इंद्रसूता, षष्टी, पुत्रदायनी,मोक्षदायनी, सुखदायनी, देवसेना, वरदायनी, षष्ठी,बालाधिष्ठात्री, छठी, षष्ठांशरुपाये, रौना माता, मैया और देवी आदि 108 नाम प्रचलित हैं। षष्ठी देवी को वंश, शक्ति, जीवनकाल, अर्घ्य, खुशी, आनंद, प्रेम, भक्ति, देवत्व, ईश्वर प्रेम, सौंदर्य, सद्भाव, आकर्षण, समय, ऋतुओं, जोड़ों, विवाह, दान, दंड, शक्ति, ऊर्जा, वैवाहिक सुख, , निर्माण, संरक्षण, विनाश, प्रकृति, भ्रूण, गर्भावस्था, दीघार्यु, संतान, मातृत्व और प्रजनन की देवी, शिशुओं की संरक्षिका,महामारि, रोग, दोषों को दूर करने वाली देवी, आदिशक्ति, पराशक्ति, जगतमाता के रूप में जाना जाता है। इनका निवासस्थानस्कंद लोक, और मणिद्वीप, इंद्र लोक माना गया है। छठ मैया का यह पर्वअति श्रद्धा एवं शुद्धता, धार्मिकता का अत्यंत कठिन अनुष्ठान एवं व्रत माना जाता है, जिसके के प्रभाव से व्यक्ति के जीवन मे आरोग्यता एवं यश कीर्ति आदि प्राप्त होते हैं। ऋग्वेद, विष्णु पुराण एवं रामायण, महाभारत आदि ग्रंथों में सभी कालों में सूर्यदेव की पूजा एवं उपासना के प्रसंग अंकित हैं। सूर्य देव पंच देव समूह में शामिल है। इसलिए किसी भी छोटी एवं बड़ी पूजा एवं हवन आदि कार्यों में सूर्य की पूजा बिना कार्यो की सफलता में संशय बना हुआ रहता है। इस व्रत का पालन सभी स्त्री एवं पुरूष करते हैं। क्योंकि सूर्य सभी की आत्मा है। उनके बिना इस प्रकृति का संतुलन बनाना असंभव है। इसलिए जल एवं ज्योति तथा हमारे प्राणों के कारण सूर्य की पूजा का बड़ा ही विशाल एवं महान पर्व है। छठ त्योहार को छठ पूजा, छठ पर्व, डाला छठ, डाला पूजा, सूर्य षष्ठी आदि नामों से जाना जाता है। इस त्योहार के अनुष्ठान नियम बहुत सख्त हैं, और चार दिनों की अवधि में मनाए जाते हैं। इस वर्ष 2024 में छठ पूजा अर्थात सूर्य षष्ठी का पर्व 5 नवम्बर से 8 नवम्बर तक मनाया जाएगा। 5 नवम्बरदिन मंगलवार कोनहाय-खाय छठ पर्व का पहला दिन, 6 नवम्बर दिन बुधवार को छठ पर्व का दूसरा दिन खरना और लोंहड़ा, 7 नवम्बर दिन बृहस्पतिवार को छठ पर्व का तीसरा दिन संध्या अर्घ्य, और 8 नवम्बर दिन शुक्रवार को छठ पर्व का उषा अर्घ्य चौथा दिन होगा। सूर्य षष्ठी व्रत के संबंध में अनेक पौराणिक कथाएं प्रचलित हैं। एक कथा के अनुसार प्राचीनकाल में प्रियव्रत नाम के एक राजा थे। उनकी पत्नी का नाम मालिनी था। दोनों की कोई संतान नहीं होने से राजा और उसकी पत्नी बहुत दुखी रहते थे। उन्होंने महर्षि कश्यप से इसके लिए उपाय पूछा। इस पर महर्षि कश्यप ने उन्हें पुत्रेष्टि यज्ञ करने की सलाह दी।राजा ने संतान प्राप्ति की इच्छा से महर्षि कश्यप द्वारा पुत्रेष्टि यज्ञ करवाया। इस यज्ञ के फलस्वरूप रानी गर्भवती हो गईं। नौ महीने बाद उन्हें संतान सुख तो प्राप्त हुआ, लेकिन प्रसव के समय रानी को मृत पुत्र प्राप्त हुआ।जिससे राजा को बहुत दुःख हुआ। संतान शोक में राजा ने आत्महत्या का मन बना लिया। लेकिन जैसे ही राजा ने आत्महत्या करने की कोशिश की उनके सामने एक सुंदर देवी प्रकट हुई, और उसने राजा से कहा कि मैं षष्ठी देवी हूं। मैं लोगों को पुत्र का सौभाग्य प्रदान करती हूं।सच्चे भाव से मेरी पूजा करने वाले की मैं सर्वमनोरथों को पूर्ण कर देती हूं। यदि तुम मेरी पूजा करोगे तो मैं तुम्हें भी पुत्र रत्न प्रदान करूंगी।देवी की आज्ञा का पालन करते हुए राजा और उनकी पत्नी ने कार्तिक शुक्ल की षष्ठी तिथि के दिन देवी षष्ठी की विधि -विधान से पूजा की। इस पूजा के फलस्वरूप उन्हें एक सुंदर पुत्र की प्राप्ति हुई।

# डिजिटल अरेस्ट होने का रहस्य

गौरतलब | डॉ. अनिल कुमार निगम

**आज** सोशल मीडिया का जमाना है और स्कैमर्स, सोशल इंजीनियरिंग हमलों का इस्तेमाल करके, यूजर को भुगतान डेटा साझा करने के लिए धोखा देते हैं। इसके अलावा स्कैमर्स, यूजर के डिवाइस और भुगतान टर्मिनलों के बीच संचार को बाधित करते हैं। उसके साथ ही वे भुगतान डेटा पर कब्जा कर लेते हैं। कई बार ऐसा होता है कि हम सार्वजनिक स्थानों पर असुरक्षित वाई-फाई का इस्तेमाल कर लेते हैं।

**आज** भारतीय समाज में डिजिटल अरेस्ट बहुत बड़ी समस्या बन कर उभरी है। यह साइबर क्राइम का नया स्वरूप है। पिछले कुछ महीनों से लोग बहुत तेजी से इसकी चपेट में आए हैं। हैरानी की बात यह है कि डिजिटल अरेस्ट का सबसे ज्यादा शिकार पढ़े-लिखे लोग मसलन डॉक्टर, अधिकारी, व्यवसायी, रिटायर्ड अधिकारी और सेना के अधिकारी हो रहे हैं। यह समस्या इतनी गंभीर होती जा रही है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को भी डिजिटल अरेस्ट के बारे में लोगों से सावधान रहने का आग्रह करना पड़ा। इस गंभीर होती समस्या में दो बातें अत्यंत महत्वपूर्ण हैं। पहला यह कि ज्यादातर पढ़े-लिखे लोग ही इसका शिकार क्यों हो रहे हैं? दूसरा, आखिरकार स्कैमर्स को लोगों का एकदम सटीक डेटा मिल कहां से रहा है? यह मामला इतना गंभीर है कि पिछले तीन महीने में केवल दिल्ली-एनसीआर में डिजिटल अरेस्ट के 600 से अधिक मामले चुके हैं। इनमें लगभग 400 करोड़ रुपये से अधिक की धोखाधड़ी हुई है। ये सभी पंजीकृत मामले हैं। देश भर में रिपोर्टेड और अनरिपोर्टेड मामलों की संख्या बहुत अधिक है। हम सभी को यह समझने की जरूरत है कि डिजिटल अरेस्ट होता क्या है? दरअसल, डिजिटल अरेस्ट एक तरह का साइबर फ्रॉड होता है जिसमें धोखेबाज आपको अज्ञात नंबर से फोन या वीडियो कॉल करके पुलिस या प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) या आयकर विभाग का अधिकारी बनकर धमकाता है और आपसे पैसे ऐंठने की कोशिश करता है। वह आपको बताता है कि आप किसी अपराध में शामिल हैं अथवा संलिप्त हैं। वह आपसे पैसे की डिमांड करता है और कहता है कि अगर आप पैसे नहीं देते तो आपको गिरफ्तार कर लिया जाएगा। स्कैमर इस दौरान फोन कॉल डिसकनेक्ट नहीं करने देता और एक तरीके से वह आपको आपके घर या कार्यालय में ही डिजिटल अरेस्ट कर लेता है। वह आपको डराता है और कहता है कि आपके खिलाफ वारंट जारी हो चुका है या आपकी संपत्ति जब्त कर ली जाएगी। वह इस तरीके से फोन कॉल पर ही दबाव डालता है कि मामले को रफा-दफा करने के नाम से आपसे ऑनलाइन पैसे ट्रांसफर करा लेते हैं। सबसे अहम सवाल यह है कि फ्रॉड करने वाले इन स्कैमर्स को आपका सटीक डेटा मिलता कहां से है? ऑनलाइन स्कैमर्स, लोगों का डेटा कई तरीकों से हासिल करते हैं। फिशिंग ई-मेल या वेबसाइट स्कैमर्स, ई-मेल या एसएमएस के जरिए फिशिंग लिंक भेजते हैं। ये लिंक क्लिक करने पर, यूजर फेक वेबसाइट पर पहुंच जाता है। वहां से स्कैमर्स, लोगों की जानकारी चुरा लेते हैं।

## आज का इतिहास

- 1556 में हुए पानीपत के दूसरे युद्ध में मुगल शासक अकबर ने हेमू को हराया।
- स्पेन और इंग्लैंड के बीच 1630 में शांति समझौते पर हस्ताक्षर।
- मैसाच्युसेट्स में 1639 में पहले डाकघर की स्थापना।
- जर्मनी की विशेष सेना ब्रैंडनबर्गर्स ने 1678 में स्वीडन में ग्रीफ्सवाल्ड शहर पर कब्जा जमाया।
- स्पेन और आस्ट्रिया ने 1725 में गुप्त समझौते पर हस्ताक्षर किये।
- 1854 में हुए क्रीमिया के युद्ध में ब्रिटिश और फ्रांस की संयुक्त सेना ने इकेरमान में रूसी सेना को पराजित किया।
- उल्येसेस एस ग्रांट 1872 में अमेरिका के दूसरी बार राष्ट्रपति निर्वाचित।
- आटो मोबाइल के लिए जॉर्ज बी सेल्डम को 1895 में अमेरिका का पहला पेटेंट मिला।
- इंग्लैंड एवं फ्रांस द्वारा तुर्की के विरुद्ध युद्ध की घोषणा 1914 में की गयी।
- इंडियन रेडक्रॉस सोसाइटी की स्थापना 1920 में हुयी।
- अमेरिका के महान साहित्यकार सिन्क्लेयर लेविस को 1930 में उनकी कृति 'बाबित्त' के लिये साहित्य का नोबल पुरस्कार मिला।
- एडोल्फ हिटलर ने 1937 में गुप्त बैठक बुला कर जर्मन जनता के लिए ज्यादा जगह लेने की अपनी योजना का खुलासा किया।
- नावेदा परमाणु परीक्षण केंद्र में 1951 में अमेरिका ने परमाणु परीक्षण किया।
- भारत के प्रथम प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू ने 1961 में न्यूयार्क की यात्रा की।
- सोवियत संघ ने 1976 में परमाणु परीक्षण किया।
- इस्रायल के प्रधानमंत्री यित्जाक रॉबिन की 1995 में गोली मारकर नृशंस हत्या।
- पाकिस्तान के राष्ट्रपति फारूख अहमद खान ने 1996 में बेनजीर भुट्टो की सरकार को हटा कर पाक नेशनल असेंबली भंग की।
- वेस्टइंडीज के महानतम तेज गेंदबाज मैल्कम मार्शल का 1999 में निधन।

## अंकजाल - 7719

खाली स्थानों में 1 से 9 तक के अंक लिखकर दाएँ से बाएँ एवं ऊपर से नीचे जोड़ना है जिसका सही उत्तर मटमैले रंग के खानों में दिया गया है.

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ■ | 21 | 20 | 17 | ■ | 35 | 27 | 11 | 12 | ■ |
| 16 | | 3 | | ■ | | 3 | | 2 | 16 |
| 22 | 6 | | 9 | ■ | 7 | | 5 | | 21 |
| 7 | | 5 | ■ | 7 | | 9 | | 3 | 29 |
| 35 | 8 | | 6 | | 3 | | ■ | ■ | ■ |
| ■ | ■ | ■ | | 3 | | 7 | | 8 | 36 |
| 29 | 5 | | 6 | | 6 | ■ | 8 | | 15 |
| 21 | | 5 | | 7 | ■ | 3 | | 7 | 12 |
| 20 | 5 | | 9 | | ■ | | 5 | | 20 |
| ■ | 13 | 17 | 33 | 30 | ■ | 10 | 23 | 30 | ■ |

अंकजाल 7718 का हल

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ■ | 12 | 13 | 35 | 30 | ■ | 12 | 16 | 22 | ■ |
| 24 | 2 | 6 | 7 | 9 | ■ | 7 | 2 | 5 | 14 |
| 20 | 5 | 4 | 9 | 2 | ■ | 5 | 8 | 7 | 20 |
| 25 | 5 | 3 | 8 | 2 | 7 | ■ | 4 | 7 | 11 |
| ■ | ■ | ■ | 5 | 7 | 8 | 9 | 2 | 3 | 34 |
| 35 | 8 | 5 | 6 | 7 | 3 | 6 | ■ | ■ | ■ |
| 7 | 2 | 5 | ■ | 3 | 4 | 7 | 8 | 8 | 30 |
| 19 | 5 | 8 | 6 | ■ | 4 | 6 | 8 | 7 | 25 |
| 14 | 3 | 5 | 6 | ■ | 7 | 3 | 2 | 7 | 19 |
| ■ | 18 | 23 | 12 | ■ | 33 | 31 | 18 | 22 | ■ |

Jagrutidaur.com, Bangalore

## जीवन का संघर्ष

**एक** दिन एक व्यक्ति बहुत परेशान लग रहा था। मित्र ने पूछा- क्या बात है? आज इतने परेशान क्यों हो? उसने कहा- मैं बहुत मुसीबत में फंस गया हूं।

**मित्र बोला-** तुम्हारी क्या मुसीबत हो सकती है? तुम्हारे दोनों लड़के संपन्न हैं। खूब धन कमा रहे हैं। तुम्हें किस बात की कमी है? तुम ठीक कहते हो। लड़के संपन्न हैं, पर मेरी मुसीबत उनके कारण ही है। ऐसा क्या हुआ, जो मुसीबत आ गई? मुसीबत बहुत बड़ी है। मैंने लड़कों को पढ़ाया। एक डॉक्टर बन गया और एक वकील। उनका यह व्यवसाय ही मुसीबत का कारण है। उनके व्यवसाय से आपकी मुसीबत का लेना-देना क्या है? हुआ यह कि एक एक्सीडेंट में मेरे पैर में चोट लग गई, पैर में घाव हो गया। जो डॉक्टर है, वह कह रहा है, पिताजी! घाव को जल्दी ठीक कर लें अन्यथा इसमें रस्सी पड़ जाएगी। हो सकता है फिर पैर काटने के सिवाय कोई विकल्प न रहे। यह तो अच्छी बात है। इसमें मुसीबत का प्रश्न ही कहां है? लेकिन जो वकील है, वह कह रहा है पिताजी! अभी घाव को ठीक नहीं करना है। इसे बढ़ने दें। जब घाव गहरा हो जाएगा, तब मैं दावा करूंगा और पूरा हजार्ना वसूल करूंगा। यही मेरी मुसीबत है। यह जीवन का संघर्ष है, टकराहट है। व्यक्ति दोनों ओर से खिंचा जा रहा है।

## सुविचार

देश का उद्धार विलासियों द्वारा नहीं हो सकता। उसके लिए सच्चा त्यागी होना आवश्यक है।
**प्रेमचंद**

विश्वास वह पक्षी है, जो प्रभात के पूर्व अंधकार में ही प्रकाश का अनुभव करता है और गाने लगता है।
**रवींद्रनाथ ठाकुर**

# हैरिस हों या ट्रम्प, भारत-अमेरिका संबंध होते रहेंगे सशक्त

आरके सिन्हा

**अमेरिका** में कल ही यानि 5 नवंबर को राष्ट्रपति पद के लिए मतदान होने जा रहा है। इसको लेकर सारी दुनिया के साथ भारत में भी गहरी दिलचस्पी ली जा रही है। हालांकि यह बात तो शीशे की तरह साफ है कि अमेरिका का अगला राष्ट्रपति चाहें भारतीय मूल की कमला हैरिस बने हैं या डोनाल्ड ट्रंप, दोनों देशों के संबंध बेहतर बने रहेंगे। भारत और अमेरिका के बीच संबंधों का एक लंबा इतिहास है, लेकिन 21वीं सदी में इन संबंधों ने एक नया आयाम ग्रहण किया है। आज यह दो लोकतांत्रिक महाशक्तियां एक दूसरे के महत्वपूर्ण भागीदार हैं, जो वैश्विक सुरक्षा, आर्थिक विकास और तकनीकी प्रगति में साथ मिलकर महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं।

भारत और अमेरिका के संबंधों का इतिहास वैसे कहें तो जटिल ही रहा है। 1947 में भारत की आजादी के बाद, अमेरिका ने भारत को शीत युद्ध के दौरान एक महत्वपूर्ण सहयोगी के रूप में देखा। हालाँकि, 1960 और 1970 के दशक में, भारत की गुटनिरपेक्ष नीति और अमेरिका की पाकिस्तान के साथ निकटता के कारण दोनों देशों के बीच कुछ तनाव भी देखने को मिले। 1990 के दशक में, शीत युद्ध के खत्म होने और वैश्वीकरण के उदय ने भारत-अमेरिका संबंधों में एक नया अध्याय शुरू किया। दोनों देशों ने एक दूसरे के साथ व्यापार और निवेश को बढ़ावा दिया, और सुरक्षा क्षेत्र में सहयोग को मजबूत किया।

आज, भारत-अमेरिका संबंध विभिन्न क्षेत्रों में गहरे और मजबूत हैं। भारत अमेरिका के लिए एक प्रमुख व्यापारिक भागीदार है, और अमेरिका भारत का सबसे बड़ा निवेशक है। दोनों देश एक दूसरे के बाजारों में अपनी पहुंच बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। दोनों देशों ने आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई, साइबर सुरक्षा और समुद्री सुरक्षा जैसे मुद्दों पर सहयोग को बढ़ावा दिया है। भारत और अमेरिका एक दूसरे के साथ तकनीकी क्षेत्र में सहयोग कर रहे हैं। भारत में टेक्नोलॉजी के क्षेत्र में विकास की गति तेज है, और अमेरिकी कंपनियां भारत के बाजार में निवेश करने में रुचि रखती हैं। इसके साथ ही, दोनों देशों के बीच शिक्षा और संस्कृति के क्षेत्र में भी मजबूत संबंध हैं। कई भारतीय छात्र अमेरिका में उच्च शिक्षा प्राप्त करने के लिए जाते हैं, और अमेरिका में भारतीय संस्कृति की उपस्थिति बढ़ रही है।

हालांकि भारत-अमेरिका संबंधों में प्रगति हुई है, लेकिन कुछ चुनौतियाँ अभी भी मौजूद हैं। दोनों देशों के बीच व्यापार संबंधों में कुछ असंतुलन है, जिसके कारण कुछ तनाव भी देखने को मिलता रहता है। भारत-अमेरिका संबंधों में प्रवासी भारतीयों की भूमिका भी खासी अहम रही है। अमेरिका में बसे भारतीयों ने अपनी मेहनत, प्रतिभा और सांस्कृतिक समृद्धि से दोनों देशों के बीच एक मजबूत सेतु का निर्माण किया है। प्रवासी भारतीयों का अमेरिकी अर्थव्यवस्था में योगदान अविश्वसनीय है। वे विभिन्न क्षेत्रों में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं, जिनमें प्रौद्योगिकी, चिकित्सा, वित्त और उद्यमिता शामिल हैं। "सिलिकॉन वैली" में भारतीय मूल के उद्यमी और कार्यकर्ता प्रौद्योगिकी क्रांति में अग्रणी भूमिका निभाते हैं। इसके अलावा, भारतीय-अमेरिकी व्यापारियों ने दोनों देशों के बीच व्यापारिक संबंधों को मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। प्रवासी भारतीयों का अमेरिका में राजनीति पर भी महत्वपूर्ण प्रभाव है। वे विभिन्न राजनीतिक दलों में सक्रिय हैं और उच्च पदों पर पहुंचते हैं। कांग्रेस और राज्य विधानसभाओं में महत्वपूर्ण संख्या में भारतीय-अमेरिकी सांसद हैं।

## राशिफल

**मेष** जमीन जायदाद का लाभ भी हो सकता है। आवास, मकान तथा वाहन की सुविधाएं मिलेंगी। कर्ज तथा रोगों से मुक्ति भी संभव है।

**तुला** सुबह-सुबह की महत्वपूर्ण सिद्धि के बाद दिन-भर उत्साह रहेगा। किसी लाभदायक कार्य के लिए व्ययकारक स्थितियां आज पैदा होगी।

**वृष** यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। बनते हुए कार्यों में बाधा आएगी।

**वृश्चिक** कई प्रकार के हर्ष उल्लास के बीच आमोद-प्रमोद का दिन होगा। व्यावसायिक प्रगति भी होगी। स्वास्थ्य और जीवन स्तर में सुधार की अपेक्षा रहेगी।

**मिथुन** बढ़ते घाटे से कुछ राहत मिलने लगेगी। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। नौकरी में पदोन्नति की संभावना है।

**धनु** प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। मनोरथ सिद्धि का योग है।

**कर्क** शत्रुभय, चिंताए संतान को कष्ट, अपव्यय के कारण बनेंगे। संतोष रखने से सफलता मिलेगी। नौकरी में स्थिति सामान्य ही रहेगी।

**मकर** कुछ आर्थिक संकोच पैदा हो सकते हैं। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंग। सभा-गोष्ठियों में मान-सम्मान बढ़ेगा।

**सिंह** महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। कामकाज में आ रही बाधा दूर होगी।

**कुंभ** दिन-भर का माहौल आडंबरपूर्ण और व्ययकारी होगा। वरिष्ठ लोगों से कहासुनी वातावरण में तनाव पैदा करेंगे।

**कन्या** शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी।

**मीन** व्यवसायिक अभ्युदय भी होगा और प्रसन्नताएं भी बढ़ेगी। कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा।

# मध्यप्रदेश के जंगलों में मरते हाथी, बढ़ते बाघ

गौरतलब | राकेश अचल

10 हाथियों का पोस्टमार्टम पशु चिकित्सकों की टीम ने किया है। पोस्टमार्टम के बाद विसरा को जांच के लिए बरेली और सागर की फोरेंसिक लैब में भेजी गयी है। हाथी कोदो और बाजरा खाने पहली बार नहीं निकले थे। अब सवाल ये भी है कि क्या उन्हें शिकारियों ने मारा है या ग्रामीणों ने। हाथी अपने आप तो कम से कम नहीं मरे। हाथियों को उनके दांतों के लिए मारा जाता है हालांकि हाथी दांत की बिक्री भारत समेत दुनिया के सभी देशों में प्रतिबंधित है। साल 1986 में भारत ने वन्यजीव संरक्षण अधिनियम, 1972 को संशोधित कर हाथी दांत की घरेलु बिक्री पर भी बैन लगा दिया था।

**मप्र** के जंगलों में हाथियों की संख्या कम हो रही है लेकिन बाघों की संख्या बढ़ रही है । प्रदेश में पिछले एक हफ्ते में ही अलग-अलग ठिकानों पर 10 हाथियों की रहस्यमय तरीके से मौत हो गयी। मप्र के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने इस सिलसिले में जंगलात के 2 अफसरों का निलंबन भी किया। मामले की उच्च स्तरीय जांच के आदेश भी दिए ,लेकिन हाथियों की जान पर खतरे बरकरार हैं। खास बात ये है कि मप्र में बाघों की आबादी में इजाफा हो रहा है।।

मप्र में देश का सबसे बड़ा वन क्षेत्र है। सम्भवत देश के वन क्षेत्र का २१ फीसदी भाग मप्र में आता है। स्टेट ऑफ फारेस्ट रिपोर्ट 2001 के मुताबिक मध्यप्रदेश में वन विभाग के नियंत्रण में 95221 वर्ग किलोमीटर का क्षेत्रफल आता है जबकि इसमें वास्तव में 77265 वर्ग किलो मीटर की जमीन पर ही जंगल दर्ज किया गया है। इसका मतलब यह है कि 18 हजार वर्ग किलोमीटर के क्षेत्र में जंगल नहीं है फिर भी वन विभाग का उस पर नियंत्रण है। इसमें से भी सघन वन का क्षेत्रफल 44384 वर्ग किलोमीटर ही है। वर्तमान स्थिति में मध्यप्रदेश में क्षेत्रफल की दृष्टि से सबसे ज्यादा, 76429 वर्ग किलोमीटर जंगल है। इसके बाद आंध्रप्रदेश में 68019 वर्ग किलोमीटर और छत्तीसगढ़ में 55998 वर्ग किलोमीटर जंगल है। मप्र में हाथियों की संख्या का मुझे कोई सही ज्ञान नहीं हैं, लेकिन मप्र में हाथी हैं। मप्र में चूंकि सबसे ज्यादा वन क्षेत्र है इसलिए यहां अभ्यारण्यों की संख्या भी 24 है ,किन्तु निमने हाथियों का अलग से कोई अभ्यारण्य नहीं है। इन अभ्यारण्यों में अब वन्यप्राणीं भयभीत हैं, क्योंकि जनगलों के सबसे विशालकाय हाथी ही इनमें सुरक्षित नहीं हैं। यहां खरमोर से लेकर घड़ियालों तक के लिए अभ्यारण्य हैं किन्तु हाथियों के लिए नहीं, इसीलिए शायद मप्र में हठी सुरक्षित नहीं है। बांधवगढ़ के जंगलों में 10 हाथियों की मौत का कारण दूषित कोदो [एक तरह की खरपतवार] को माना गया है लेकिन कोई इसके ऊपर भरोसा करने को तैयार नहीं है।

मप्र वैसे भी टाइगर स्टेट है,इसीलिए यहां शायद हाथियों पर ज्यादा गौर नहीं किया जाता। देश के हृदय प्रदेश मध्यप्रदेश में पहली बार बाघों की संख्या 785 पहुंच गई है। राष्ट्रीय स्तर पर पिछली बार की गणना में मप्र में बाघों की आबादी महज 526 थी लेकिन अखिल भारतीय बाघ गणना जनगणना 2022 के अनुसार इस बार मध्यप्रदेश में बाघों की संख्या में देश में सर्वाधिक वृद्धि हुई है। सबसे ज्यादा बाघों के साथ मध्यप्रदेश देश में इस बार बहुत आगे निकल गया है। उपेक्षित हठी यदि अचानक न मरते तो शायद इस मुद्दे को लेकर कोई हलचल भी नहींहोती,क्योंकि मप्र में चाहे हतहि हो चाहे अफ्रीकी चीते मरने के लिए अभिशप्त है। हाथियों से पहले मप्र के कुँओं अभ्यारण्य में माननीय प्रधानमंत्री द्वारा छोड़े गए अफ्रीका के १० चीते मर चुके हैं। मप्र में मृत 10 हाथियों में से एक नर और नौ मादा थी। इसके अलावा, मृत दस हाथियों में से 6 किशोर/उपवयस्क और 4 वयस्क थे।

स्वामित्व दिग्विजय सिंह के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक आलोक कुमार सिन्हा द्वारा एवी पब्लिशर, 220 माखिजा हाउस, ओल्ड एचबी रोड, नियर कोकर बाजार, कोकर, रांची, 834001 से प्रकाशित एवं शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पंप, रातू, रांची 835222 से मुद्रित। आर.एन.आई.सं : JHAHIN2009/32423, **प्रबंध सम्पादक**: नागेंद्र नारायण सिंह, **सम्पादक (झारखंड)**: विष्णु शंकर उपाध्याय*। दूरभाष 0651-3501612, 8825197097, 9431343365, 9431191443 *इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पीआरबी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। किसी कानूनी विवाद की स्थिति में निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

# नहाय खाय के साथ लोक आस्था का महापर्व छठ आज से शुरू

## घाटों पर बढ़ेगी रौनक, मुस्तैद रहेगा प्रशासन




**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**
**मेदिनीनगर :** चार दिवसीय छठ पर्व का पहला दिन नहाय खाय के साथ आज से शुरुआत हो रही है। दीपावली के बाद छठ की तैयारियों की रौनक शहर में दिखाई देने लगी है। पलामू में भी बड़ी संख्या में लोग छठ मनाते हैं। छठ पूजा झारखंड बिहार, यूपी तक ही नहीं बल्कि हर जिले व कस्बों में भी बड़े पैमाने पर मनायी जाती है। आज नहाय खाय के दिन व्रती महिलाएं चने की दाल, लौकी और भात प्रसाद में ग्रहण करेंगी। कार्तिक मास की षष्ठी तिथि से छठ पर्व की शुरूआत हो जाती है और इस बार यह शुभ तिथि पांच नवंबर को है। छठ पर्व का पहला दिन नहाय खाय के साथ शुरू होता है, दूसरे दिन खरना, तीसरे दिन संध्या अर्घ्य और चौथे दिन उगते सूर्य को अर्घ्य देते समापन हो जाता है। चार दिन तक चलने वाले इस पर्व में 36 घंटों तक निर्जला व्रत रखा जाता है, जो बेहद कठिन होता है। पौराणिक मान्यताओं के अनुसार, सूर्यदेव और छठी मैया की पूजा अर्चना और अर्घ्य देने से सुख शांति समृद्धि संतान सुख और आरोग्य की प्राप्ति होती है। पारंपरिक भोजन छठ उत्सव की शुरूआत नहाय खाय से होती है।

## सूप और दउरा से सजे लातेहार के बाजार, खरीदारी में जुटे छठव्रती

| पूजा सामग्री | कीमत |
| --- | --- |
| सूप | 50-180 रुपये |
| खाचा | 35-450 रुपये |
| एक किलो घी | 520 रुपये |
| गंगा जल | 110 रुपये |
| मखाना | 300 रुपये पाव |
| अखरोट | 5 रुपये पीस |
| जायफल | 5 रुपये पीस |
| कसैली | एक रुपये पीस |
| पिस्ता-बादाम | एक रुपये पीस |
| सिन्दूर | पांच रुपये डिब्बी |



**लातेहार :** लोक आस्था का महापर्व छठ आज से शुरू हो रहा है। इसे लेकर छठवृतियों में खासा उत्साह है। लोग पूजा सामग्री जमा करने में जुट गए हैं। जहाजकोठी और थाना चौक पर छठवृतियों की भीड़ उमड़ रही है। छठ पर्व में बांस से बना सूप दउरा की खरीदारी तेजी से हो रही है। इसके साथ शहर छठ गीतों से गुंजायमन हो रहा है। छह नवंबर को को खरना अनुष्ठान होगा। छठ व्रती दिन भर उपवास पर रहेंगे। सूर्यास्त के बाद व्रती भगवान की नेम निष्टा से पूजा पाठ करेंगे। इसके बाद प्रसाद ग्रहण करेंगे। लोगों के बीच प्रसाद वितरण किया जायेगा। साथ ही व्रतियों का 36 घंटे का निर्जला उपवास आरंभ हो जायेगा। सात नवम्बर को श्रद्धालु छठ घाट पर अस्ताचलगामी भगवान सूर्य को अर्घ्य देंगे। इस सम्बन्ध में आशा देवी ने कहा कि अधिकांश सूप, दउरा जिले के ग्रामीण क्षेत्र और बाहर से खूंटी, मांडर, जोन्हा, तमाड़, मुरी आदि स्थानों से मंगाया जाता है। लातेहार जिला मुख्यालय में सप्ताह का हॉट मंगलवार को बाजारटांड में लगता है पर छठ पूजा को देखते हुए चार दिन से दुकान लगाये जा रहे हैं। यहां पर सभी समुदाय छठ पर्व में दुकान लगाते हैं। दर्जनों दुकानों को मिलाकर चार दिन में लगभग 2 से 3 लाख रुपये का सूप दउरा का कारोबार होता है। आशा देवी बताती हैं कि अप्रैल-मई महीने से ही सुप बनाने का कार्य कारीगरों के द्वारा शुरू किया है। वहीं फल दुकानदार राजू, श्रवण आदि का कहना है कि इस वर्ष एक पैकेट डंभा का मूल्य 2800-3000 रुपये है, जो पिछले साल से सात सौ रुपये अधिक है। साथ ही इस बार 17 हजार रुपये एक एलपी का किराया देना पड़ा, जो पिछले साल रांची आने में 10 हजार रुपये ही खर्च करना पड़ा था।

## नारायण वन में पांच राज्यों से छठ पूजा करने पहुंचते हैं श्रद्धालु, उमड़ता है आस्था का सैलाब



**किशन श्याम विमल**
**गढ़वा :** जिला मुख्यालय से 60 किलोमीटर उत्तर दिशा में स्थित केतार प्रखंड का नारायण वन सूर्य मंदिर की ख्याति झारखंड समेत बिहार, उत्तर प्रदेश, छत्तीसगढ़ व मध्य प्रदेश में भी है। इस वर्ष भी यहां कार्तिक मास के शुक्ल पक्ष की चतुर्थी तिथि से छठ महापर्व प्रारंभ हो रहा है। इसे लेकर प्रशासन के सहयोग से मंदिर विकास समिति ने जोर-शोर से मंदिर प्रांगण की साफ-सफाई, स्नान, पेयजल, लाइटिंग, डेकोरेशन, सीसीटीवी, पार्किंग, मेला तथा मेडिकल की व्यवस्था छठव्रतियों के साथ-साथ आम एवं वीआइपी अतिथियों के लिए की जा रही है।

**अग्रभाग में घोड़े पर सवार हैं भगवान सूर्य**

**मंदिर** के अग्रभाग में सारथी के साथ-साथ घोड़े पर सवार भगवान सूर्य को दशार्या गया है। यहां की मोहक एवं मनोरम वादियां श्रद्धालुओं को अपनी ओर आकर्षित करती है। मंदिर के नीचे पहाड़ों की कंदराओं से वर्ष भर जल का प्रवाह होता रहता है, जो जलकुंड से होकर बाहर निकल जाता है। इसी जलकुंड में व्रती स्नान करते हैं। पौराणिक विधि से होता है छठ : नारायण वन में छठ व्रत के अवसर पर बृहद मेले का आयोजन होता है, जिसमें लाखों लोग पहुंचते हैं। वहीं विभिन्न राज्यों से 40 से 50 हजार छठव्रती छठ व्रत के लिए यहां आते हैं। यहां बाहर से आये श्रद्धालु दो दिन पूर्व ही नारायण वन पहुंचकर अपना स्थान सुरक्षित कर लेते हैं तथा नहाय-खाय के साथ यहां पौराणिक विधि-विधान से खरना एवं अस्तचलगामी सूर्य को अर्घ अर्पित करने के बाद पूरी रात नारायण वन में कुटिया बनाकर द्वीप प्रज्वलित कर पूजा-अर्चना में मग्न हो जाते हैं। इसके बाद सुबह उदीयमान सूर्य को अर्घ अर्पित कर मंदिर में पूजा-अर्चना कर वापस अपने घर को लौट जाते हैं।

**मिला पर्यटन स्थल का दर्जा**

**पहाड़ों** की तलहटी में सुनसान जगह पर स्थित नारायण वन में छठ के दो दिन पूर्व से ही आकर्षक लाइटिंग एवं डेकोरेशन के कारण पूरा पहाड़ी क्षेत्र जगमगा उठता है। इसकी भव्यता एवं ख्याति को देखते हुए गत वर्ष झारखंड सरकार ने नारायण वन को पर्यटन स्थल का दर्जा दिया गया है।

### कैसे बढ़ रही है ख्याति

**यहां** सैकड़ो वर्ष पूर्व कृष्णानंद ब्रह्मचारी के स्वप्न में मुकुंदपुर पहाड़ों की तलहटी स्थित भूत गड़वा नामक स्थान पर जलकुंड के पास दो मूर्तियां दबे होने का स्वपन आया। इसके बाद ग्रामीणों के साथ ब्रह्मचारी जी वहां पहुंचे तथा खुदाई की। जहां से सूर्य की आकृति उभरी दो दिव्य पत्थर की मूर्तियां मिली। जिसे कुछ वर्षों तक लोग इस स्थान पर रखकर पूजा- अर्चना करने लगें। इसके बाद इसे सन 1955 में एक छोटे से चबूतरे पर उक्त दोनों मूर्तियों को स्थापित किया गया। बाद में जन सहयोग से एक छोटे से मंदिर में उक्त मूर्ति को अधिष्ठापित किया गया। आस-पास के इलाके में भगवान सूर्य के मंदिर नहीं होने के कारण तथा श्रद्धालुओं की बढ़ती श्रद्धा के कारण उक्त स्थान पर आस-पास के लोग छठ व्रत करने लगे। बाद में भूतगड़वा नामक स्थान को नारायण वन के नाम से जाना जाने लगा।

## छठ पर्व की तैयारी को लेकर उपायुक्त ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से की बैठक



**लातेहार :** छठ पर्व की तैयारी को लेकर उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता की अध्यक्षता में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से बैठक का आयोजन किया गया ।बैठक में उपायुक्त ने जिले अंतर्गत छठ घाटों पर की जा रही तैयारियों की क्रमवार समीक्षा कर छठ घाटों की ससमय साफ-सफाई, महिलाओं के लिए चेंजिंग रूम, छठ घाट में डेंजर डोन चिन्हित करने, बेरिकेडिंग, सभी छठ घाटों से नाविक और गोताखोर को टैग करने का निर्देश दिया ।बैठक में प्रखंड विकास पदाधिकारियों को निर्देशित किया गया कि वे छठ समितियों के साथ समन्वय स्थापित कर सभी व्यवस्थाओं को समय पर पूरा करें, ताकि विधि व्यवस्था, सुरक्षा व्यवस्था और यातायात में किसी प्रकार की समस्या उत्पन्न न हो। छठ समितियों को यह सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया कि साफ-सफाई ससमय करा लें जिससे श्रद्धालुओं को किसी तरह से असुविधा नहीं हो। भीड़भाड़ वाले स्थानों पर ड्रॉप गेट लगाने, छठ घाटों की ओर जाने वाले सभी पहुंच पथ साइनेज, माइकिंग व्यवस्था दुरुस्त रखने, विद्युत पोल व रोशनी की व्यवस्था को दुरुस्त करने तथा सुगम यातायात व्यवस्था बनाये रखने व कचरा प्रबंधन की व्यवस्था को समय पर पूरा करने को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश गया।

## जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने विभिन्न कोषांगों की समीक्षा की

# निर्वाचन कार्य में छोटी लापरवाही भी बर्दाश्त नहीं : शशि रंजन



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**
**मेदिनीनगर :** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त शशि रंजन की अध्यक्षता में पांचो विधानसभा के निवार्ची पदाधिकारियों, विभिन्न कोषांगों व उनके प्रभारी पदाधिकारियों संग बैठक आयोजित की गयी।इस दौरान उन्होंने एक-एक कर सभी कोषांगों द्वारा किये जा रहे कार्यों से अवगत हुए। इसमें मुख्य रूप से ईवीएम/ वीवीपैट कोषांग, सामग्री कोषांग, वाहन कोषांग, एमसीसी सेल, निर्वाचन कोषांग, पोस्टल बैलेट सेल, सेवा मतपत्र, मीडिया कोषांग आदि की समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने 03 नवंबर को होम वोटिंग व सुविधा केंद्र पर कितना मतदान हुआ से संबंधित पूरी जानकारी ली। इसी तरह उन्होंने पांचो विधानसभा में वोटर इनफार्मेशन स्लिप के वितरण की भी जानकारी ली। बैठक में उन्होंने सभी से स्पष्ट रूप से कहा कि निर्वाचन जैसे महत्वपूर्ण कार्य में छोटी लापरवाही को भी बर्दाश्त नहीं किया जायेगा। इस दिशा में आवश्यक हो जाता है कि पूरे चुनाव प्रक्रिया में निर्वाचन आयोग के दिशानिदेर्शों का अनिवार्य रूप से पालन हो। बैठक में उन्होंने सेक्टर पदाधिकारी का तामिला, स्वीप गतिविधियों की भी जानकारी ली। उन्होंने बीएलओ को असिस्ट करने को लेकर जो वॉलिंटर्स रहेंगे उनको प्रशिक्षित करने पर बल दिया। इसी तरह जिला निर्वाचन पदाधिकारी श्री रंजन ने अन्य कई बिंदुओं पर भी समीक्षा करते हुए कई निर्देश दिये।

# भाजपा प्रत्याशी हरिकृष्णा सिंह के समर्थन में खरवार आदिवासी एकता संघ ने की बैठक



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**
**मनिका/लातेहार :** मनिका प्रखंड के सिन्जो पंचायत स्थित अगरबत्ती फैक्ट्री में खरवार आदिवासी एकता संघ की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता खरवार आदिवासी एकता संघ के प्रखंड अध्यक्ष रमेश सिंह ने किया। वही कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भाजपा प्रत्याशी हरिकृष्णा सिंह तथा वशिष्ठ अतिथि भाजपा नेता महेश सिंह थे। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि भाजपा प्रत्याशी हरिकृष्णा सिंह को खरवार समाज की ओर से अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया। वही कार्यक्रम के मुख्य उद्देश्य आगामी विधानसभा चुनाव में मनिका विधानसभा से भाजपा प्रत्याशी को विजय बनाने के लिए आवश्यक रणनीति तैयार करना था। बैठक में संघ के सदस्यों और स्थानीय खरवार समुदाय के बूढ़े,युवा व महिला, पुरुष सैकड़ों संख्या में लोग शामिल हुए। जिन्होंने क्षेत्र में भाजपा के पक्ष में समर्थन बढ़ाने और चुनाव प्रचार को गति देने पर विचार विमर्श किया। बैठक में यह निर्णय लिया गया कि हरिकृष्णा सिंह के समर्थन में व्यापक प्रचार प्रसार अभियान चलाया जायेगा। जिससे आदिवासी समुदाय की अधिक से अधिक भागीदारी सुनिश्चित की जायेगी। वहीं वशिष्ठ अतिथि भाजपा नेता महेश महेश सिंह ने कहा कि हमारा सदियों से इतिहास रहा है कि जो हमारे खरवार समाज हैं। वह भाजपा को समर्थन करते आए हैं इस बार भी हमारा समाज भाजपा को समर्थन करेंगे।

# बेहतर स्वास्थ्य, शिक्षा और मूलभूत सुविधाओं के लिए करें वोट : राकेश पासवान



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**
**लातेहार :** बेहतर स्वास्थ्य, शिक्षा और मूलभूत सुविधाओं के लिए वोट करे उक्त बातें निर्दलीय प्रत्यासी जोरावर राम के पुत्र राकेश पासवान ने बातचीत के क्रम में कहा। उन्होंने कहा कि विधानसभा चुनाव का दौर जारी है। विभिन्न दलों ने अपने-अपने प्रत्याशियों को मैदान में उतारा है। आगे कहा कि सभी प्रत्याशी अपने धन, जन, बल के साथ मैदान में कूद चुके हैं ।श्री पासवान ने कहा कि लातेहार विधानसभा का चुनाव अब त्रिकोणीय नजर आ रहा है। भाजपा और झामुमो जैसे काद्यावर प्रत्याशियों के बीच जनता यहाँ की जनता मुझे जोरदार समर्थन दे रही है । उन्होंने दावा किया है कि मैदान में आने इंडिया गठबंधन और भाजपा जैसे दिग्गज पार्टियां के पसीने छुट रहे हैं ।कहा कि निश्चित तौर से लातेहार आज भी अपने मूलभूत सुविधाओं से वंचित है।

# स्वीप के तहत रन फॉर वोट का आयोजन



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**
**लातेहार :** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता के निदेर्शानुसार विधान सभा चुनाव 2024 में जिले अंतर्गत शत प्रतिशत मतदान हेतु मतदाताओं को विभिन्न स्तर से जागरूक किया जा रहा है। इसी क्रम में सोमवार को शहरी क्षेत्र में मतदाताओं तथा युवा मतदाताओं को मतदान के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से स्वीप मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के तहत रन फॉर वोट का आयोजन जिला खेल स्टेडियम में किया गया। रन फॉर वोट दौड़ जिला खेल स्टेडियम से कारगिल चौक होते हुए जिला खेल स्टेडियम में समाप्त किया गया। जिसमें बढ़ चढ़ कर विद्यालयों के छात्रझ छात्राओं, एनसीसी कैडेट के छात्र छात्राओं ने हिस्सा लिया। रन फॉर वोट प्रतियोगिता में पुरुष के लिए 6 किलोमीटर और महिला के लिए 4 किलोमीटर की दूरी निर्धारित थी ।पुरुष में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले श्रवण कुमार, द्वितीय स्थान पर दिलीप कुमार ,तृतीय स्थान पर रोहित उरांव एवं व महिला में प्रथम स्थान पर अनुपा उरांव, द्वितीय स्थान पर सुनैना कुमारी, तृतीय स्थान पर क्रांति कुमारी विजेता प्रतिभागियों को प्रथम ( 5000), द्वितीय ( 3000), तृतीय ( 2000) प्रोत्साहन राशि देकर सम्मानित किया गया। इस दौरान गुब्बारे उड़ाकर लोगों के बीच मतदाता जागरूकता का संदेश दिया गया। 13 नवंबर को लोकतंत्र के महापर्व में शत प्रतिशत मतदान में सहभागिता के लिए मतदाताओं को जागरूक किया गया। इस दौरान सभी को लोकतंत्र के निर्माण में प्रत्येक वोट की महत्वता के बारे में बताया गया आगामी 13 नवंबर को स्वयं भी मतदान करने तथा अपने परिवार के सभी सदस्य एवं आस पास के लोगो को भी मतदान के प्रति जागरूक करने हेतु प्रेरित किया गया।

# सपा झारखंड प्रभारी ने मनिका में किया चुनावी कार्यालय का उद्घाटन



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**
**मनिका/लातेहार :** मनिका में सपा प्रत्याशी रघुपाल सिंह के चुनावी कार्यालय का उद्घाटन सपा के झारखंड प्रभारी सह यूपी के पूर्व मंत्री ब्यास गौड ने विधि विधान के साथ नारियल फोड़ कर तथा फीता काटकर किया ।इसके पहले मनिका से सपा प्रत्याशी रघुपाल सिंह अपने सैकड़ों समर्थकों के साथ मतलोंग मोड़ से मोटरसाइकिल रैली निकाली जो पंचफेड़ी चौक होते हुए सपा कार्यालय तक पहुंची उक्त रैली के दौरान रघुपाल सिंह के समर्थक रघुपाल सिंह जिंदाबाद, सपा पार्टी जिंदाबाद के नारे लगा रहे थे। कार्यालय उद्घाटन में झारखंड सपा प्रभारी ब्यास गौड के साथ सपा प्रदेश अल्प संख्यक मोर्चा के अध्यक्ष सुलेमान अंसारी, अधिवक्ता सह सपा प्रवक्ता रामदेव प्रसाद यादव, सपा पलामू जिला अध्यक्ष मोहन यादव, सपा नेता बलि यादव, देवबंश यादव सहित सैकड़ों सपा समर्थक एवं कार्यकर्ता मौजूद थे।

# बुलेट मोटरसाइकिल व मोबाइल लूट कांड का गुमला पुलिस ने किया उद्भेदन



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**
**गुमला :** गुमला पुलिस ने गत 22 सितंबर को तर्री बाइपास के समीप खरका निवासी शुभम कुमार से बुलेट बाइक व उसका व उसके दो दोस्तो का मोबाइल लूटपाट करने के मामले का उद्भेद्भिन कर लिया है। पुलिस ने उक्त मामले में तिर्रा केमताटोली बसिया निवासी सुमित डुंगडुंग (25), खरकी बालाटोली किस्को लोहरदगा निवासी लक्ष्मण भगत (20), बरिसा गुमला निवासी बुधवा उरांव (22) व गिंडराटोली गुमला निवासी बुधेश्वर उरांव (24) को गिरफ्तार किया। जिसे न्यायिक हिरासत में प्रस्तुत कर जेल भेज दिया गया। पुलिस ने उनकी निशानदेही पर एक रॉयल इनफिल्ड बुलेट, वीवो कंपनी का काला रंग का एक मोबाइल, काला रंग का एक वन प्लस मोबाइल, चमकीला सफेद रंग का एक रेडमी कंपनी का मोबाइल व लूटपाट में उपयोग किया गया दो बाइक बरामद किया है। जानकारी एसडीपीओ सुरेश प्रसाद यादव ने देते हुए बताया कि एसपी शंभू कुमार सिंह को गुप्त सूचना मिली थी कि टोटो बाजार के पास तीन अवस्था में थे। जिन्हें टीम गठित कर छापामारी कर गिरफ्तार किया गया। पूछताछ में तीनों ने अपना नाम सुमित डुंगडुंग, बुधेश्वर उरांव व लक्ष्मण भगत बताया। तलाशी लेने पर दो लोगों के पास से दो मोबाइल बरामद किया गया। कड़ाई से पूछताछ करने पर तीनों ने तर्री बाइपास रोड़ से एक बुलेट व तीन मोबाइल लूट की घटना की बात स्वीकार की। वहीं दोनों मोबाइल लूट का है। गत रविवार को भी अपराध की नियत से टोटो बाजार आये थे। लेकिन पकड़े गये। पूछताछ के बाद इनकी निशानदेही से पुलिस ने चौथा आरोपी बुधवा उरांव को गिरफ्तार किया गया। उसके पास से पुलिस ने लूट का तीसरा मोबाइल बरामद किया। वहीं चारो आरोपियों की निशानदेही पर पुलिस ने शुभम कुमार की लूटी हुई बुलेट को बुधेश्वर उरांव के घर गिंडरा कानाटोली से बरामद किया गया। एसडीपीओ ने बताया कि गत 22 सितंबर को खरका निवासी शुभम कुमार व उसके दो दोस्त बाइक से तर्री बाइपास के पास घूमने आये थे। जहां वे अपनी मोबाइल से फोटो खिंचवा रहे थे। इसी बीच उपरोक्त आरोपियों ने इनके साथ लूटपाट कर फरार हो गये थे। उन्होने बताया कि सुमित डुंगडुंग के खिलाफ बसिया में एक, पालकोट में एक व कोलेबिरा में चार मामला दर्ज है। छापामारी में थानेदार सुरेंद्र कुमार सिंह, एसआइ मुनेश तिवारी व तकनीकि शाखा के एसआइ अजय कुमार विनय कुमार महतो औरंगजेब खान त्रिपुरारी गोस्वामी सहित पुलिस जवान शामिल थे।

## एक झलक

### रेलवे ट्रैक पर मिली उपमुखिया की लाश

**लातेहार :** सदर प्रखंड के बेंदी पंचायत के उपमुखिया बंधु उरांव रेलवे ट्रैक पर शव मिली। माना जा रहा है कि ट्रेन से कट जाने से बंधु की मौत हो गयी। बंधु का शव सोमवार की अहले सुबह लातेहार बेदी रेलवे स्टेशन के बीच लूग फीची गांव के समीप पाया गया। बताया जाता है कि डाउन लाइन में हुई इस घटना की सूचना मालगाड़ी के चालक के द्वारा लातेहार रेलवे स्टेशन प्रबन्धक को दिया गया। पुलिस रेलवे लाइन से शव को बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया है। पुलिस घटना के कारणों की जांच पड़ताल कर रही है।

### मतदाता जागरूकता अभियान के तहत रन फॉर वोट कार्यक्रम का आयोजन

**महुआडांड़/लातेहार :** विधानसभा चुनाव में शत प्रतिशत मतदान और प्रत्येक मतदाता की भागीदारी सुनिश्चित करने को लेकर आयोजित रन फॉर वोट कार्यक्रम का आयोजन किया गया। अनुमंडल पदाधिकारी विपिन कुमार दुबे, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी शिवपूजन बहेलिया, प्रखंड विकास पदाधिकारी संतोष बैठा एवं थाना प्रभारी अवनीश कुमार के नेतृत्व में आयोजित इस दौड़ की शुरूआत प्रखंड कार्यालय परिसर से की गयी। जो रामपुर होते हुए बिरसा चौक पहुंची। दौड़ में शामिल पदाधिकारीयों ने लोगों से वोट करने और दूसरों को भी वोट करने के लिए प्रेरित करने का अपील किया। इस दौरान एस आई राकेश कुमार, आई केयर की प्रोपराइटर संजू कुमारी, मोहम्मद खुर्शीद, रविंद्र ठाकुर, संटु प्रसाद समेत अनुमंडल एवं पुलिस प्रशासन के कर्मी एवं ग्रामीणों ने इस मैराथन दौड़ में भाग लिया।

### स्टायलन फैशन प्रतिष्ठान का हुआ उद्घाटन

**लातेहार :** जिले के बरवाडीह प्रखण्ड मुख्यालय अंतर्गत मुख्य बाजार स्थित शांति निकेतन पब्लिक स्कूल मार्ग में स्टायलन फैशन नामक कपड़े की प्रतिष्ठान का शुभारंभ सोमवार को कांग्रेस प्रत्याशी रामचंद्र सिंह, ईस्ट सेंट्रल रेलवे कर्मचारी यूनियन के शाखा सचिव सुनील सिंह, कार्यकारी अध्यक्ष चंदन कुमार और व्यवसायिक समिति के अध्यक्ष दीपक राज ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। इस अवसर पर श्री सिंह ने कहा कि बेहतरीन क्वालिटी के कपड़ो की मार्केटिंग के लिए बरवाडीह के लोगों को दूसरे शहरों में जाना पड़ता था लेकिन इस प्रतिष्ठान के खुल जाने से सभी तरह के कपड़ों की खरीदारी अब लोग यहां से ही कर सकते है। वहीं सुनील सिंह ने कहा कि इस प्रतिष्ठान से स्थानीय ग्राहकों के साथ-साथ रेल कर्मचारियों को भी इसका सबसे ज्यादा लाभ मिलेगा।

### बंगलवाडीह टोले में छठ महापर्व की तैयारी जोरों से

**भवनाथपुर :** कैलान पंचायत के बंगलवाडीह टोले में छठ महापर्व के तैयारी जोरों से लोग साफ सफाई में लगे है। छठ घाट के साथ साथ बैजनाथ यादव के घर से लेकर भोला साह के घर के पास छठ घाट तक सड़क मरम्मती किया गया। विभिन्न समाज के श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए छठ घाट और सड़क की साफ सफाई में लोग लगे रहे ।घाट पर नदियों के चारों तरफ सफाई कर छठ महापर्व के लिए पूरी तरह तैयार किया गया। नदियों में कचरा हटाने के साथ-साथ पानी की निकासी की भी व्यवस्था की गई, ताकि घाट पर आने वाले छठव्रतियों को परेशानी न हो। स्थानीय ग्रामीण भी सफाई अभियान में बढ़-चढ़कर भाग लिए ।ताकि घाट पर स्वच्छ और सुरक्षित माहौल बना रहे ।सफाई अभियान में मौजूद लोगों ने काहा कि छठ महापर्व हम सब की धार्मिक और सांस्कृतिक आस्था की प्रतीक है, जो हमलोग तन मन धन से पर्व को बनाते हैं,और व्यवस्था बनाना हमारा कर्तव्य बनता है जो पूर्ण निष्ठा से कार्य कर रहे है ।गांव के लोगों का सोच है कि सामूहिक कार्य से मनोबल बढ़ती है,आपसी रिश्ता, भाईचारे को भी जोड़ मिलता है। ग्रामीणों ने क्षेत्र के नेताओं से मांग किया की छठ घाट के पास एक तलाब है इसे सुंद्रीकरण करने के साथ साथ दो कोलो मीटर तक पकी सड़क का निर्माण की मांग किया।

## एक झलक

### मधुमक्खियों के हमले से दो कर्मी घायल

**भवनाथपुर :** केतार प्रखंड पचाडूमर में एलएनटी कम्पनी द्वार बनाया जा रहा पानी टंकी में लगे मधुमक्खियों छत्ता ने सोमवार को मधुमक्खियां ने हमला कर एलएनटी कम्पनी के दो कर्मचारी कमलेश कुमार वर्मा एवं मनी साह को डंक मार कर किया घायल। काफी मशक्कत के बाद मधुमक्खियों के झुंड से दोनों को बचाया गया। घायलों को भवनाथपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में इलाज लाया गया, जहां चिकित्स शैलेंद्र कुमार द्वारा इलाज किया गया। एलएनटी कंपनी के मैनेजर अलोक कुमार सिन्हा ने बताया कि पचाडूमर में पानी टंकी का कार्य किया जा रहा था। पानी टंकी में ही मधुमक्खी छत्ता लगा हुआ था। मधुमक्खियां के झुंड ने हमला कर दिया। जिसमे गार्डन मनी साह एवं कमलेश कुमार वमाकी मधुमक्खियां ने डंक मार कर जख्मी कर दिया। दोनों का इलाजसामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में चल रहा, जहां दोनों ठीक है।

### छठ तालाबों में साफ-सफाई का कार्य जोरों पर

**गुमला :** आगामी छठ महापर्व को ध्यान में रखते हुए गुमला जिले के नगर परिषद क्षेत्र अंतर्गत 04 प्रमुख छठ तालाबों, भट्ठी तालाब, वन तालाब, मुरली बगीचा एवं चेटर तालाब की साफ-सफाई के कार्य नगर परिषद द्वारा तीव्र गति से किए जा रहें है। नगर परिषद के प्रशासक सार्जेन मरांडी ने बताया कि अगले दो दिनों के भीतर सभी तालाबों की साफ-सफाई, बैरिकेडिंग, एवं अन्य आवश्यक कार्य पूरे कर दिए जाएंगे, ताकि श्रद्धालुओं को पर्व के दौरान कोई असुविधा न हो। प्रशासन ने श्रद्धालुओं से अपील की है कि पर्व के दौरान स्वच्छता एवं सुरक्षा का विशेष ध्यान रखें और प्रशासन का सहयोग करें। इसके साथ ही जिले में लगे आदर्श आचार संहिता का पालन करते हुए ही त्योहारों को मनायें।

### इंडिया गठबंधन के उम्मीदवार के पक्ष में इप्टा ने शुरू किया प्रचार

**मेदिनीनगर :** झारखंड में विधानसभा चुनाव को लेकर काफी गहमागहमी चल रही है। इस गहमागहमी के बीच इप्टा की पलामू इकाई ने इंडिया गठबंधन के उम्मीदवार के पक्ष में अपना प्रचार अभियान शुरू कर दिया है। प्रचार अभियान की शुरूआत 3 नवंबर से प्रारंभ किया गया है। प्रचार अभियान के पहले दिन जनसंपर्क करते हुए रमकंडा के रक्सी पंचायत के विभिन्न गांव में संपर्क स्थापित करते हुए रंका पहुंचे, जहां इंडिया गठबंधन के उम्मीदवार मिथलेश ठाकुर के पक्ष में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की व्यापक जनसभा का आयोजन किया गया था। भीड़ को देखते हुए इप्टा की टीम गढ़वा के लिए रवाना हो गई। साथ ही अपने गीत और संवाद के माध्यम से मतदाताओं को बताया कि वर्तमान चुनाव दो धारा का चुनाव है। एक धारा कॉर्पोरेट घरानों का का समर्थक है तो दूसरा आम अवाम का समर्थक। कॉर्पोरेट घरानों का का समर्थक वन अधिकार कानून में बदलाव चाहता है और दूसरी आर्कधारा वन अधिकार कानून के प्रावधानों को लाभ पहुंचाना चाहता है। एक धारा संविधान की सुरक्षा की बात करता है तो दूसरी धारा संविधान को बदल देना चाहता है। इन्हीं सवालों को बताते हुए इप्टा के कलाकारों के द्वारा इंडिया गठबंधन के उम्मीदवार मिथिलेश ठाकुर के पक्ष में आवाम को प्रेरित करते हुए।

## मायुमं प्रेरणा शाखा ने स्थानीय अग्रसेन भवन में लगाया शिविर

# 151 छठ व्रतियों के बीच पूजन सामग्रियां वितरित



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**झुमरीतिलैया :** मंदिर की घंटी, आरती की थाली, नदी किनारे सूरज की लाली, जिंदगी में आए खुशियों की बाहर, आया है आस्था के महापर्व छठ पूजा का त्योहार... संदेश के साथ प्रेरणा शाखा ने सोमवार को स्थानीय अग्रसेन भवन में शिविर लगाकर छठ व्रतियों के बीच सामग्री वितरण की। इसमें 151 महिला और पुरुष छठ व्रत करने वालों के बीच बाल्टी, गुड़, चावल, आलता, आरता, सिंदूर आदि सामग्रियों का वितरण किया गया। इस दौरान छठ व्रतियों ने कहा कि प्रेरणा शाखा का यह प्रयास महंगाई के इस दौर में कुछ राहत देने वाला है। ऐसे आयोजन के लिए अन्य संस्थाओं को भी आगे आने की जरूरत है, ताकि अन्य छठ व्रतियों को भी सहयोग मिल सके। मौके पर अग्रवाल समाज के उपाध्यक्ष अजय अग्रवाल, सदस्य अरविन्द चौधरी, संजय गुप्ता. उपस्तिथ थे। मौके पर वक्ताओ ने ने कहा कि आधी आबादी द्वारा ऐसे कार्यक्रम का आयोजन प्रेरणा का स्त्रोत है। प्रेरणा शाखा ने यह दिखाया कि महिलाएं हर क्षेत्र में उपस्थिति दर्ज करवा रही हैं। प्रेरणा शाखा अध्यक्ष सारिका लड्ढा ने कहा प्रेरणा शाखा का उद्देश्य समाज के हर वर्ग को इस त्यौहार का हिस्सा बनना है। यह हमारी संस्कृति और परंपरा को मजबूत करने का एक छोटा सा प्रयास है। उन्होंने सभी को छठ पूजा की शुभकामनाएं दी और कहा कि प्रेरणा शाखा हमेशा सामाजिक कार्यों में अपना योगदान देती रहेगी। परियोजना निर्देशक काजल गुप्ता एवं कृतिका मोदी ने कहा कि हमारी शाखा के द्वारा आवश्यकताओं को समझते हुए लोगों को पूजन सामग्री वितरित की गई जिससे वह विधिपूरक पूजा कर सके।

## कोडरमा विधानसभा क्षेत्र के लिए शालिनी गुप्ता का दौरा

# क्षेत्रीय जनता को बताया अपना एजेंडा



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**कोडरमा :** विधानसभा चुनाव में निर्दलीय प्रत्याशी शालिनी गुप्ता ने डोमचांच के विभिन्न गाँवों का दौरा कर जनता के बीच अपने चुनावी एजेंडे को प्रस्तुत किया। शालिनी गुप्ता ने पंचगाँवा, सिमरिया, मसनोडीह, बेहराडीह, नावाडीह, जेरुवाडीह, महेशपुर, चैनपुर, मंधौती महुआ, लेंगरापीपर, मबुधन सहित कई क्षेत्रों में जनसंपर्क अभियान चलाया। अपने चुनाव चिन्ह ₹अलमारी₹ के लिए वोट मांगते हुए, उन्होंने लोगों से इस महाकुंभ में साथ देने की अपील की। उनके जनसंपर्क के दौरान ग्रामीणों ने सैकड़ों की संख्या में फूल-मालाओं से उनका गर्मजोशी से स्वागत किया। उन्होंने कोडरमा की जनता की समस्याओं पर जोर देते हुए कहा कि वर्षों से अव्यवस्था और पिछड़ेपन के कारण कोडरमा की जनता को अनेक समस्याओं का सामना करना पड़ा है। शालिनी गुप्ता ने आश्वासन दिया कि यदि वह चुनी जाती हैं, तो कोडरमा के विकास में किसी प्रकार की कमी नहीं रहने दी जाएगी। उन्होंने कहा कि जनता ने वर्षों से सत्ता के दिखावे भरे स्टार प्रचारकों का सामना किया है, लेकिन इस बार वह बदलाव का समर्थन करेंगी और इस महाकुंभ में नए कोडरमा का निर्माण करेंगे। शालिनी गुप्ता ने कहा मुझे गर्व है कि मेरे स्टार प्रचारक आम जनता हैं, जो वर्षों से बेरोजगारी और पलायन की मार झेल रहे हैं। ये वही लोग हैं जो हेलीकॉप्टर से आए स्टार प्रचारकों के बजाय अपने क्षेत्र में बेरोजगारी और पिछड़ेपन की धूल को नहीं भूलेंगे।

### हर्षोल्लास के साथ पूजे गये भगवान चित्रगुप्त महाराज

**कोडरमा :** सृष्टि के समस्त प्राणियों के शुभाशुभ कर्मों की गणना करने वाले आदि कायस्थ भगवान चित्रगुप्त महाराज की पूजा अर्चना कार्तिक शुक्ल पक्ष द्वितीया तिथि के अवसर पर रविवार को कायस्थ समाज के लोगों ने झूमरी तिलैया सहित पूरे कोडरमा जिला के विभिन्न क्षेत्रों में हर्षोल्लास के साथ की गई पूरे जिले में चित्रांश समाज के लोगों ने मंदिर समेत घरों में भी पूरे विधि विधान पूर्वक कलम और दवात की पूजा अर्चना की। कायस्थों ने कलम दवात की पूजा करते हुए अपने-अपने कलम से पन्नों पर भगवान चित्रगुप्त जी की चित्र बनाकर पुष्प,अक्षत, रोली आदि से पूजन कर विस्तार पूर्वक लेखनी चलाई मौके पर कोडरमा के चित्रगुप्त धाम ट्रस्ट के लोगों ने बताया कि पाप पुण्य का लेखा जोखा रखने वाले भगवान श्री चित्रगुप्त जी महाराज का पूजन उत्सव हम सभी कायस्थों ने हर्षो उल्लास के साथ मनाते हैं।

# झुमरीतिलैया में जैन संत सुयश सागर जी का मंगल प्रवेश



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**झुमरीतिलैया :** जैन संत चर्या शिरोमणि परम पूज्य आचार्य श्री 108 विशुद्ध सागर जी महाराज के परम अध्यात्म योगी शिष्य मुनि श्री 108 सुयस सागर जी महाराज का भव्य मंगल प्रवेश 5 नवम्बर को धर्म नगरी झुमरीतिलैया में हो रहा है पूरे झुमरीतिलैया जैन समाज में खुशी उत्साह का माहौल है ज्ञात हो कि पूज्य मुनि सूयश सागर पैदल हजारीबाग से बरही होते हुए झुमरीतिलैया शहर के मुख्य द्वार जिमखाना क्लब में आज रात्रि विश्राम करेंगे गुरुदेव के साथ जैन समाज के युवा पैदल चल रहे हैं आज जिमखाना में भक्तजनों के द्वारा गुरुदेव की भव्य आरती ओर णमोकार चालीसा की जाएगी। जिमखाना से 5 जुलाई को सुबह 5:00 बजे मंगल विहार कर 7:00 बजे धर्म नगरी झुमरी तिलैया में प्रवेश होगा। समाज के उप मंत्री नरेंद्र झाझंरी ने बताया कि गुरुदेव का झुमरीतिलैया के बड़े जैन मंदिर में प्रवास रहेगा जिसकी पूरी तैयारी कर ली गई हैं।कल गुरुदेव के प्रवेश में भक्तजन बैंड बाजे डांडिया नृत्य आरती और पाद प्रक्षालन से अपनी भक्ति को प्रदर्शित करेंगे शहर में तोरण द्वार बनाए गए हैं गुरुदेव के नगर भ्रमण के बाद बड़ा जैन मंदिर स्टेशन रोड में गुरुदेव का प्रवचन होगा रास्ते में गाजे बाजे के साथ समाज के लोग साथ चलेंगे यह सभी जानकारी जैन समाज के मीडिया प्रभारी राजकुमार अजमेरा, नविन जैन ने दी।

# टाटा टी अग्नि लीफ ने छठ पूजा पर पेश की सिक्की कला से सजी विशेष पैकेजिंग




**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**जमशेदपुर/बोकारो :** बिहार और झारखंड का प्रमुख चाय ब्रांड, टाटा टी अग्नि लीफ इस बार छठ पूजा के मौके पर बिहार की प्राचीन और अद्वितीय 'सिक्की घास शिल्प' कला को सम्मानित कर रहा है। इसके लिए ब्रांड ने विशेष त्योहार पैक श्रृंखला लॉन्च की है, जो बिहार की सांस्कृतिक धरोहर से जुड़ाव का प्रतीक है। छठ पूजा के उपलक्ष्य में पटना के सिटी सेंटर मॉल में 4 और 5 नवंबर को 'सिक्की कला महोत्सव' का आयोजन किया गया, जिसमें स्थानीय लोगों को बिहार की इस पारंपरिक कला से परिचित कराया गया। टाटा कंज्यूमर प्रोडक्ट्स के भारत एवं दक्षिण एशिया के पैकेज्ड बेवरेजेज के अध्यक्ष, पुनीत दास ने इस विशेष पैकेज और इंस्टॉलेशन का अनावरण करते हुए कहा कि टाटा टी अग्नि लीफ को छठ पूजा का हिस्सा बनकर गर्व महसूस होता है। उन्होंने कहा कि यह अवसर हमें क्षेत्रीय गौरव और सांस्कृतिक विरासत को समर्थन देने का मौका प्रदान करता है, और इस साल हम अपने उपभोक्ताओं के लिए सिक्की घास कला को प्रदर्शित कर खुश हैं, जिन्होंने ब्रांड को बिहार और झारखंड में लोकप्रिय बनाया है।

## अन्नपूर्णा देवी ने शहर के कई वार्डों में किया दौरा

# कमल फूल में वोट देने की अपील की



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**झुमरीतिलैया :** भारतीय जनता पार्टी की स्टार प्रचारक व केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर कोडरमा विधानसभा के अंतर्गत झुमरी तिलैया शहर के विभिन्न वार्डों में सोमवार को दौरा कर मतदाताओं से कमल फूल में वोट देकर केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार के द्वारा झारखंड प्रदेश में डबल इंजन की सरकार बनाने के लिए कोडरमा से भी भाजपा प्रत्याशी डॉ. नीरा यादव को एक एक वोट देकर भारी मतों से विजयी बनायें। उन्होंने कहा कि वर्तमान में यूपीए की सरकार में भ्रष्टाचार घुसपैठ एवं विकास के कार्य में ब्रेक लगा है। प्रदेश में भाजपा की सरकार बनेगी तो महिलाओं को 1 में रजिस्ट्री, उपभोक्ताओं को 300 यूनिट बिजली फ्री, रक्षाबंधन, दीपावली जैसे त्योहारों पर दो सिलेंडर फ्री एवं 500 में गैस सिलेंडर भर कर दिया जायेगा। उन्होंने आगे कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जो कहते हैं वह करते हैं। झारखंड में डबल इंजन की सरकार बनाकर विकास कार्यों को और गति देने का कार्य करेगी। इधर भाजपा जिला अध्यक्ष अनूप जोशी ने कहा कि सरकार झारखंड में एनडीए गठबंधन की सरकार प्रदेश में बनेगी और ऐसे में कोडरमा विधानसभा में प्रत्येक मतदाता भाजपा के पक्ष में मतदान कर डॉ नीरा यादव के हाथों को मजबूत करें।

### कांग्रेस पार्टी के चुनावी कार्यालय का हुआ उद्घाटन

**महुआडांड़/लातेहार :** महुआडांड प्रखण्ड के दुगार्बाड़ी स्थित कांग्रेस पार्टी के चुनावी कार्यालय का फिता काट कर उद्घाटन किया गया। मौके पर झारखंड प्रदेश प्रतिनिधि इफ्तखार अहमद, महुआडांड़ उपप्रमुख अभय मिंज, कांग्रेस वरिष्ठ नेता रामनरेश ठाकुर, पंचायती राज के जोनल कोर्डिनेटर अजित पाल कुजूर, युवा कांग्रेस जिला उपाध्यक्ष एडविन जी, युवा कांग्रेस प्रखण्ड अध्यक्ष आमिर सुहैल, जेएमएम जिला सचिव परवेज आलम, अंब्वाटोली पंचायत मुखिया रौशनी कुजूर, अजय कुमार, अतुल केरकेट्टा, प्रीतम लकड़ा, प्रवीण लकड़ा, अखलु टोप्पो, दिगराज खलखो, रवि कुमार ठाकुर महागठबंधन के हजारों हजार की संख्या में कार्यकर्ता मौजूद थे।

## उपायुक्त व पुलिस अधीक्षक गुमला ने बिशुनपुर प्रखंड स्थित हाडूप ग्राम के मतदान केन्द्रों का किया निरीक्षण

# मतदान केन्द्रों पर उपलब्ध हों आवश्यक मूलभूत सुविधाएं



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**गुमला :** आगामी विधानसभा चुनाव के निमित आज जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी एवं पुलिस अधीक्षक शंभू कुमार सिंह ने बिशुनपुर प्रखंड के अति सुदूरवर्ती क्षेत्र में स्थित PVTG ग्राम हाडूप ग्राम अंतर्गत स्थित विभिन्न मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उपायुक्त ने मतदान केंद्रों में एश्योर्ड मिनिमम फैसिलिटी की उपलब्धता का बारीकी से अवलोकन किया। उन्होंने मतदान केंद्रों की सुरक्षा व्यवस्था का भी जायजा लिया और वहां उपस्थित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए, ताकि मतदान प्रक्रिया सुचारू और निर्बाध रूप से संपन्न हो सके। इससे पूर्व उपायुक्त ने बिशुनपुर के क्लस्टर में ठहरे पुलिस बल से भी मुलाकात कि एवं उन्हें सुरक्षा व्यवस्था को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। उपायुक्त ने इस अवसर पर ग्रामीणों से अपील की कि वे 13 नवंबर को होने वाले मतदान में अधिक से अधिक संख्या में भाग लें और अपने अधिकार का प्रयोग करें। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र की मजबूती के लिए हर नागरिक का वोट महत्वपूर्ण है, और जिला प्रशासन यह सुनिश्चित कर रहा है कि हर मतदाता को सुरक्षित एवं सुविधाजनक मतदान का अवसर मिले। जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को निर्देश दिए हैं कि मतदान केंद्रों पर आवश्यक मूलभूत सुविधाओं जैसे पानी, शौचालय, रैंप, और बिजली की व्यवस्था समय पर पूर्ण कर ली जाए। साथ ही, प्रत्येक मतदान केंद्र पर विशेष रूप से सुरक्षा बल तैनात किए जाएं ताकि मतदाताओं को निर्भीक वातावरण में मतदान का अधिकार मिल सके।

# बुजुर्ग व दिव्यांग मतदाताओं ने होम वोटिंग के माध्यम से किया मतदान

**चतरा :** विधानसभा आम चुनाव 2024 को लेकर 85 वर्ष से अधिक उम्र के वृद्ध मतदाता (एवीएससी और 40 प्रतिशत से अधिक दिव्यांग मतदाताओं (एवीपीडी) को भारत निर्वाचन आयोग के प्रावधानों के अनुसार होम वोटिंग कराया जा रहा है। इसी क्रम में शोमवार को चतरा और सिमरिया विधानसभा क्षेत्र के सभी प्रखंड क्षेत्रों में वैसे मतदाता जो मतदान केंद्र पहुंच मतदान करने में शारीरिक रूप से असक्षम हैं।

**प्रारूप C-1**

**आपराधिक प्रकरणों के सम्बंध में घोषणा**

आपराधिक प्रकरणों के सम्बंध में घोषणा

(2011 की रिट याचिका (सिविल) नंबर 536 में माननीय सर्वोच्च न्यायालय के 25 सितम्बर, 2018 के निर्णय के अनुसार (पब्लिक इंटरेस्ट फाउंडेशन और ऑर्स बनाम भारत संघ एवं एएनआर)

अभ्यर्थी का नाम और पताः **भरत कांशी, ग्राम - सुन्डील, पो0- कमड़े, रातू रांची**

राजनीतिक दल का नामः **निर्दलीय**

निर्वाचन का नाम : झारखण्ड विधानसभा 2024

* निर्वाचन क्षेत्र का नामः **64, हटिया**

मैं **भरत कांशी** (अभ्यर्थी का नाम), उपर्युक्त निर्वाचन के लिए एक अभ्यर्थी, सार्वजनिक जानकारी के लिए अपने आपराधिक पूर्ववृत्त के संबंध में निम्नलिखित विवरण घोषित करता हूं/करती हूं:

(A) लंबित आपराधिक प्रकरण

| क्र.सं. | न्यायालय का नाम | प्रकरण संख्या एवं तारीख | प्रकरण की स्थिति | संबंधित अधिनियमों की धारा(ओं) और अपराध (अपराधों) का संक्षिप्त विवरण |
|---|---|---|---|---|
| 1 | पी0 डी0 द्विवेदी ए.जे.सी. X रांची | रातू थाना काण्ड संख्या 194/2015 ST- 7.11.2023 | लम्बित रातू 194/2015 7.11.2023 | 147, 148, 149, 307, 326, 332, 334, 341, 353, 506 धारदार हथियार से हत्या का प्रयास |

(B) दंडनीय अपराधों के लिए सजा के प्रकरणों का विवरण

| क्र.सं. | न्यायालय का नाम और आदेश (आदेशों) की तिथि (तिथियां) | कार्यालय (यों) और लगायी गयी सजा का विवरण | लगाया गया अधिकतम दंड |
|---|---|---|---|
| | लागू नहीं | लागू नहीं | लागू नहीं |

* राज्य परिषद के निर्वाचन या विधायकों द्वारा विधान परिषद के निर्वाचन की स्थिति में, निर्वाचन क्षेत्र के नाम के स्थान पर संबंधित निर्वाचन का उल्लेख करें।

ANNEXURE 47
FORMATS C-1 TO C-8 and CA
**Format C-1**
(for candidate to publish in Newspaper, TV)

**Declaration about criminal cases**

(As per the judgment dated 25th September, 2018, of Hon'ble Supreme Court in WP (Civil) No. 536 of 2011 (Public Interest Foundation & Ors. Vs. Union of India & Anr.)

Name and address of candidate : **JAIRAM PASWAN**
Name of political party : **LOKHIT ADHIKAR PARTY** (Independent candi dates should write "Independent" here)
Name of Election : **JHARKHAND LEGISLATIVE ASSEMBLY 2024**
Name of Constituency : **BHAWNATHPUR BIDHANSBHA**

**I JAIRAM PASWAN** (name of candidate), a candidate for the abovementioned, declare for public information the following details about my criminal antecedents:

**(A) Pending criminal cases**

| SI. No. | Name of Court | Case No. and dated | Status of case (s) | Section (s) of Acts concerned and brief description of offence (s) |
|---|---|---|---|---|
| 1 | J.M.F.L.S.N | GR-1525/2013 | Appearance | IPL-143,341,342,290,353, |
| | KUJUR, NAGAR | FIRNO-165/2013 | ON CHARGE | 504, |
| | UNTARI | | | |

**(B) Details about cases of conviction for criminal offences**

| SI. No. | Name of Court & date(s) of order (s) | Description of offence(s) & punishment imposed | Maximum Punishment Imposed |
|---|---|---|---|
| | NIL<br>NIL | NIL<br>NIL | NIL<br>NIL |

In the case of election to Council of states or election to Legislative Council by MLAs, mention the election concerned in place of name of constituency.

कार्यालयः—वन प्रमण्डल पदाधिकारी, गुमला वन प्रमण्डल
E-mail :forest-gumla@jharkhandmail.gov.in
Mobile No. – 8987790115 Pin Code - 835207
पत्रांक ............................../ दिनांक ............................../

**आवश्यक सूचना**

सूचित किया जाता है कि दिनांक 16.10.2024 को गुप्त सूचना के आधार पर लोहरदगा–गुमला मार्ग पर ग्राम–चंदाली के पास से 30 बोरा लकड़ी कोयला सहित एक पीकअप सं0–JH01N7805 को जप्त कर गुमला वन परिसर में लाकर सुरक्षित रखा गया है। उक्त जप्त वन पदार्थ सहित वाहन के विरूद्ध प्राधिकृत पदाधिकारी–सह–वन प्रमंडल पदाधिकारी, गुमला वन प्रमंडल के न्यायालय में अधिहरण की कार्रवाई प्रारम्भ की गई है।

अतः समाचार पत्रों के माध्यम से जप्त वन पदार्थ के दावेदार (यदि कोई हो) एवं सम्बन्धित सभी को सूचित किया जाता है कि वे दिनांक 18.11.2024 को प्राधिकृत पदाधिकारी–सह–वन प्रमंडल पदाधिकारी, गुमला वन प्रमंडल के न्यायालय में 11:00 बजे पूर्वाह्न स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर अपना पक्ष प्रस्तुत करें, अन्यथा उपलब्ध साक्ष्यों एवं अभिलेखों के आधार पर एक पक्षीय निर्णय ले लिया जायेगा।

प्राधिकृत पदाधिकारी,
–सह– वन प्रमंडल पदाधिकारी,
गुमला वन प्रमंडल।

PR 339851 Forest, Environment and Climate Changes(24-25)D

कार्यालय,
जिला निर्वाचन पदाधिकारी–सह–उपायुक्त, राँची।
(व्यय अनुश्रवण प्रबंधन कोषांग)
(exmonitoringcellranchi@gmail.com)

**प्रेस विज्ञप्ति**

विधानसभा (आम) निर्वाचन–2024 के अन्तर्गत 61–सिल्ली एवं 62–खिजरी विधानसभा क्षेत्र के लिए मतदान की तिथि–20/11/2024 को निर्धारित है। निर्वाचन व्यय अनुवीक्षण पर अनुदेशों के सार–संग्रह अध्याय 'ग' के अन्तर्गत पृष्ठ संख्या–74 (लेखे का निरीक्षण) के आलोक में 61–सिल्ली एवं 62–खिजरी विधानसभा क्षेत्र के लिए चुनाव चिन्ह आवंटित सभी प्रत्याशियों को एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि निर्वाचन से संबंधित व्यय लेखा पंजी की जाँच हेतु निम्न प्रकार तिथि निर्धारित की जाती है:–

| क्र॰ | निर्वाचन व्यय लेखा जांच | निर्वाचन व्यय लेखा जांच की तिथि | जाँच स्थल एवं समय | अभ्युक्ति |
|---|---|---|---|---|
| 1. | प्रथम लेखा जाँच | दिनांक–09/11/2024 (शनिवार) | सभागार कक्ष, आठवां तल्ला, राँची नगर निगम भवन, कचहरी रोड, राँची (10:00 पूर्वाह्न से 01:30 अपराह्न तक एवं 02:00 अपराह्न से 5:00 अपराह्न तक) | 01:30 बजे अपराह्न से 02:00 बजे अपराह्न तक मध्याह्न विश्रांतिकाल। |
| 2. | द्वितीय लेखा जाँच | दिनांक–14/11/2024 (गुरुवार) | सभागार कक्ष, आठवां तल्ला, राँची नगर निगम भवन, कचहरी रोड, राँची (10:00 पूर्वाह्न से 01:30 अपराह्न तक एवं 02:00 अपराह्न से 5:00 अपराह्न तक) | |
| 3. | तृतीय लेखा जाँच | दिनांक–18/11/2024 (सोमवार) | सभागार कक्ष, आठवां तल्ला, राँची नगर निगम भवन, कचहरी रोड, राँची (10:00 पूर्वाह्न से 01:30 अपराह्न तक एवं 02:00 अपराह्न से 5:00 अपराह्न तक) | |

विधानसभा (आम) निर्वाचन–2024 के अन्तर्गत 61–सिल्ली एवं 62–खिजरी विधानसभा क्षेत्र के लिए नामांकन करने वाले एवं चुनाव चिन्ह आवंटित सभी प्रत्याशी स्वयं अथवा अपने निर्वाचन व्यय लेखा अभिकर्त्ता के माध्यम् से निर्धारित तिथियों में ससमय उपस्थित होकर निर्वाचन व्यय लेखा पंजी की जाँच कराना सुनिश्चित करेंगे।

जिला निर्वाचन पदाधिकारी
–सह–उपायुक्त, राँची।

PR 339847 Ranchi(24-25)D

## एक झलक

### आज सिल्ली में जयराम महतो की महासभा

**रांची** : राज्य में विधानसभा चुनाव का माहौल गर्म है। सभी राजनीतिक दल अपने रणनीति के अनुसार से प्रचार-प्रसार में लगे हुए हैं। मतदाता भी अपने अच्छे प्रत्याशी को टटोलने में लगे हुए हैं। इस बीच झारखंड की नई नवेली पार्टी झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा भी अपने चुनावी रेस में है। जनसंपर्क चला रहे है। सिल्ली विधानसभा क्षेत्र काफी होट और चर्चित बना हुआ है। आज मंगलवार को पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष जयराम महतो का आगमन है। जयराम का सभा पतराहातू मैदान सिल्ली में सुनिश्चित है। महासभा के प्रचार प्रसार हेतु क्षेत्र में कल सोमवार को बाइक रैली निकालते हुए जन समर्थन का अपिल किया गया। रांची जिला महिला अध्यक्ष पार्वती कुमारी ने बताया कि केंद्रीय अध्यक्ष का विधिवत तरीके से भव्य स्वागत किया जाएगा। प्रत्याशी देवेंद्र नाथ महतो ने कहा कि हजारों की भारी भीड़ पतराहातू मैदान में जुटेगी। प्रशासनिक अनुमति के साथ संपूर्ण तैयारी कर लिया गया है।

### मैथिली विभागाध्यक्ष प्रो. संजय मिश्र के निधन पर कुलपति ने जताया शोक

**सहरसा** : प्रोफेसर डॉ संजय कुमार मिश्रा का हृदय गति रूक जाने से सोमवार को पूर्णिया के अस्पताल में निधन हो गया।उनके निधन पर कुलपति प्रोफेसर डॉक्टर विमलेंदु शेखर झा ने गहरी शोक संवेदना व्यक्त की। प्रो डॉ संजय कुमार मिश्रा, रमेश झा महिला महाविद्यालय के मैथिली विभाग में सहायक प्राध्यापक के रूप में 1996 से अपनी सेवा शुरू की थी। विश्वविद्यालय में डेप्युटी रजिस्टार एग्जाम के पद पर कई वर्षों तक कार्यरत रहे थे।इसके बाद पी जी सेंटर सहरसा में मैथिली विभाग के विभाग अध्यक्ष के रूप में कार्यरत थे। मृदु भाषी एवं हंसमुख स्वभाव के धनी थे। विश्वविद्यालय की प्रगति एवं उन्नति के लिए प्रयास करते रहते थें। उनके निधन पर कुलपति प्रो डॉ विमलेंदु शेखर झा ने शोक संवेदना व्यक्त किया।प्रोफेसर डॉ संजय कुमार मिश्रा का हृदय गति रुक जाने से आज सुबह पूर्णिया की अस्पताल में अंतिम सांस लिया।

### 1320 बूथों पर 8 लाख 27 हजार मतदाता करेंगे वोटिंग

**पूर्वी चम्पारण** : जिले में पैक्स चुनाव का बिगुल बजते ही जिला प्रशासन तैयारियों को लेकर कमर कस लिया है। जिला प्रशासन द्वारा इसकी तैयारी जोरों से की जा रही है। जिलाधिकारी सौरभ जोरवाल की अध्यक्षता में सोमवार उनके कार्यालय कक्ष में पैक्स निर्वाचन के लिए गठित पैक्स कोषांग के सभी संबंधित पदाधिकारियों के साथ की बैठक की गई।जिसमे चुनाव की तैयारियों की समीक्षा की गई। समीक्षा के क्रम में जिला सहकारिता पदाधिकारी, पूर्वी चंपारण द्वारा बताया गया कि, कुल 336 पैक्स का निर्वाचन जिले में 26 नवंबर से 3 दिसंबर के बीच 5 चरणों में किया जाएगा। पैक्स निर्वाचन के लिए कुल 1320 बूथ चिन्हित किए गए हैं, जिसमें कुल 8 लाख, 27 हजार मतदाताओं के भाग लेने की उम्मीद है।

### पूर्णिया की कशिश करेगी बिग बॉस में धमाल, वाइल्ड कार्ड इंट्री हुई

**पूर्णिया** : बिग बॉस 18 के मंच पर बिहार की एक और प्रतिभा ने दस्तक दी है। पूर्णिया की बेटी कशिश कपूर को सलमान खान के इस लोकप्रिय शो में वाइल्ड कार्ड प्रतियोगी के रूप में शामिल किया गया है। दीपावली के ठीक पहले आई इस खुशखबरी ने न केवल कशिश के परिवार को बल्कि पूरे पूर्णिया को गौरवान्वित कर दिया। मनोरंजन जगत में अपनी विशेष पहचान बना चुकी कशिश ने स्प्लिट्सविला 15 में अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया, जहां उन्होंने सनी लियोनी और तनुज विरवानी द्वारा होस्ट किए गए शो में दस लाख रुपये का पुरस्कार अपने नाम किया। इतना ही नहीं, वह बिहार की मिस फैशन आइकॉन का खिताब भी जीत चुकी हैं और गुजरात में 36वें राष्ट्रीय खेलों में एंकरिंग का अनुभव रखती हैं। कशिश की शैक्षिक यात्रा पूर्णिया के प्रतिष्ठित विद्यालयों से होती हुई दिल्ली तक पहुंची, जहां उन्होंने एमआईटी विश्वविद्यालय से मास कम्युनिकेशन में डिग्री हासिल की।

## बिहार में चार दिवसीय लोक आस्था का महापर्व छठ शुरु

# तैयारियां पूरी, नहाए-खाए आज

एजेंसी

**पटना** : बिहार की रगों में दौड़ने वाला चार दिवसीय लोक आस्था का महापर्व छठ पांच नवम्बर से नहाए-खाए के साथ शुरू होगा। इस महापर्व को लेकर सभी जगह पर भीड़ दिख रही है। इसके अलावा बाजार में भी रौनक बढ़ गई है। इस महापर्व को लेकर लोगों ने खरीदारी करनी शुरू कर दी है। छठ महापर्व को शुद्धता के लिए जाना जाता है। वैसे तो इस महापर्व में अधिकतर घरेलू सामान का ही उपयोग किया जाता है लेकिन कुछ




वस्तुएं ऐसी होती हैं, जिसकी बाजार में खरीदारी होती है। इसमें फल से लेकर सूप और दउरा तक शामिल हैं। हालांकि, शहरी इलाकों में बाकी उपयोगी चीजों की भी खरीदारी होती है। पटना में छठ पूजा के लिए सूप, दउरा, मिट्टी का चूल्हा लकड़ी, नारियल आदि की बिक्री शुरू हो चुकी है। खरीदारों की भीड़ बाजार में उमड़ने लगी है। इस बार छठ पूजा पर पीतल की सूप का काफी डिमांड है। इसमें कस्टमाइज सूप भी शामिल है। हर साल से ज्यादा इस बार भी इसका डिमांड देखने को मिल रहा है। पटना के दुकानदारों ने बातचीत में कहा कि इस बार पीतल का रेट 800 से 1,000 रुपये प्रति किलो तक है। पिछले साल की तुलना में पीतल के दाम में उतनी ज्यादा बढ़ोतरी देखने को नहीं मिली है। इसलिए बाजार में 600 से लेकर 1,000 तक का सूप उपलब्ध है। पीतल के अलावा सोने और चांदी का शुभ भी मार्केट में उपलब्ध है। मार्केट में 15 ग्राम से लेकर 100 ग्राम वजन तक का सूप उपलब्ध है, जिसकी कीमत 2,000 से लेकर 10,000 तक बताई जा रही है।



**हटिया से कांग्रेस प्रत्याशी अजय नाथ शाहदेव के समर्थन में मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने की रातु में सभा**

## बिहार बोर्ड परीक्षा 2025 को लेकर कटिहार में बनाये गये 93 परीक्षा केन्द्र



एजेंसी

**कटिहार** : बिहार विद्यालय परीक्षा समिति द्वारा आयोजित होने वाली 2025 की वार्षिक माध्यमिक और इंटरमीडिएट परीक्षा के लिए कटिहार जिले में परीक्षा केंद्रों का चयन किया गया है। सोमवार को जिलाधिकारी मनेश कुमार मीणा की अध्यक्षता में हुई बैठक में यह निर्णय लिया गया। माध्यमिक परीक्षा के लिए 51 परीक्षा केंद्रों में 41332 छात्र-छात्राएं और इंटरमीडिएट परीक्षा के लिए 42 परीक्षा केंद्रों में 25322 छात्र-छात्राएं शामिल होंगे। परीक्षा केंद्रों का चयन बिहार विद्यालय परीक्षा समिति के निदेर्शानुसार किया गया है, जिसमें छात्राओं का परीक्षा केंद्र उनके गृह अनुमंडल में ही रखा गया है। कटिहार अनुमंडल में 36 परीक्षा केंद्र, मनिहारी में 5 और बारसोई में 10 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। इंटरमीडिएट परीक्षा के लिए कटिहार में 31, मनिहारी में 4 और बारसोई में 7 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। जिला पदाधिकारी ने परीक्षा केंद्रों के चयन में बिहार विद्यालय परीक्षा समिति के मापदंडों का पालन करने के निर्देश दिए हैं।

## दिन भर पानी में खोजती रही एसटीआरएफ और एनडीआरएफ की टीम को नहीं मिला बच्ची का शव

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

**अनगड़ा** : अनगड़ा थाना क्षेत्र के सिरका पंचायत के महेशपुर स्कूल के पास स्थित तालाब में सोमवार को भी आठ वर्षीय बच्ची सुप्रिया का शव नहीं मिला। सोमवार की सुबह करीब 11 बजे एसटीआरएफ की टीम महेशपुर पहुंची। इसके बाद शव को खोजने का प्रयास किया गया लेकिन सफलता नहीं मिली। इसके बाद शाम करीब चार बजे एनडीआरएफ की टीम भी घटनास्थल पहुंची। करीब 20 से 25 लोगों का दल बच्ची के शव को खोजने का प्रयास किया लेकिन सफलता हाथ नहीं लगी। अंधेरा



होने के कारण अब मंगलवार को पुनः एनडीआरएफ की टीम शव को खोजने का प्रयास करेगी। सूचना मिलने पर पूर्व विधायक सह भाजपा प्रत्याशी रामकुमार पाहन, प्रमुख दीपा उरांव, सिरका मुखिया रौशन मुंडा दिन भर घटनास्थल पर डटे रहे। शव नहीं मिलने से ग्रामीणों में मायूसी छा गई। मालूम हो कि रविवार की दोपहर सुरेंद्र महतो की बेटी सुप्रिया कुमारी अपने सहेलियों के साथ तालाब में नहाने गयी थी, नहाने के दौरान वह अचानक गहरे पानी में डूब गई थी।

## पूर्णिया प्रमंडलीय आयुक्त ने छठ पूजा की तैयारियों की समीक्षा की, सुरक्षा व्यवस्था पर जोर

एजेंसी

**कटिहार** : पूर्णिया प्रमंडलीय आयुक्त संजय दुबे की अध्यक्षता में सोमवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में पूर्णिया प्रमंडल के सभी जिलों के विधि व्यवस्था संधारण और छठ पूजा के मद्देनजर थानों में सीसीटीवी कैमरा की अद्यतन स्थिति की समीक्षा की गई। आयुक्त ने सभी जिला के पुलिस अधीक्षक को निर्देश दिया कि जिस थाने में सीसीटीवी कैमरा काम नहीं कर रहा है, उसे जल्द से जल्द काम कराना सुनिश्चित करें। कटिहार पुलिस अधीक्षक वैभव शर्मा ने बताया कि जिला के लगभग सभी थानों में सीसीटीवी कैमरा काम कर रहा है। महापौर उषा अग्रवाल ने भी शहरी क्षेत्र में लगे सीसीटीवी कैमरा की जानकारी दी। आयुक्त ने छठ पर्व को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिए, जिसमें छठ घाट पर प्रकाश की व्यवस्था, साफ-सफाई, गोताखोर की उपलब्धता, पुलिस बल की आवश्यकता अनुसार प्रतिनियुक्ति आदि शामिल हैं। आयुक्त ने जिला प्रशासन के तरफ से हर संभव सहायता पहुंचाने के निर्देश दिए। उन्होंने छठ घाट का निरीक्षण, गंगा के किनारे बेरिकेडिंग की व्यवस्था, वॉच टावर की व्यवस्था, खतरे वाले जगह पर लाल रंग की पट्टिकाओं का अधिष्ठापन आदि के लिए भी निर्देश दिए। उन्होंने गंगा स्नान करने वाले श्रद्धालुओं के लिए चेंजिंग रूम की व्यवस्था, आग लगी घटना को नियंत्रण हेतु अग्निशामक गाड़ी को अलर्ट मोड में रखने और छठ के सभी घाटों पर मेडिकल की व्यवस्था करने के लिए भी कहा।

# सतर्कता जागरूकता सप्ताह मना



फ्रीडम फाइटर संवाददाता

**रांची** : केंद्रीय सतर्कता आयोग (CVC), नयी दिल्ली के निदेर्शानुसार झारखंड राज्य ग्रामीण बैंक के अध्यक्ष मदन मोहन बरियार की अध्यक्षता में दिनांक 28 अक्टूबर 2024 से 03 नवंबर 2024 तक सतर्कता जागरूकता सप्ताह मनाया जा रहा है। पूरे झारखंड राज्य में बैंक के द्वारा भ्रष्टाचार विरोधी मुहिम चलाया जा रहा है। दिनांक 28 अक्टूबर को बैंक के सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने ईमानदारी व सत्यनिष्ठा की प्रतिज्ञा ली। भ्रष्टाचार के विरुद्ध जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से आज दिनांक 03 नवंबर को बैंक के द्वारा एक रोड शो का आयोजन किया गया जिसमें बैंक के महाप्रबंधक जसबीर सिंह, एस.के. पाणि, राजकुमार गुप्ता तथा सहायक महाप्रबंधक संजय कुमार, मुकेश कुमार वर्मा व अन्य 50 से ज्यादा स्टाफ सदस्यों ने पूरे जोश से रोड शो में भाग लिया। रांची के अलावा झारखंड के अन्य जिलों में भी क्षेत्रीय कार्यालयों के द्वारा रोड शो का आयोजन किया जा रहा है। बैंक अपने ग्राहकों व बैंक से जुड़े सभी व्यक्तियों को विभिन्न आयोजनों के माध्यम से भ्रष्टाचार दूर करने के लिए जागरूक कर रही है।

## छठ पर्व के लिए बने सिरसोप्ता को असामाजिक तत्वों के तोड़े जाने से उत्पन्न हुआ तनाव

एजेंसी

**पूर्वी चंपारण** : जिले के रामगढवा थाना क्षेत्र के रघुनाथपुर पंचायत के नन्हकार गांव में छठ घाट पर बने सिरसोप्ता को असमाजिक तत्वो ने तोड़ दिया। लिहाजा इसकी सूचना पर वहां भारी तनाव उत्पन्न हो गया। सूचना पर रक्सौल एसडीपीओ धीरेन्द्र कुमार के नेतृत्व में सुगौली इंस्पेक्टर अशोक कुमार पाण्डेय, थानाध्यक्ष अमरजीत कुमार व रमेश महतो पुलिस बल के साथ घटना स्थल पर जाकर त्वरित कार्यवाही की। पुलिस नें मामले को तत्काल सामान्य कर दिया है। सोमवार को एसडीएम शिवाक्षी दीक्षित, एसडीपीओ धीरेन्द्र कुमार के नेतृत्व मे दोनों समुदाय के सामाजिक व गणमान्य लोगों के साथ रामगढ़वा थाना परिसर मे बैठक की गई। यहां विवादित जमीन पर कोई भी नया कार्य नही करने का एसडीएम नें दोनों पक्षो को निर्देशित किया। कहा कि छठ पर्व के बाद उक्त विवादित भूमि के मालिकाना हक पर सुनवाई होगी। तथा छठ घाट पर असमाजिक तत्व को नही जाने का भी निर्देश दिया गया। बताया जा रहा है,कि नन्हकार गांव के सरेह में स्थित एक तालाब के घाट पर नया सिरसोप्ता निर्माण के दौरान विवाद उत्पन्न हो गया। उक्त तालाब पर आमोदेई गांव के एक समुदाय के लोग अपना बता कर वहां नया निर्मित सिरसोप्ता को क्षतिग्रस्त कर देने का आरोप लगाया है।

## फारबिसगंज में अग्रवाल समाज ने छठव्रतियों के बीच किया पूजन सामग्री का वितरण



एजेंसी

**फारबिसगंज/अररिया** : महापर्व छठ पूजा को लेकर अग्रवाल समाज की ओर से फारबिसगंज में सोमवार को छठव्रतियों के बीच पूजन सामग्री का वितरण किया गया।फारबिसगंज शिशु भारती स्कूल परिसर में पूजन सामग्री वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस मौके पर अग्रवाल महासभा के अध्यक्ष अरविंद गोयल, अग्रवाल युवा मंच के अध्यक्ष सौरभ अग्रवाल, अग्रवाल महिला मंच की अध्यक्ष सुमन जिंदल, पूर्व अध्यक्ष उर्मिला जैन, अग्रवाल युवती मंच की अध्यक्ष स्वाति गोयल, संरक्षक निर्मल भोपाल, रामगोपाल गोयल, सचिव पवन अग्रवाल, घनश्याम अग्रवाल, अजातशत्रु अग्रवाल आदि ने संयुक्त रूप से बताते हुए कहा कि अग्रवाल समाज छठव्रतियों के बीच प्रति वर्ष पूजन सामग्री का वितरण छठव्रतियों के बीच करती है। इस मौके पर सुनीता गोयल, सुनीता राजगड़िया, चित्रा मित्तल, संगीता कंदोई, देवकी गोयल, संगीता अग्रवाल, दीपा अग्रवाल, अग्रवाल युवती मंच की कोमल गोयल, अंकिता गोयल, संगीता गोयल, एकता गोयल, पायल अग्रवाल, शैली अग्रवाल, सीए दीपक अग्रवाल, आदर्श गोयल, कुणाल केडिया, अमन अग्रवाल, आदित्य अग्रवाल, मयंक अग्रवाल, रितिक फोगला, शुभम अग्रवाल एवं अन्य ने छठव्रतियों को पूजन सामग्री वितरण करते हुए आशीर्वाद प्राप्त किया।

## मुख्यमंत्री ने सभी जाति धर्म के लिए ईमानदारी पूर्वक प्रयास किया है : युगल किशोर

एजेंसी

**सहरसा** : जिले के कहरा प्रखंड स्थित दिवारी बिषहरा मंदिर स्थान के प्रांगण में अवस्थित विवाह भवन में सोमवार को जनता दल यू प्रखंड कार्यकारिणी कमेटी की एक महत्वपूर्ण बैठक आहूत की गई। जिसकी अध्यक्षता नव मनोनीत प्रखंड अध्यक्ष राम बहादुर यादव ने किया।वही संचालन प्रखंड उपाध्यक्ष इंदल यादव ने किया। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में जिलाध्यक्ष चंद्रदेव मुखिया एवं 75 सहरसा विधानसभा प्रभारी युगल किशोर अग्रवाल की सम्मानित उपस्थिति रही। इस अवसर पर प्रखंड कार्यकारिणी कमेटी की समीक्षा एवं सत्यापन के लिए आये जिलाध्यक्ष ने कहा हमारे नेता मुख्यमंत्री नीतिश कुमार ईमानदार एवं स्वच्छ छवि के है।हम सभी कार्यकताओं को भी ईमानदारी एवं स्वच्छ छवि अख्तियार करना



होगा तभी संगठन धारदार एवं मजबूत बनेगा। विधानसभा प्रभारी युगल किशोर अग्रवाल ने कहा कि जिस प्रकार मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने सभी जाति धर्म के लोगों के विकास के लिए ईमानदारी प्रयास किया है। हम सभी कार्यकताओं को भी संगठन के लिए ईमानदारी प्रयास की आवश्यकता है।युवा प्रदेश महासचिव गणेश गौरव पान ने कहा कि आगामी 12 नवंबर को पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव मनीष कुमार वर्मा का जिला में आगमन है। उनके सम्मान में कहरा प्रखंड से सभी कार्यकर्ता चट्टानी एकता के साथ उपस्थित रहेंगे। नव मनोनीत प्रखंड अध्यक्ष राम बहादुर यादव ने कहा जो दायित्व मुझे मिली है। उसकी इमानदारी पूर्वक निर्वाह करूंगा। इस अवसर पर बैठक में उपस्थित प्रखंड प्रभारी ललन कुमार यादव, वरिष्ठ नेता आनंदी प्रसाद मेहता, देवेंद्र कुमार देव, प्रहलाद रमन, अक्षय झा, रंजीत कुमार महतो, लाल बहादुर शाह, निरंजन शाह, नवीन कामत, मधु झा, बिजली प्रकाश, पंचायत अध्यक्ष कमल किशोर दास, कृष्ण मोहन श्रीवास्तव, रामचंद्र शर्मा, श्याम सुंदर यादव, मोहन भारती मुन्ना जी रामबाबू यादव,संजय यादव, राम नंदन यादव, बौआ दास, किशोर भारती, अरविंद शर्मा सहित दर्जनों कार्यकर्ता मौजूद रहें।

## गंगा उत्सव पर हजारों दीप से जगमगा उठा त्रिसुलिया घाट



एजेंसी

**अररिया** : जिला गंगा समिति की ओर से परमान नदी के किनारे त्रिसुलिया घट पर सोमवार संध्या गंगा उत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया।डीएम अनिल कुमार की उपस्थिती में स्वच्छता कर्मियों एवं स्कूली बच्चों द्वारा संयुक्त रूप से गंगा आरती कर नदी को स्वच्छ बनाने तथा इसके महत्व का संदेश दिया गया।गंगा आरती से पूर्व दीपोत्सव कार्यक्रम के तहत स्वच्छता कर्मी एवं स्कूली बच्चों द्वारा परमान नदी किनारे हजार की संख्या में दीप भी जलाया गया। साथ ही स्कूली बच्चों के द्वारा रंगोली भी बनाया गया। मौके पर डीएम अनिल कुमार ने उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि यह कार्यक्रम नदियों को साफ रखने, स्वच्छ रखने एवं इसके महत्व को समझने के लिए आयोजित किया गया। इससे हमारा वातावरण स्वच्छ रहेगा। हमें नदियों, तालाबों एवं अन्य जल स्त्रोतों को बचाना है। गंगा उत्सव के में पर सांस्कृतिक कार्यक्रम में स्थानीय कलाकारों द्वारा एक से बढ़कर एक प्रस्तुति दी गई। मौके पर एसडीएम अनिकेत कुमार, एडीएम संजय कुमार, अरविंद कुमार, डॉ रामबाबू कुमार, सहायक निदेशक सामाजिक सुरक्षा कोषांग नितेश कुमार पाठक एवं संबंधित पदाधिकारी गण अनुपस्थित थे।

## नीतीश ने जेपी सेतु-दीघा गंगा घाट का किया निरीक्षण, छठ महापर्व की तैयारियों का लिया जायजा



**पटना** : मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने लोक आस्था के महापर्व छठ की तैयारियों को लेकर सोमवार शाम जेपी सेतु घाट-दीघा गंगा घाट का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान मुख्यमंत्री ने बैरिकेडिंग, साफ-सफाई, छठ व्रतियों की सुविधाओं एवं सुरक्षा का जायजा लिया और अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। निरीक्षण के दौरान मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि कल से छठ महापर्व की शुरूआत हो रही है। प्रशासन छठ घाटों पर सारी व्यवस्था को लेकर पूरी तरह मुश्तैद रहे। छठ व्रतियों को अर्घ्य देने में कोई परेशानी न हो, इसका विशेष ख्याल रखें। छठ घाटों पर सुरक्षा, स्वच्छता एवं सुविधाओं को लेकर किसी प्रकार की कोई कोताही न हो। मुख्यमंत्री ने कहा कि छठ व्रतियों एवं श्रद्धालुओं के लिये आवागमन में किसी प्रकार की असुविधा न हो। ट्रैफिक व्यवस्था को सुरक्षित और सुगम बनाये रखें। छठ घाट के निरीक्षण के पश्चात मुख्यमंत्री ने जेपी सेतु घाट-दीघा गंगा घाट पर दीप प्रज्जवलित कर 'गंगा उत्सव' का उद्घाटन किया।

## सिविल कोर्ट के स्थापना की मनी पहली वर्षगांठ

एजेंसी

**फारबिसगंज/अररिया** : अररिया के फारबिसगंज में सिविल कोर्ट के स्थापना के पहली वर्षगांठ पर सोमवार को बार एसोसिएशन की ओर से कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें क्रिमिनल जस्टिस को लेकर फौजदारी कोर्ट के कार्यारंभ सहित अधिवक्ता के सुरक्षा एवं अधिवक्ताओं के कल्याणकारी योजनाओं को लेकर मुख्य रूप से चर्चा की गई। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि स्टेट बार काउंसिल के सदस्य एवं वरीय अधिवक्ता राजीव शरण, विशिष्ट अतिथि शारदानन्द मिश्रा, कानूनी सहायता रक्षा परामर्श केंद्र अररिया के चीफ वरीय अधिवक्ता विनय कुमार ठाकुर, फारबिसगंज मुख्य पार्षद वीणा देवी,नरपतगंज के मुख्य पार्षद डा.सन्नू कुमारी,मूलचंद गोलछा,वाहिद अंसारी,रमेश सिंह आदि मौजूद थे।वही, इस कार्यक्रम की अध्यक्षता फारबिसगंज बार एसोसिएशन के अध्यक्ष राजेश चंद्र वर्मा ने की। एसोसिएशन के महासचिव गोपाल प्रसाद मंडल समेत बड़ी संख्या में अधिवक्तागण मौजूद थे। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर आये राजीव शरण ने कहा कि क्रिमिनल जस्टिस अर्थात फौजदारी न्यायालय के बिना अभी तक फारबिसगंज कोर्ट अपूर्ण है। सारा इंफ्रास्ट्रक्चर रहने के बावजूद केवल कामचलाऊ काम हो रहा है।त्वरित न्याय के उद्देश्य से स्थापित फारबिसगंज सिविल कोर्ट का उद्देश्य पूरा नहीं हो पा रहा है। उन्होंने बताया कि पूर्णिया न्यायमंडल में तीन सबडिविजिनल कोर्ट है,जहां एक साल के अंदर न केवल फौजदारी कोर्ट शुरू हुई।बल्कि क्रिमिनल ट्रायल भी चल रहा है। उन्होंने फौजदारी कोर्ट शुरू करने के लिए कहा कि अगर पीआईएल फाइल करने की भी जरूरत होती है तो उसे किया जाए।उन्होंने रामाकांत शर्मा वर्सेज स्टेट ऑफ बिहार मामले में फैसले की जानकारी देते हुए वकालत खाना निर्माण में जिला जज से अनुमोदन करवाकर डीएम और सरकार द्वारा वकालत खाना बनवाने के प्रावधान होने की जानकारी दी।

# ऑस्ट्रेलिया ने पाकिस्तान को 02 विकेट से हराया




**वनडे सीरीज में 1-0 की बढ़त बनायी; कमिंस ने 02 विकेट लिये, नाबाद 32 रन भी बनाये**

एजेंसी

**मेलबर्न :** सईम अयूब के विकेट का जश्न मनाती ऑस्ट्रेलिया टीम। अयूब को मिचेल स्टार्क (बीच में) ने आउट किया। स्टार्क ने सबसे ज्यादा 3 विकेट लिए। उन्हें प्लेयर ऑफ दे मैच चुना गया। ऑस्ट्रेलिया ने पहले वनडे में पाकिस्तान को 2 विकेट से हरा दिया। टीम ने 3 मैचों की सीरीज में 1-0 की बढ़त हासिल कर ली है। सोमवार को मेलबर्न में खेले गए पहले मुकाबले में ऑस्ट्रेलिया ने टॉस जीतकर पहले बॉलिंग का फैसला किया। पाक टीम 46.4 ओवर में 203 रन पर सिमट गई। जवाब में कंगारू टीम ने 33.3 ओवर में 8 विकेट खोकर टारगेट हासिल कर लिया। ऑस्ट्रेलियाई तेज गेंदबाज मिचेल स्टार्क ने सबसे ज्यादा 3 विकेट लिए। उन्हें प्लेयर ऑफ दे मैच चुना गया। वहीं, कप्तान पैट कमिंस ने 2 विकेट लिए और नाबाद 32 रन भी बनाए। दोनों टीमों के बीच दूसरा वनडे 8 नवंबर को एडिलेड में खेला जाएगा। पाकिस्तान टीम इस ऑस्ट्रेलिया दौरे पर तीन मैचों की टी-20 सीरीज भी खेलेगी।

**इंग्लिस अर्धशतक से चूके**

**204 रन** के टारगेट का पीछा करने उतरी ऑस्ट्रेलिया के ओर से विकेटकीपर-बल्लेबाज जोश इंग्लिस अर्धशतक से चूक गए। उन्होंने टीम के लिए सबसे ज्यादा 49 रन बनाए। 42 बॉल की पारी में इंग्लिस ने 4 चौके और 3 सिक्स लगाए। उनके अलावा स्टीव स्मिथ ने 46 बॉल पर 44 रन बनाए। कप्तान पैट कमिंस ने 31 बॉल पर नाबाद 32 रन की पारी खेली। पाकिस्तान के लिए पेसर हारिस रऊफ ने सबसे ज्यादा 3 विकेट लिए। शाहीन शाह अफरीदी ने 2 विकेट झटके। नसीम शाह और मोहम्मद हसनैन को 1-1 विकेट मिला।

**रिजवान ने सबसे ज्यादा 44 रन बनाये**

**इससे** पहले, पाकिस्तान की ओर से कप्तान मोहम्मद रिजवान ने सबसे ज्यादा 44 रन बनाए। इसके अलावा नसीम शाह ने 40 रनों की तेज पारी खेली। तब जाकर वह 200 के आंकड़े को पार कर सके। पूर्व कप्तान बाबर आजम ने 44 गेंदों में 37 रन बनाये। ऑस्ट्रेलियाई तेज गेंदबाज मिचेल स्टार्क ने सबसे ज्यादा विकेट लिए। उन्होंने 10 ओवर के स्पैल में 33 रन देकर 3 विकेट झटके। स्टार्क ने अब्दुल्ला शफीक (12), सैम अयूब (1) और शाहीन अफरीदी (24) को आउट किया। इसके अलावा कप्तान पैट कमिंस और एडम जम्पा ने 2-2 विकेट लिए। सॉन एबट और मार्नस लाबुशेन को 1-1 विकेट मिला।




## एक झलक

### सीएसके ने धोनी और गायकवाड़ के साथ साझा की तस्वीर

**मुम्बई :** पांच बार की खिताब विजेता चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) ने आईपीएल 2025 से ठीक पहले सोमवार को सोशल मीडिया पर पूर्व कप्तान महेन्द्र सिंह धोनी और वर्तमान कप्तान रुतुराज गायकवाड़ की एक तस्वीर साझा करते हुए लिखा, द लायन लिगेसी। सीएसके ने इस सत्र के लिए कप्तान रुतुराज गायकवाड़ के साथ ही मथीशा पथिराना, रवींद्र जडेजा और शिवम दुबे को अपनी टीम में बनाये रखा है। सीएसके पिछले सत्र में प्लेऑफ में भी नहीं पहुंच पायी थी। सीएसके ने रिटेंशन सूची को अंतिम रूप देने की अंतिम तिथि पर अभी टीम के रिटेन किये खिलाड़ियों की घोषणा कर दी थी। नये नियमों के अनुसार इस बार से प्रत्येक फ्रैंचाइजी छह खिलाड़ियों को रिटेन कर सकेगी। जिसमें से ज्यादा से ज्यादा पांच कैप्ड क्रिकेटर होंगे। टीम की ओर से सबसे ज्यादा आईपीएल मैच धोनी ने खेले हैं। धोनी ने साल 2008 से 264 मैचों में 39.12 की औसत से 5243 रन बनाये हैं।

### एक ओवर में सबसे अधिक रन बनानेवाले खिलाड़ियों में शीर्ष पर हैं श्रेयस

**नयी दिल्ली :** अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में एक ओवर में सबसे अधिक रन बनाने वाले खिलाड़ियों में चार भारतीय भी हैं। इसमें नंबर एक पर हैं श्रेयस अय्यर। आजकल भारतीय टीम से बाहर चल हरे श्रेयस ने एक ओवर में 31 रन बनाए हैं। श्रेयस ने साल 2019 में वेस्टइंडीज के खिलाफ ये रिकॉर्ड बनाया था। श्रेयस ने विशाखापत्तनम एकदिवसीय में वेस्टइंडीज के गेंदबाज रोस्टन चेज के एक ही ओवर में 31 रन बना दिये थे।इस दौरान श्रेयस ने 4 छक्के और एक चौका लगाया था। श्रेयस ने तब 32 गेंदों पर 53 रन बनाये थे। वहीं महान बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर दूसरे नंबर है हैं। सचिन ने 1999 में हैदराबाद में हुए एकदिवसीय में न्यूजीलैंड के खिलाफ एक ओवर में ही 28 रन बटोर थे। सचिन ने तब क्रिस ड्रम के एक ओवर में ही चौकों और छक्कों के साथ 150 गेंदों पर 186 रन बनाये थे। तीसरे नंबर पर तेज गेंदबाज जहीर खान का नाम है। जहीर ने साल 2000 में जिम्बाब्वे के खिलाफ बल्लेबाजी करते हुए जोधपुर एकदिवसीय में एक ओवर में 27 रन बना दिये। जहीर ने रन तेज गेंदबाज हेनरी ओलंगा के ओवर में बनाये थे।

# गम्भीर पर उठ रहे सवाल, ऑस्ट्रेलिया दौरे में टीम का प्रदर्शन अच्छा नहीं रहा, तो बढ़ेंगी मुश्किलें

एजेंसी



**मुम्बई :** भारतीय टीम की न्यूजीलैंड के खिलाफ टेस्ट सीरीज में करारी हार से टीम के मुख्य कोच गौतम गंभीर पर भी सवाल उठने लगे हैं। गंभीर को अभी तीन माह पहले ही कोच बनाया गया था। उसके बाद से ही भारतीय टीम का प्रदर्शन कुछ विशेष नहीं रहा है। गंभीर को टीम चयन मामलों में भी पूरे अधिकार दिये गये थे उसके बाद भी वह परिणाम नहीं दे पाये हैं। अब गंभीर की ऑस्ट्रेलिया दौरे में कड़ी परीक्षा होगी। वहीं अगर ऑस्ट्रेलिया दौरे पर भारतीय टीम का प्रदर्शन अच्छा नहीं रहता तो गंभीर की मुश्किलें बढ़ जाएंगी। गंभीर के कोच बनने के बाद भारतीय टीम 27 साल में पहली बार श्रीलंका से एकदिवसीय सीरीज हारी। इसके बाद अब उसे न्यूजीलैंड के खिलाफ घरेलू टेस्ट सीरीज में क्लीन स्वीप का शिकार होना पड़ा है।

इससे पहले भारतीय टीम कभी भी तीन या उससे अधिक मैचों की सीरीज में नहीं हारी है। हालांकि उनके बचाव में कहा जा रहा है कि टीम के साथ कोच केवल योजना ही बना सकता है पर स्पिनरों के खिलाफ भारतीय बल्लेबाजों की कमजोरी जानने के बाद भी मुंबई में पूरी तरह से स्पिनरों की सहायक पिच बनाने पर भी सवाल उठे हैं।

# पाक के खिलाफ एकदिवसीय सीरीज आसान नहीं होगी : मैक्सवेल

एजेंसी

**सिडनी :** ऑस्ट्रेलियाई ऑलराउंडर ग्लेन मैक्सवेल ने कहा है कि पाकिस्तान के खिलाफ होने वाली सीरीज आसान नहीं होगी। ऑस्ट्रेलियाई टीम को यहां एकदिवसीय और टी20 सीरीज खेलनी है। मैक्सवेल ने कहा कि पाकिस्तान की टीम अपनी अप्रत्याशित खेल शैली के कारण किसी को भी हैरान कर सकती है। मैक्सवेल ने कहा कि ऑस्ट्रेलियाई टीम को पाक के खिलाफ घरेलू सीरीज में अपनी पूरी ताकत लगानी होगी क्योंकि पाक टीम को घरेलू हालातों का लाभ मिलेगा। मैक्सवेल ने उन चुनौतियों को भी बताया जिनका सामना ऑस्ट्रेलिया की टीम को पाकिस्तान के खिलाफ घरेलू सीरीज में करना पड़ सकता है। पाकिस्तान टीम नए कप्तान मोहम्मद रिजवान की अगुवाई में पहली सीरीज खेलेगी। मैक्सवेल ने कहा कि, मुझे लगता है कि हमें सीरीज में कठिन मुकाबले के लिए तैयार रहना चाहिए। इसका कारण है कि आप निश्चित नहीं हैं कि क्या हो सकता है और वे खेल के सभी क्षेत्रों में बहुत खतरनाक हैं। उनके पास अच्छे स्पिनर हैं, उनके पास अच्छे तेज गेंदबाज हैं और उनके पास ऐसे बल्लेबाज हैं जो उनके लिए मैच जीत सकते हैं। मैक्सवेल ने साथ ही कहा कि, मुझे लगता है कि जब आप इस सफेद गेंद वाली सीरीज में उनके खिलाफ खेलेंगे तो आप उन उतार चढ़ावों को देखेंगे और ये बहुत मनोरंजक होने वाला है।




# ऋषभ को आउट दिये जाने पर हैरान हुए डिविलियर्स

एजेंसी



**जोहांबगर्ग :** दक्षिण अफ्रीका के पूर्व कप्तान एबी डिविलियर्स ने न्यूजीलैंड के खिलाफ मुंबई टेस्ट में भारतीय टीम के विकेटपर बल्लेबाज ऋषभ पंत को आउट दिये जाने पर सवाल उठाये हैं। डिविलियर्स ने सोशल मीडिया पर भी इस फैसले की आलोचना की है। डिविलियर्स ने कहा कि ये फैसला सही नहीं था। डिविलियर्स ने कहा कि ऐसी घटनाओं पर फैसला लेने के लिए तकनीक का प्रयोग किया जाता है पर उसमें भी कई जटिलताएं हैं। उन्होंने कहा कि इस बार में स्थित साफ नहीं थी। साथ ही कहा कि जब गेंद बल्ले से गुजरती है और ठीक उसी समय ये बल्लेबाज के पैड से टकराती है तो ये तय करना कठिन हो जाता है कि किसने इसे मारा। मैं हमेशा इस बारे में चिंतित रहता हूं और यहां एक बड़े टेस्ट मैच में एक बड़े क्षण में ऐसा होता है। डिविलियर्स ने कहा, बात यह है कि संदेह अवश्य रहा होगा। तो निश्चित रूप से आप ऑन-फील्ड कॉल के साथ बने रहेंगे। जब तक कि तीसरे अंपायर ने स्पष्ट रूप से ये नहीं देखा? मैं इतना निश्चित नहीं हूं। मेरा यहां कोई पूर्वाग्रह नहीं है, मैं बस लगातार कॉल और तकनीक के अच्छे उपयोग पर जोर दे रहा हूं।




लंदन में महिला प्रीमियर लीग फुटबॉल में खेलती हुई क्रिस्टल पेलेस और मैनचेस्टर सिटी की टीमें।

# जापान ने जीता आईआईएचएफ आइस हॉकी महिला एशिया चैम्पियनशिप का खिताब

एजेंसी

**बीजिंग :** जापान ने रविवार को बीजिंग के शौगांग आइस हॉकी एरेना में चीन को 5-0 से हरा कर आईआईएचएफ आइस हॉकी महिला एशिया चैम्पियनशिप का खिताब अपने नाम कर लिया। जापान ने शुरू से ही नियंत्रण बनाए रखा, पहले दौर में 23 शॉट लगाए और एक गोल के साथ शुरूआती बढ़त हासिल की। चीन ने दूसरे दौर में अपना बचाव कड़ा किया, जिससे जापान के स्कोरिंग के मौके सीमित हो गए, लेकिन अंतर को पाटने में असफल रहा। अंतिम दौर में, जब चीन ने बराबरी करने के लिए कड़ी मेहनत की, तो घरेलू टीम की गलतियां बढ़ने लगीं, जिससे जापान को चार और गोल करने और 5-0 की जीत के साथ चैंपियनशिप पर कब्जा करने का मौका मिला। इससे पहले रविवार को कजाकिस्तान ने पेनल्टी शूटआउट में दक्षिण कोरिया को 5-4 से हराकर तीसरा स्थान हासिल किया। टूर्नामेंट में चीन, जापान, दक्षिण कोरिया और कजाकिस्तान की टीमें शामिल थीं। यह टूर्नामेंट तीन दिनों तक राउंड-रॉबिन प्रारूप में खेला गया। अगला संस्करण 2025 में कजाकिस्तान की मेजबानी में आयोजित किया जायेगा।




# रूस की श्नाइडर ने जीता डब्ल्यूटीए हांगकांग ओपन का खिताब



एजेंसी

**हांगकांग :** डायना श्नाइडर ने रविवार को ब्रिटिश खिलाड़ी केटी बौल्टर को 6-1, 6-2 से हराकर डब्ल्यूटीए हांगकांग ओपन का खिताब जीत लिया। विश्व में 14वें स्थान पर काबिज शीर्ष वरीयता प्राप्त श्नाइडर ने जर्मनी में बैड होम्बर्ग ओपन, थाईलैंड में हुआ हिन चैंपियनशिप और हंगरी में बुडापेस्ट ग्रैंड प्रिक्स में खिताबी जीत के साथ इस सत्र का अपना चौथा खिताब जीता। खिताबी जीत के बाद 20 वर्षीय रूसी खिलाड़ी ने कहा, रमुझे ऐसा लग रहा है कि मैं उच्च स्तर पर थी। निश्चित रूप से,मैं जिस तरह से प्रतिस्पर्धा कर रही हूं, उससे खुश और गौरवान्वित हूं। दूसरी वरीयता प्राप्त और सत्र का अपना तीसरा खिताब जीतने की कोशिश में जुटी बौल्टर ने इस कठिन मैच के बारे में कहा, मैं अपना सर्वश्रेष्ठ देना चाहती थी। लेकिन यह पर्याप्त नहीं था।

# अबू धाबी टी-10 टूर्नामेंट 21 नवम्बर से

## 10 टीमें लेंगी हिस्सा, 12 दिन में खेले जायेंगे 40 मैच

एजेंसी

**अबू धाबी :** अबू धाबी टी10 का आठवां सीजन 21 नवंबर से शुरू हो रहा है, टूर्नामेंट का पहला मैच टीम अबू धाबी और अजमान बोल्ट्स के बीच खेला जायेगा। इस साल के टूर्नामेंट में एक विस्तारित प्रारूप है जिसमें 10 टीमें एक रोमांचक सीजन में प्रतिस्पर्धा करेंगी, जहां शीर्ष पांच टीमें फाइनल में जगह बनाने के लिए कड़ी लड़ाई में शामिल होंगी। प्रतिष्ठित जायद क्रिकेट स्टेडियम, अबू धाबी क्रिकेट और स्पोर्ट्स हब में केवल 12 दिनों में 40 से अधिक मैचों का आयोजन करेगा। प्लेऑफ सप्ताहांत के दौरान होंगे, जिसकी शुरूआत 1 दिसंबर को क्वालीफायर 1 से होगी, जिसमें शीर्ष दो टीमें शामिल होंगी। चौथे और पांचवें स्थान पर रहने वाली टीमें एलिमिनेटर 1 में भिड़ेंगी, उसके बाद एलिमिनेटर 2 होगा, जहां टीम 3 एलिमिनेटर 1 के विजेता से भिड़ेगी। क्वालीफायर 1 की उपविजेता फिर क्वालीफायर 2 में एलिमिनेटर 2 के विजेता से भिड़ेगी। ग्रैंड फिनाले 2 दिसंबर को होगा, जहां क्वालीफायर 1 और क्वालीफायर 2 के विजेता खिताब के लिए प्रतिस्पर्धा करेंगे। 2024 संस्करण में 18 विभिन्न देशों के खिलाड़ी शामिल हैं। जोस बटलर, जॉनी बेयरस्टो, मार्कस स्टोइनिस, लॉकी फर्ग्यूसन और राशिद खान जैसे क्रिकेट सुपरस्टार सभी टीमों के स्टार-स्टडेड रोस्टर में शामिल होंगे, जो क्रिकेट के एक अविस्मरणीय सीजन का वादा करेंगे।

# बार्सिलोना ने एस्पेनयोल को 3-1 से हराया तालिका में शीर्ष पर अपनी स्थिति मजबूत की

एजेंसी

**मैड्रिड :** एफसी बार्सिलोना ने रविवार को घरेलू मैदान पर एस्पेनयोल को 3-1 से हराकर ला लीगा तालिका में शीर्ष पर नौ अंक की बढ़त बना ली है। बार्सिलोना के लिए डेनी ओल्मो ने दो गोल और राफिन्हा ने 1 गोल किया और सिर्फ आधे घंटे के बाद ही मैच पर पकड़ बना ली। ओल्मो ने मैच के 12वें मिनट में ही गोल कर बार्का को आगे कर दिया। राफिन्हा ने 10 मिनट बाद ही गोल कर बार्का की बढ़त को दोगुना कर दिया। ओल्मो ने इसके बाद आधे घंटे बाद तीसरा गोल किया और बार्सिलोना की बढ़त 3-0 कर दी। जावी पुआडो ने 63वें मिनट में एस्पेनयोल के लिए सांत्वना गोल किया। अन्य मैचों में एटलेटिको मैड्रिड ने लास पालमास को घरेलू मैदान पर 2-0 से हराया, एथलेटिक क्लब और बेटिस के बीच मैच 1-1 से ड्रॉ हुआ और रियल सोसिएदाद ने सेविला को 2-0 से हराया।





# मौजूदा रणजी ट्रॉफी सत्र के बाद क्रिकेट के सभी प्रारूपों से संन्यास लेंगे रिद्धिमान

एजेंसी

**नयी दिल्ली :** रिद्धिमान साहा रणजी ट्रॉफी के मौजूदा संस्करण के बाद खेल के सभी प्रारूपों से संन्यास ले लेंगे। विकेटकीपर-बल्लेबाज साहा ने 2010 और 2021 के बीच 40 टेस्ट में भारत का प्रतिनिधित्व किया और नौ टी20आई में भी हिस्सा लिया। इसके अलावा उन्होंने कोलकाता नाइट राइडर्स, पंजाब किंग्स, सनराइजर्स हैदराबाद और गुजरात टाइटन्स सहित विभिन्न पक्षों के लिए 170 इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) मैचों में भी हिस्सा लिया। साहा ने रविवार रात एक्स पर पोस्ट किया, रक्रिकेट में एक यादगार सफर के बाद, यह सीजन मेरा आखिरी सीजन होगा। रिटायर होने से पहले मैं बंगाल का प्रतिनिधित्व करने के लिए एक आखिरी बार सम्मानित महसूस कर रहा हूं, मैं सिर्फ रणजी ट्रॉफी में खेलूंगा। इस अविश्वसनीय सफर का हिस्सा बनने वाले सभी लोगों का शुक्रिया, आपका समर्थन दुनिया के लिए मायने रखता है। आइए इस सीजन को यादगार बनाएं... 2007 में प्रथम श्रेणी में पदार्पण करने वाले साहा ने बंगाल के लिए 15 साल तक खेला, उसके बाद बंगाल क्रिकेट संघ (सीएबी) के कुछ अधिकारियों के साथ मतभेद के बाद त्रिपुरा चले गए। तत्कालीन सीएबी प्रमुख अविषेक डालमिया ने साहा को मनाने की कोशिश की, लेकिन उन्होंने संकेत दिया कि वह अब बंगाल के लिए नहीं खेल सकते हैं। वह सीएबी के एक वरिष्ठ अधिकारी की टिप्पणियों से नाराज थे, जिन्होंने व्यक्तिगत कारणों से रणजी ट्रॉफी के ग्रुप चरण को छोड़ने का फैसला करने के बाद साहा की प्रतिबद्धता पर सवाल उठाए थे। यहां तक ??कि उन्होंने बंगाल टीम के व्हाट्सएप ग्रुप को भी छोड़ दिया, जबकि कोच अरुण लाल ने भारत के अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी से बात की थी। खिलाड़ी-संरक्षक की भूमिका निभाने वाले साहा के नेतृत्व में त्रिपुरा ने पिछले सीजन में घरेलू टूनार्मेंटों में अच्छा प्रदर्शन किया था। हालांकि, भारत के पूर्व कप्तान और तत्कालीन बीसीसीआई प्रमुख सौरव गांगुली के साथ बैठक के बाद, साहा इस सीजन में बंगाल लौट आए - यह स्पष्ट संकेत है कि यह उनका आखिरी सीजन हो सकता है। साहा ने पहले यह स्पष्ट कर दिया था कि वह बंगाल के लिए केवल लाल गेंद वाले क्रिकेट पर ध्यान केंद्रित करेंगे और सफेद गेंद वाले टूनार्मेंट में नहीं खेलेंगे। उनके लिए अब तक, यह घरेलू वापसी यादगार नहीं रही है, वे दो मैचों में शून्य पर आउट हुए हैं और विकेट के पीछे तीन कैच लिये हैं। साहा दिसंबर 2021 से राष्ट्रीय टीम से बाहर हैं और 2022 में दक्षिण अफ्रीका दौरे के दौरान उन्हें तत्कालीन भारतीय मुख्य कोच राहुल द्रविड़ ने बताया था कि चयनकर्ता और टीम प्रबंधन उनसे आगे की सोच रहे हैं। हालांकि, उन्होंने आईपीएल में खेलना जारी रखा और 2022 में गुजरात टाइटन्स का हिस्सा थे जब उसने अपना पहला खिताब जीता था।

### ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ इस कारण पहला टेस्ट नहीं खेल पायेंगे रोहित

**मुम्बई :** भारतीय क्रिकेट टीम के कप्तान रोहित शर्मा ऑस्ट्रेलिया दौरे पर निजी कारणों से पहले क्रिकेट टेस्ट मैच में नहीं खेल पायेंगे। रोहित ने इसकी जानकारी पहले ही भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) को दे दी है। भारतीय टीम 22 नवंबर से पर्थ में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पांच मैचों की टेस्ट सीरीज खेलेगी। रोहित ने न्यूजीलैंड के खिलाफ तीसरे और अंतिम टेस्ट के बाद कहा, ह्यमुझे नहीं पता कि मैं ऑस्ट्रेलिया पहले टेस्ट के लिए जा पाउंगा या नहीं। ह्व अगर रोहित पहले टेस्ट में नहीं खेल पाते हैं तो उप कप्तान जसप्रीत बुमराह इस मैच में कप्तानी करेंगे वहीं अभिमन्यु ईश्वरन उनके कवर के तौर पर खेलेंगे।

## एक झलक

### सेल ने एएससीआई हैदराबाद के साथ शैक्षणिक सहयोग के लिए किया समझौता

**नयी दिल्ली** : स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड (सेल) ने सोमवार को शैक्षणिक सहयोग के लिए एडमिनिस्ट्रेटिव स्टाफ कॉलेज ऑफ इंडिया (एएससीआई) हैदराबाद के साथ एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए। इस एमओयू पर सेल के निदेशक (कार्मिक) केके सिंह और एएससीआई, हैदराबाद के निदेशक डॉ. निर्मल्या बागची की उपस्थिति में हस्ताक्षर किए गए। इस्पात मंत्रालय के मुताबिक सेल और एएससीआई हैदराबाद के बीच आज नई दिल्ली स्थित कंपनी के कॉर्पोरेट कार्यालय में समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए हैं। मंत्रालय के कहा कि सेल और एएससीआई के बीच ये समझौता प्रतिष्ठित संस्थानों के साथ सहयोग सेल की समग्र शिक्षण एवं विकास (एलएंडडी) रणनीति का हिस्सा है, ताकि कंपनी के अधिकारियों को और अधिक शैक्षणिक अनुभव प्रदान किया जा सके, जिससे उन्हें अपने नेतृत्व पदों पर आगे बढ़ने में मदद मिल सके।

### सरकारी ई-मार्केटप्लेस ने जीईएम पोर्टल पर 170 नयी बीज श्रेणियां लॉन्च कीं

**नयी दिल्ली** : सरकारी ई-मार्केटप्लेस ने जीईएम पोर्टल पर 170 नई बीज श्रेणियां लॉन्च कीं है। इसके साथ ही अब जीईएम पोर्टल पर लगभग 8,000 बीज की किस्में उपलब्ध हो गईं हैं। इन श्रेणियों को आगामी फसल सीजन से पहले लॉन्च किया गया है, ताकि केंद्र और राज्य सार्वजनिक क्षेत्र की इकाइयों (पीएसयू) और अन्य सरकारी एजेंसियों के लिए कुशल खरीद की सुविधा मिल सके। जीईएम की डिप्टी सीईओ रोली खरे ने कहा कि विक्रेताओं को इन नई बीज श्रेणियों का लाभ उठाने और सरकारी निविदाओं में स्वतंत्र रूप से भाग लेने के लिए अपनी पेशकशों को सूचीबद्ध करने के लिए आमंत्रित किया गया है। उन?होंने कहा कि राज्य निकायों को लागत-प्रभावी और गुणवत्तापूर्ण बीज खरीद के लिए इन श्रेणियों को अपनाने के लिए भी प्रोत्साहित किया जा रहा है। खरे ने कहा कि इस पहल से पूरे भारत में बीज वितरण को अनुकूलित करने की उम्मीद है। वाणिज्य मंत्रालय के मुताबिक 8000 किस्मों के बीजों वाली 170 नई श्रेणियां अब जीईएम पर उपलब्ध हैं। विभिन्न राज्य बीज निगमों और अनुसंधान निकायों के साथ गहन परामर्श के बाद श्रेणिया बनायी गयी हैं।

### एशियाई बाजारों में आमतौर पर तेजी का रुख

**नयी दिल्ली** : ग्लोबल मार्केट से पॉजिटिव संकेत मिल रहे हैं। अमेरिकी बाजार पिछले सत्र के दौरान मजबूती के साथ बंद हुए थे। हालांकि डाउ जॉन्स फ्यूचर्स आज गिरावट के साथ कारोबार करता नजर आ रहा है। अमेरिकी बाजार की तरह ही यूरोपीय बाजार में भी पिछले सत्र के दौरान खरीदारी होती रही। एशियाई बाजारों में भी आज आमतौर पर तेजी नजर आ रही है। अमेरिका में कल राष्ट्रपति पद के लिए चुनाव होने वाले हैं। इसकी वजह से वॉल स्ट्रीट में काफी संभलकर कारोबार होता रहा। एसएंडपी 500 इंडेक्स 0.41 प्रतिशत की मजबूती के साथ 5,728.80 अंक के स्तर पर बंद हुआ। इसी तरह नैस्डेक ने 144.77 अंक यानी 0.80 प्रतिशत की बढ़त के साथ 18,239.92 अंक के स्तर पर पिछले सत्र के कारोबार का अंत किया। डाउ जॉन्स फ्यूचर्स फिलहाल 0.17 प्रतिशत की कमजोरी के साथ 41,980.16 अंक के स्तर पर कारोबार करता नजर आ रहा है।

# घरेलू शेयर बाजार में बड़ी गिरावट



**नयी दिल्ली** : घरेलू शेयर बाजार एक बार फिर बड़ी गिरावट का शिकार हो गया। दिन के कारोबार में सेंसेक्स ने 1,490 अंक से अधिक का गोता लगाया। इसी तरह निफ्टी भी 485 अंक से अधिक अंक तक लुढ़क गया। सेंसेक्स 79 हजार अंक के स्तर से नीचे फिसल गया तो निफ्टी भी 24 हजार अंक के नीचे आ गया। मिडकैप और स्मॉलकैप इंडेक्स भी आज इंट्रा-डे में करीब 1.50 प्रतिशत तक टूट गए। हालांकि, बाद में निफ्टी और सेंसेक्स दोनों सूचकांकों की स्थिति में काफी सुधार भी हुआ। माना जा रहा है कि आज की गिरावट के लिए वैश्विक हालात प्रमुख रूप से जिम्मेदार रहे। इसके साथ ही घरेलू मोर्चे पर कंपनियों के कमजोर तिमाही नतीजों ने भी बाजार की चाल पर प्रतिकूल असर डाला। धामी सिक्योरिटीज के वाइस प्रेसिडेंट प्रशांत धामी के अनुसार दुनिया भर के ज्यादातर स्टॉक मार्केट्स में अमेरिका में होने वाले राष्ट्रपति चुनाव को लेकर सतर्क मुद्रा में कारोबार हो रहा है। अमेरिका में राष्ट्रपति चुनाव को लेकर अनिश्चितता बनी हुई है। माना जा रहा है कि अगर कमला हैरिस चुनाव जीतती हैं, तो अमेरिका में उदार आर्थिक नीतियों को बढ़ावा मिल सकता है। डोनाल्ड ट्रंप की जीत होने पर ब्याज दरों को लेकर कड़ाई का रुख जारी रह सकता है। ट्रंप और कमला हैरिस की परस्पर विपरीत आर्थिक नीति की वजह से दोनों में से किसी की भी जीत वैश्विक अर्थव्यवस्था पर अपना असर डालेगी, जिससे भारतीय अर्थव्यवस्था भी प्रभावित होगी। यही कारण है कि अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव के पहले दुनिया भर के स्टॉक मार्केट काफी संभलकर कारोबार कर रहे हैं और निवेशक बिकवाली करके अपना पैसा सुरक्षित करने की कोशिश में लगे हुए हैं। अमेरिका में 5 अक्टूबर को राष्ट्रपति पद के लिए होने वाले चुनाव के दो दिन बाद ही 7 नवंबर को अमेरिकी फेडरल रिजर्व ब्याज दरों को लेकर फैसला लेने वाला है। अमेरिकी फेडरल रिजर्व ने पहले से ही ब्याज दरों में 0.25 प्रतिशत कटौती करने का संकेत दिया हुआ है, लेकिन अमेरिकी चुनाव के परिणाम से अमेरिकी फेडरल रिजर्व का फैसला प्रभावित भी हो सकता है। यही कारण है कि अमेरिकी फेडरल रिजर्व द्वारा ब्याज दरों की कटौती के संबंध में उठाए जाने वाले अगले कदम को लेकर अनिश्चितता बनी हुई है, जिसने निवेशकों को अपना पैसा सुरक्षित करने के लिए मजबूर कर दिया है। इसी तरह एक्सिस सिक्योरिटीज के रिसर्च हेड जसवंत दमानी का कहना है कि तेल उत्पादक देशों के संगठन ओपेक प्लस ने रविवार को ही क्रूड ऑयल के उत्पादन में बढ़ोतरी करने के अपने फैसले को एक महीने तक के लिए टालने का फैसला करके किया है, जिसकी वजह से आज क्रूड की कीमत में लगभग 2 प्रतिशत तक की तेजी आ गई है।
क्रूड ऑयल की कीमत में आई तेजी के कारण भी दुनिया भर के स्टॉक मार्केट पर दबाव बढ़ गया है, जिसका असर आज घरेलू शेयर बाजार में भी नजर आया।

## टाटा टी अग्नि लीफ ने छठ पूजा उत्सव में अनूठा स्वाद जोड़ा

**गया/मुजफ्फरपुर** : बिहार और झारखंड के प्रमुख चाय ब्रांड टाटा टी अग्नि ने अपने नवीनतम ब्रांड अभियान के माध्यम से इस साल छठ पूजा के अवसर पर 'सिक्की घास शिल्प' पेश किया है- जो एक प्राचीन और जटिल कला है, जो बिहार और झारखंड के सांस्कृतिक इतिहास में गहराई से निहित है। परंपरा और कला को एक साथ जोड़कर, अभियान क्षेत्रीय गौरव और भावना को जगाने का प्रयास करता है, जिससे क्षेत्र के सांस्कृतिक सार के साथ गहरा संबंध बनता है। उपभोक्ताओं को बिहार की समृद्ध सांस्कृतिक झलक दिखाने का मौका देने के अभियान के तहत, टाटा टी अग्नि लीफ ने छठ पूजा उत्सव की शुरूआत का जश्न मनाने के लिए 4 और 5 नवंबर 2024 को सिटी सेंटर मॉल में 'सिक्की कला महोत्सव' का आयोजन किया। इस अवसर पर टाटा कंज्यूमर प्रोडक्ट्स के अध्यक्ष (पैकेज्ड बेवरेजेज, भारत और दक्षिण एशिया) पुनीत दास ने विशेष त्यौहारी पैक और इंस्टालेशन का अनावरण करते हुए कहा, टाटा टी अग्नि लीफ को वर्षों से छठ पूजा समारोह का हिस्सा बनने पर गर्व है और यह कुछ ऐसा है जिसका हम हर साल इंतजार करते हैं।

## अमेजन ग्रेट इंडियन फेस्टिवल ने सफलता के सभी पुराने रिकॉर्ड पीछे छोड़े




**बेंगलुरु** : अमेजन इंडिया ने आज बताया कि पूरे एक महीने तक चलने वाला उसका अमेजन ग्रेट इंडियन फेस्टिवल 2024 देश भर में ग्राहकों, विक्रेताओं और ब्रांड भागीदारों के लिए अब तक का सबसे अच्छा खरीदारी उत्सव रहा है। 24 घंटे के प्राइम अर्ली एक्सेस के साथ एजीआईएफ 2024 का शुभारंभ 27 सितंबर को हुआ था। इसमें ग्राहकों को लैपटॉप, टीवी, स्मार्टफोन, फैशन एवं ब्यूटी, होम डेकोर, अप्लायंसेज, फर्नीचर और ग्रॉसरी जैसी श्रेणियों में शीर्ष ब्रांडों के 25,000 से अधिक नए उत्पाजदों को खरीदने का शानदार मौका मिला। एजीआईएफ 2024 ने विक्रेता की सफलता के कीर्तिमान स्थापित किए और पिछले साल की तुलना में विक्रेताओं की बिक्री में 70प्रतिशत से अधिक की वृद्धि देखी गई, जो एक करोड़ से अधिक थी। ऑनलाइन मार्केटप्लेस ने अपनी फॉस्टे डिलीवरी की क्षमता को और बढ़ाया, पूरे भारत में प्राइम मेंबर्स को 3 करोड़ से अधिक उत्पाद उसी दिन या अगले दिन डिलीवर किए गए इस प्रकार इसमें पिछले वर्ष की तुलना में 26% की शानदार वृद्धि देखी गई। सौरभ श्रीवास्तव, वाइस प्रेजीडेंट - कैटेगरीज, अमेजन इंडिया ने कहा अमेजन का ग्रेट इंडियन फेस्टिवल 2024 पिछले सभी रिकार्ड तोड़ते हुए भारत का सबसे बड़ा खरीदारी उत्समव बन गया है। रोजमर्रा की जरुरत के सामान से लेकर बड़े-मूल्य की खरीदारी तक, हर चीज के लिए देश भर से यह जबरदस्त उत्साह, अमेजन इंडिया पर ग्राहकों के बढ़ते भरोसे को दशार्ता है । एजीआईएफ उत्पोदों की विशाल संख्याम, आकर्षक मूल्य, फॉस्टा डिलीवरी और निरंतर इनोवेशन के जरिये शानदार खरीदारी अनुभव प्रदान करने के हमारे जुनून का उदाहरण है। हम ऐसे और अवसर बनाने के लिए प्रतिबद्ध हैं जो ग्राहकों, विक्रेताओं और भागीदारों के हमारे पूरे इकोसिस्टम के लिए अधिक मूल्य प्रदान करते हैं।

## सरकार ने आरबीआई के डिप्टी गवर्नर पद के लिए आवेदन मांगे

**नयी दिल्ली** : सरकार ने रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (आरबीआई) ने सोमवार को डिप्टी गवर्नर पद के लिए आवेदन आमंत्रित किए हैं। ये नियुक्ति मौजूदा डिप्टी गवर्नर माइकल देवव्रत पात्रा के स्थान पर होगी, जिनका विस्तारित कार्यकाल 14 जनवरी 2025 को समाप्त हो रहा है। वित्त मंत्रालय की ओर से सोमवार को जारी अधिसूचना के मुताबिक आरबीआई के डिप्टी गवर्नर का ये पद अर्थशास्त्रियों के लिए है। वित्त मंत्रालय के मुताबिक चयनित उम्मीदवार मौद्रिक नीति विभाग की देख-रेख करेगा और दर निर्धारण समिति मौद्रिक नीति समिति का सदस्य भी होगा। उम्मीदवारों की आयु 15 जनवरी, 2025 को 60 वर्ष से अधिक नहीं होनी चाहिए। यह नियुक्ति तीन वर्ष की अवधि के लिए है तथा व्यक्ति पुर्ननियुक्ति के लिए पात्र होगा।

## कोयला मंत्री जी. किशन रेड्डी ने 50 मेगावाट सौर ऊर्जा संयंत्र का किया उद्घाटन




**नयी दिल्ली** : केन्द्रीय कोयला एवं खान मंत्री जी. किशन रेड्डी ने कोल इंडिया लिमिटेड (सीआईएल) की सहायक कंपनी एनसीएल के निगाही क्षेत्र में 50 मेगावाट के ग्राउंड-माउंटेड सौर ऊर्जा संयंत्र का वर्चुअल उद्घाटन किया। मध्य प्रदेश के सिंगरौली में स्थित यह सौर ऊर्जा संयंत्र अपने पहले वर्ष में औसतन 94 मिलियन यूनिट बिजली पैदा करेगा, जिससे सालाना 78,000 टन से अधिक कार्बन उत्सर्जन को कम करने में मदद मिलेगी। कोलकाता में आयोजित सीआईएल के 50वें स्थापना दिवस समारोह पर केंद्रीय मंत्री जी. किशन रेड्डी ने स्वर्ण जयंती लोगो लॉन्च किया। इसके साथ ही उन्होंने शुभंकर अंगारा का अनावरण भी किया। ये लोगो भारत के ऊर्जा क्षेत्र की रीढ़ के रूप में सीआईएल की महत्वपूर्ण भूमिका का प्रतीक है, जो नवाचार, प्रगति और स्थिरता के लिए कंपनी की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। शुभंकर कोयला खनिकों की ताकत और लचीलेपन का प्रतीक है, जो उनके साहस और समर्पण को दर्शाता है। शुभंकर रॉयल बंगाल टाइगर से प्रेरित है। किशन रेड्डी ने इस अवसर पर कोयला और लिग्नाइट अन्वेषण पर रणनीति रिपोर्ट भी जारी की। इसके साथ ही माइन क्लोजर पोर्टल का उद्घाटन किया और नॉर्दर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड की निगाही परियोजना में 50 मेगावाट के सौर ऊर्जा संयंत्र के विकास की घोषणा की, जिसमें 250 करोड़ रुपये का निवेश शामिल है। इस सौर पहल से 49 मिलियन यूनिट बिजली पैदा होने की उम्मीद है। मंत्री ने संस्थागत और व्यक्तिगत दोनों श्रेणियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वालों को पुरस्कार प्रदान करके समारोह का समापन किया, जिसमें सीआईएल की सफलता में उनके महत्वपूर्ण योगदान को मान्यता दी गई। कोयला मंत्री ने कार्यक्रम के दौरान अपने संबोधन में संविदा कर्मियों के लिए सीआईएल की जन-केंद्रित पीएलआई योजना की सराहना की। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कोयला सचिव विक्रम देव दत्त ने कहा कि सीआईएल आयातित कोयले की तुलना में भारतीय उपभोक्ताओं को प्रतिस्पर्धी दरों पर कोयला उपलब्ध कराता है। उन्होंने बताया कि 28 अक्टूबर, 2024 तक बिजली संयंत्रों में कोयले का स्टॉक 31.6 मीट्रिक टन तक पहुंच गया, जबकि पिछले वर्ष की इसी अवधि में यह 18.8 मीट्रिक टन था।

## सैमसंग और गार्डन सिटी यूनिवर्सिटी ने की अत्याधुनिक एआई और मशीन लर्निंग लैब की स्थापना



**पटना** : सैमसंग आरएंडडी इंस्टीट्यूट इंडिया-बैंगलोर (एसआरआई-बी) ने गार्डन सिटी यूनिवर्सिटी (जीसीयू) के साथ मिलकर ह्यसैमसंग स्टूडेंट इकोसिस्टम फॉर इंजीनियर्ड डेटा (एसईईडी) लैबह्व की स्थापना की है। इस पहल के तहत छात्रों और शिक्षकों को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई), मशीन लर्निंग (एमएल) और डेटा इंजीनियरिंग में गहन अनुभव मिलेगा। एसईईडी लैब में, जीसीयू के छात्र और शिक्षक सैमसंग के वरिष्ठ इंजीनियरों के मार्गदर्शन में प्राकृतिक भाषा समझ, स्पीच और टेक्स्ट रिकॉग्निशन जैसी नवीन तकनीकों पर काम करेंगे। इस लैब के माध्यम से छात्रों को वास्तविक समस्याओं का समाधान करने और उद्योग-तैयार कौशल विकसित करने का सुनहरा अवसर मिलेगा। सैमसंग ने पहले ही कर्नाटक और तमिलनाडु में चार अन्य सीड लैब्स स्थापित की हैं, जिनमें 400 से अधिक छात्र एआई और डेटा-संबंधी परियोजनाओं पर कार्य कर रहे हैं। इस संबंध में एसआरआई-बी के चीफ टेक्नोलॉजी ऑफिसर मोहन राव गोली ने कहा कि टेक्नोलॉजी तेजी से बदल रही है, और हम भारतीय इंजीनियरों और भाषाविदों को उद्योग के लिए तैयार करने हेतु स्थानीय इकोसिस्टम के साथ मिलकर काम कर रहे हैं। गार्डन सिटी यूनिवर्सिटी के साथ यह साझेदारी इस दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। गार्डन सिटी यूनिवर्सिटी के चांसलर डॉ. जोसेफ वीजी ने कहा कि भविष्य के प्रोफेशनल्स और इनोवेटर्स को तैयार करने के लिए इंडस्ट्री के साथ सहयोग जरूरी है। सैमसंग के साथ यह साझेदारी छात्रों को उत्कृष्ट अवसर प्रदान करेगी और हमारे शैक्षिक और उद्योग संबंधों को और मजबूत करेगी। 1500 वर्गफीट में फैली इस लैब में, डेटा प्रबंधन और आर्काइविंग के लिए उन्नत इन्फ्रास्ट्रक्चर उपलब्ध है, जो 30 लोगों को एक साथ काम करने का अवसर प्रदान करता है।

## बसंती ने किया बापोदरा चॉल में प्रवेश, पुष्पा को हो गयी भूलने की बीमारी



**मुंबई** : सोनी सब का 'पुष्पा इम्पॉसिबल' में हाल के एपिसोड में वीरेन पुष्पा से हमेशा के लिए छुटकारा पाने की साजिश बनाता है और उसकी कार में बम रख देता है। इससे एक घातक दुर्घटना होती है और कार एक चट्टान से टकरा जाती है। जैसे ही बम फटता है, पुष्पा को मृत मान लिया जाता है। आगामी एपिसोड में वीरेन अपनी योजना के अगले चरण पर आगे बढ़ता है-पुष्पा की जगह उसकी हमशक्ल बसंती को लाता है और जुगल पर हमला करना। दूसरी ओर यह पता चलता है कि पुष्पा को घातक दुर्घटना से बचा लिया जाता है। स्थानीय ग्रामीण उसे अस्पताल ले जाते हैं। डॉक्टर उसकी जान तो बचा लेते हैं लेकिन वह अपनी याददाश्त खो देती है। अस्पताल में एक ट्रैफिक वार्डन पुष्पा को बसंती समझ लेता है। उसे बसंती की चाय की दुकान पर ले जाता है। पुष्पा के जीवन में कई मोड़ और चुनौतियाँ आने वाली हैं, जो दर्शकों को बांधे रखने के लिए निश्चित हैं।

# सोना-चांदी में तेजी जारी रहने का अनुमान



**नयी दिल्ली** : जियो पॉलिटिकल टेंशन और ग्लोबल इकोनॉमी में लगातार हो रहे उतार-चढ़ाव के कारण गोल्ड मार्केट में लगातार तेजी बनी हुई है। दिवाली को आमतौर पर हिंदू कारोबारी कैलेंडर की शुरूआत माना जाता है। पिछली दिवाली से लेकर इस दिवाली तक सोने की कीमत में करीब 31 प्रतिशत से अधिक की तेजी दर्ज की गई। माना जा रहा है कि अगले साल यानी 2025 की दिवाली तक सोने की कीमत में 18 से 22 प्रतिशत तक का इजाफा हो सकता है। इसी तरह चांदी की कीमत भी 30 प्रतिशत तक उछल सकती है। सोने की कीमत में आई तेजी की सबसे बड़ी वजह जियो पॉलिटिकल टेंशन को माना जा रहा है। इसके साथ ही कई देशों के केंद्रीय बैंकों की ओर से ब्याज दरों में कमी करने, ग्लोबल इकॉनमी में उतार-चढ़ाव होने और दुनिया के ज्यादातर स्टॉक मार्केट में गिरावट आने के कारण भी वैश्विक स्तर पर सोने को सपोर्ट मिला है। जानकारों का कहना है कि सोना और चांदी को परंपरागत रूप से इन्वेस्टमेंट का सेफ इंस्ट्रूमेंट माना जाता है। इसीलिए कभी भी तनाव होने या वैश्विक अर्थव्यवस्था में उतार-चढ़ाव होने पर सोने में निवेश बढ़ जाता है। पिछली दिवाली से लेकर इस दिवाली के बीच भी दुनिया भर में तनाव की स्थिति बनी रही। रूस और यूक्रेन के बीच जारी जंग के अलावा इजरायल और हमास तथा हिज्बुल्लाह के बीच शुरू हुए संघर्ष ने जियो पोलिटिकल टेंशन को काफी बढ़ा दिया। अब इस जंग में ईरान के भी शामिल हो जाने की वजह से तनाव और बढ़ गया है, जिसके कारण वैश्विक अर्थव्यवस्था भी बुरी तरह से प्रभावित हुई है। इसी दौरान दुनिया के कई देशों ने ब्याज दरों में कटौती भी की है, जिससे मार्केट की लिक्विडिटी पहले की तुलना में बढ़ गई है। यही वजह है कि निवेशक सेफ इन्वेस्टमेंट के रूप में सोना और चांदी में जम कर निवेश कर रहे हैं। बुलियन मार्केट एक्सपर्ट मयंक मोहन का कहता है कि 2023 की दिवाली से लेकर 2024 की दिवाली के दौरान सोने ने निवेशकों को शेयर मार्केट के एवरेज रिटर्न से ज्यादा रिटर्न दिया है। पिछली दिवाली से लेकर इस दिवाली तक शेयर बाजार का रिटर्न 24.92 प्रतिशत रहा है, जबकि सोने के मामले में रिटर्न 31.69 प्रतिशत रहा है। ये ट्रेंड 2025 की दिवाली तक जारी रह सकता है, क्योंकि सोने के लिए आउटलुक लगातार पॉजिटिव बना हुआ है। ऐसी स्थिति में मार्केट एक्सपर्ट्स सोने की कीमत में कम से कम 10 प्रतिशत तक की तेजी का अनुमान लगा रहे हैं। इसके साथ ही ये भी कहा जा रहा है कि अगर केंद्र सरकार द्वारा सोने की इंपोर्ट ड्यूटी में की गई कटौती का असर बना रहा, तो अंतरराष्ट्रीय बाजार से इसकी लिवाली और बढ़ेगी, जिसके कारण सोने की कीमत 15 से 18 प्रतिशत तक भी तेज हो सकती है।

## पेज एक के शेष

**झामुमो, कांग्रेस व राजद से संकट में झारखंड का अस्तित्व...**

झारखंड में भाजपा की सरकार सत्ता में आयेगी, तब हो सहित अन्य आदिवासी भाषाओं को उचित सम्मान मिलेगा।

**युवाओं को नौकरी नहीं दी, पेपर लीक करा कर जीवन बर्बाद कर दिया**

मोदी ने कहा कि झारखंड के युवाओं को वर्तमान सरकार ने नौकरी तो नहीं दी, लेकिन पेपर लीक करा कर जीवन बर्बाद कर दिया। पेपर लीक के दोषियों को कड़ी सजा दी जायेगी। तीन लाख निष्पक्ष भर्ती करायी जायेगी। उन्होंने कहा कि भाजपा ने रविवार को संकल्प पत्र जारी किया है। दीदी गोगो योजना की घर-घर चर्चा है। हर माता-बहन ने इसे गले लगाया है। इसने नयी ऊर्जा भर दी है। हर महीने 2100 रुपये आयेंगे और 500 रुपये में गैस सिलिंडर के साथ साल में दो गैस सिलिंडर मुफ्त देने की घोषणा की है।

**भाजपा ने देश को दी पहली महिला राष्ट्रपति**

मोदी ने कहा कि भाजपा ने आदिवासियों का सम्मान किया है। इन्हें कई अहम जिम्मेदारी दी गयी है। एक तरफ जहां राज्य की बागडोर उन्हें सौंपी गयी है, वहीं कई महत्त्वपूर्ण कार्य सौंपा गया है। कांग्रेस ने कभी आदिवासियों को सम्मान नहीं दिया। बीजेपी ने देश को पहली महिला राष्ट्रपति दी है। मोदी ने झामुमो, राजद और कांग्रेस पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि जो झारखंड के विरोधी थे, आज उनकी गोद में झामुमो बैठ चुका है। कांग्रेस आदिवासी विरोधी रही है। इसी कांग्रेस के सहारे झामुमो सरकार चला रहा है। सत्ता के लिए वह इनसे गले मिल गया। मोदी ने कहा कि हो भाषा को उचित सम्मान मिलेगा।

**झारखंड में भाजपा-एनडीए के नेतृत्व में बनानी है डबल इंजन की सरकार...**

होगा, यह मेरी गारंटी है।

**संकल्प पत्र रोटी-बेटी-माटी के सम्मान, सुरक्षा और समृद्धि के लिए समर्पित**

मोदी ने कहा कि माताओं, बहनों, बेटियों के कल्याण के लिए झारखंड भाजपा के संकल्प पत्र में अनेक संकल्प लिये गये हैं। 'गोगो दीदी योजना' के तहत हर महीने माताओं-बहनों को 2,100 रुपये दिये जायेंगे। गरीब परिवार की माताओं-बहनों को उज्ज्वला योजना के तहत पहले गैस कनेक्शन दिये गये, अब झारखंड में बनने जा रही भाजपा सरकार 500 रुपये में गैस सिलिंडर देगी। इसके साथ अगले साल दीपावली और रक्षाबंधन पर दो मुफ्त सिलिंडर भी देगी। भाजपा, झारखंड की सुविधा, सुरक्षा, स्थिरता व समृद्धि की गारंटी के साथ चुनावी मैदान में उतरी है। मैं बहुत-बहुत बधाई देता हूं कि कल झारखंड भाजपा ने बहुत ही शानदार संकल्प पत्र जारी किया है।
मोदी ने कहा कि यह संकल्प पत्र रोटी-बेटी-माटी के सम्मान, सुरक्षा और समृद्धि के लिए समर्पित है। जेएमएम-कांग्रेस ने झारखंड के नौजवानों को बेरोजगारी भत्ता देने का वादा किया था। लेकिन, वादा पूरा नहीं किया। भर्तियों में धांधली, पेपर लीक जैसे यहां का उद्योग बन गया है। सिपाही भर्ती के दौरान जेएमएम सरकार की लापरवाही के कारण कई नौजवाओं की दुखद मृत्यु हो गयी। अब झारखंड भाजपा ने इस स्थिति को बदलने का निर्णय लिया है। प्रदेश में भाजपा सरकार बनने के बाद करीब 03 लाख सरकारी पदों को पारदर्शी तरीके से भरा जायेगा।

**आजकल अफवाहें फैलाने का चल पड़ा है बड़ा उद्योग**

मोदी ने कहा कि आजकल अफवाहें फैलाने का बड़ा उद्योग चल पड़ा है। कुछ लोग भांति-भांति की दुकानें खोल कर बैठे हैं और अफवाह फैलाने का माल बेच रहे हैं। आपको ऐसी किसी भी अफवाह में नहीं आना है। आजादी के बाद ही कांग्रेस की राजनीति का बहुत बड़ा आधार रहा है-जनता से झूठ बोलना, जनता को धोखा देना। ये झूठे वादे करके मतदाताओं को धोखा देते हैं। हमारे नागरिकों की आंख में धूल झोंक देते हैं। अभी हाल ही में हरियाणा ने इन्हें सबक सिखाया है। कांग्रेस और उसके साथी जहां-जहां भी झूठ बोल कर सत्ता में आये हैं, उस राज्य को उन्होंने बर्बाद कर दिया है।

**झारखंड के बड़े दुश्मन हैं झामुमो-कांग्रेस-राजद**

मोदी ने कहा कि कांग्रेस के अध्यक्ष ने भी मान लिया है कि कांग्रेस झूठी गारंटी देती है। पता नहीं कैसे खड़गे जी के मुंह से जाने-अनजाने में सच निकल गया है। साथ ही, कहा कि कांग्रेस की ये अनाप-शनाप घोषणाएं राज्यों को दिवालिया कर देंगी। उन्होंने कहा कि झारखंड का एक और बहुत बड़ा दुश्मन है और वह है-परिवारवाद। झामुमो-कांग्रेस-राजद ; ये तीनों दल घोर परिवारवादी हैं। ये लोग चाहते हैं कि सत्ता की चाबी केवल इन्हीं के परिवार के पास रहे।
मोदी ने कहा कि झारखंड में हमने 16 लाख गरीबों के घर बनाये। ये घर एससी-एसटी और ओबीसी को मिले, जिनके पास पक्का घर नहीं था। एक लाख 15 हजार घर तो गढ़वा में गरीब परिवारों को मिले हैं। आप कह रहे हैं कि यहां पहले कोई प्रधानमंत्री नहीं आया। मोदी पहला प्रधानमंत्री है, जो यहां आया। जो बड़े-बड़े अच्छे काम होते हैं, वे भी मेरे ही नसीब में लिखे हैं। साथ ही, कहा कि आप जेएमएम-कांग्रेस से पूछिए कि आवास योजना का क्या हुआ। क्यों इसको लेकर आपके साथ विश्वासघात किया गया। लोकसभा में हमने 03 करोड़ घर बनाने की गारंटी दी थी। हमने इस पर काम भी शुरू कर दिया।

**13 को बिहार के दरभंगा में एम्स का करेंगे शिलान्यास...**

लिए 188 एकड़ जमीन उपलब्ध करायी है। इस परियोजना को पूरा करने के लिए तीन वर्ष का समय निर्धारित किया गया है।
उल्लेखनीय है कि दरभंगा एम्स के निर्णाण को लेकर बिहार में खूब राजनीति हुई। बिहार में महागठबंधन की सरकार बनने के बाद इसके निर्माण पर ग्रहण लग गया था। राज्य सरकार ने केन्द्र सरकार को जो जमीन उपलब्ध करायी थी, उसमें एम्स निर्माण से केन्द्र ने हाथ खड़े कर दिये थे। बिहार में फिर से राजग की सरकार बनी, तो केन्द्र सरकार ने उसी जमीन में एम्स के निर्माण में अपनी सहमति दे दी थी।

**हेमन्त सरकार की योजनाओं से घबरा गयी है भाजपा : कल्पना...**

मुफ्त दी जा रही है। 25 लाख गरीबों को अबुआ आवास, 40 लाख लोगों को पेंशन दी जा रही है। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार बात नहीं, अपने काम को धरातल पर उतारने पर विश्वास करती है। केन्द्र सरकार न महंगाई का बोझ दिया है, तो हेमन्त सरकार ने उस बोझ को कम करने का काम किया है। उन्होंने कहा कि वर्ष 2000 में झारखंड बना, जिसमें भाजपा ने 20 साल राज किया, लेकिन राज्य को बदहाल हालत में छोड़ दिया था। जबकि, हेमन्त सोरेन पांच साल में झारखंड को विकास के रास्ते पर लेकर आये हैं। उसमें भी दो साल कोविड का काल रहा। साजिश के तहत छह माह हेमन्त सोरेन को जेल में डाल दिया गया। सिर्फ ढाई साल काम करने का मौका मिला और हेमन्त सरकार ने बेहतर काम करके दिखाया, जो भाजपा के लोगों को पच नहीं रहा। हम झारखंड के मान-सम्मान, स्वाभिमान और विकास की लड़ाई लड़ रहे हैं। आप लोगों का सहयोग मिलेगा, तो आनेवाले समय झारखंड में महागठबंधन की सरकार अपने बचे हुए विकास कार्य को बहुत तेजी से पूरा करेगी।
कांग्रेस ओबीसी मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह हरियाणा के पूर्व मंत्री कैप्टन अजय सिंह यादव ने कहा कि भाजपा ने 27 प्रतिशत आरक्षण कम करके 14 प्रतिशत किया है। उन्होंने कहा कि बिहार की तर्ज पर जाति का जनगणना होनी चाहिए झारखंड में, जिससे लोगों के हक और अधिकार को मजबूती मिल सके। उन्होंने कहा कि घुसपैठियों के बारे में जो भाजपा द्वारा भरमाया जा रहा है, तो बॉर्डर तो केन्द्र सरकार के अधीन है। अमित शाह झारखंड की जनता को बरगलाने का काम ना करें। झारखंड का जो रॉयल्टी का पैसा 1,36 लाख करोड़ बकाया है, वह केन्द्र सरकार अविलंब झारखंड सरकार को भुगतान करें। साबी देवी ने सभा ने कहा कि यहां की जनता ने वर्ष 2014 मुझे करीब 40 हजार वोट दिया था। इस बार मेरे पुत्र अरुण साहू की जीत सुनिश्चित कर स्व. तिलेश्वर साहू के क्षेत्र के समग्र विकास के सपने को साकार करें। कांग्रेस प्रत्याशी अरुण साहू ने सभी का अभिवादन करते हुए कहा कि बरही में बदलाव की लहर चल चुकी है। इस दौरान उन्होंने बरही के वर्तमान विधायक और पूर्व विधायक पर तंज कसा। उन्होंने कहा कि 30 वर्ष बाद भी बरही को पानी तक नहीं दिलवा पाये। मेरे पिता यहां विकास करने आये थे, किन्तु उनकी हत्या कर दी गयी। कार्यक्रम को सदर के पूर्व विधायक सौरभ नारायण सिंह समेत कई नेताओं ने भी सम्बोधित किया और अरुण साहू के पक्ष में मत मांगा।
कार्यक्रम में गठबंधन के कार्यकताओं में भारी उत्साह देखा गया। कल्पना सोरेन का हेलीकॉप्टर प्रखंड मैदान में उतरते ही स्वागत में जोरदार नरबाजी हुई। कार्यक्रम में ओबीसी के राष्ट्रीय अध्यक्ष कैप्टन अजय सिंह यादव, साबी देवी, मेघनाथ साहू, कांग्रेस के ऑब्जर्वर छाया वर्मा, प्रदेश सचिव मनोज सहाय, झामुमो नेता विनोद विश्वकर्मा, हेमा देशमुख, बीरेंद्र राणा, कांग्रेस कोडरमा जिला अध्यक्ष भगीरथ पासवान, तोखन रविदास, कांग्रेस जिला उपाध्यक्ष डॉ.निजाम उद्दीन अंसारी, इकबाल रजा, उदय केशरी, सुनील साहू, ओबीसी मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष सुजीत नागवाला, चौपारण उप प्रमुख प्रति गुप्ता, झामुमो प्रखंड अध्यक्ष देवानंद कुमार, विष्णुधारी महतो, छोटन ठाकुर, कांग्रेस चंदवारा प्रखंड अध्यक्ष प्रमोद वर्णवाल, बैजू गहलौत, कार्तिक पासवान, मो ताहिर, संतोष, चंद्रभूषण, संजय दास, उमाशंकर, गौतम मेहता, मो नईम, जावेद, संतोष रजवार, मो जमीरउद्दीन, राजेंद्र कुमार, मो. रिजवान, मो. गुलजार समेत हजारों की संख्या में महिला-पुरुष शामिल हुए।

**झारखंड में सुशासन का कमल खिलना तय : शिवराज...**

लेकिन भत्ता भी नहीं मिला। भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनते ही 02 लाख 87 हजार रिक्त पड़े पदों पर भर्ती प्रक्रिया शुरू कर दी जायेगी। पहले ही साल में डेढ़ लाख नौकरियां दी जायेंगी। बाकायदा कैलेंडर बना कर तय किया जायेगा कि किस तारीख को परीक्षा होगी, किस तारीख को रिजल्ट आयेगा और किस तारीख को नियुक्ति पत्र वितरित किये जायेंगे। इतना ही नहीं, 05 लाख नये स्वरोजगार उपलब्ध कराये जायेंगे। शिवराज सिंह ने कहा कि ग्रेजुएट और पोस्ट ग्रेजुएट युवाओं को 02 साल तक 02 हजार रुपये प्रति माह दिये जायेंगे, ताकि वे अच्छी नौकरी की तैयारी कर सकें। उन्होंने कहा कि सोरेन सरकार ने उत्पाद सिपाही भर्ती के नाम पर युवाओं को ऐसा दौड़ाया कि वे जिन्दगी की जंग हार गये। भाजपा सरकार के आते ही इस पूरे मामले की जांच कर दोषियों को जेल भेजा जायेगा। पेपर लीक कर युवा नौजवानों के भविष्य से खिलवाड़ करनेवाले भी बख्शे नहीं जायेंगे। झारखंड के युवाओं को पूरा न्याय मिलेगा।

**झारखंड की तस्वीर बदलना भाजपा का प्रण**

शिवराज ने कहा कि झारखंड में बालू भी बाल्टियों में किलो से बेची जा रही है। लेकिन, भाजपा की सरकार बनने के बाद झारखंड की धरती पर हर गरीब को पक्का मकान बनाने के लिए राशि दी जायेगी और बालू फ्री दिया जायेगा। कोई भी कच्ची छत के नीचे नहीं रहेगा। प्रधानमंत्री ने पदभार सम्भालते ही दो करोड़ मकान ग्रामीण और एक करोड़ मकान शहरी क्षेत्रों में बनाने का फैसला लिया है। उन्होंने कहा कि पांच एकड़ तक की जमीन वाले किसानों को प्रति एकड़ 05 हजार रुपये की राशि दी जायेगी। साथ ही, 50 लाख रुपये की सम्पत्ति यदि बहन के नाम पर खरीदी जायेगी, तो रजिस्ट्री शुल्क केवल एक रुपया ही लगेगा।

## एक झलक

### अमेरिका में राष्ट्रपति चुनाव के लिए मतदान आज

**वॉशिंगटन :** अमेरिका में नए राष्ट्रपति के लिए 5 नवंबर को वोटिंग होनी है। अमेरिका के राष्ट्रपति के लिए डोनाल्ड ट्रंप और कमला हैरिस के बीच मुकाबला है। कमला हैरिस डेमोक्रिटक उम्मीदवार है। वहीं पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप रिपब्लिक पार्टी के कैंडिडेट हैं। अमेरिका में राष्ट्रपति के साथ नए उपराष्ट्रपति के लिए वोट डाले जाएंगे। अमेरिका में राष्ट्रपति चुनाव के लिए 5 नवंबर को वोट डाले जाएंगे। वहीं 20 जनवरी को नया राष्ट्रपति शपथ लेगा। कमला हैरिस और डोनाल्ड ट्रंप में से कोई एक अमेरिका का नया राष्ट्रपति होगा। अमेरिका में हर स्टेट से इलेक्टर्स होते हैं। आबादी को देखते हुए हर राज्य में निर्वाचक की संख्या होती है। अमेरिका में कुल 538 इलेक्टर्स हैं।

### ज्वालामुखी लेवोटोबी के फटने से 10 लोगों की मौत

**जकार्ता :** इंडोनेशिया में रविवार को ज्वालामुखी लेवोटोबी के फटने से 10 लोगों की मौत हो गई है। राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन एजेंसी बीएनपीबी के प्रवक्ता अब्दुल मुहारी ने सोमवार को बताया कि इंडोनेशिया के पूर्वी नुसा तेंगारा प्रांत में रविवार देर रात ज्वालामुखी लेवोटोबी फट गया था, जिसमें 10 लोग मारे गए। अब्दुल मुहारी ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा, 10 लोगों की मौत की पुष्टि हो चुकी है, इनमें से नौ शव बरामद किए गए हैं, जबकि एक शव मलबे में फंस गया है।

### पाकिस्तान ने की होवित्जर तोप की टेस्टिंग

**इस्लामाबाद :** पाकिस्तान ने जम्मू-कश्मीर में लाइन ऑफ कंट्रोल के पास 155 एमएम ट्रक-माउंटेड होवित्जर तोपों समेत दूसरे हथियारों की टेस्टिंग की है। हालांकि ये टेस्टिंग कब हुई इसकी जानकारी अभी नहीं मिली है। अधिकारियों ने कहा कि 155 एमएम तोप को चीनी की रक्षा कंपनी की देखरेख में एक खाड़ी देश की मदद से तैयार किया है। इसे हाल ही में एलओसी के पास देखा गया था। 155 एमएम तोप एसएच-15 होवित्जर का वर्जन है, जो शूट एंड स्कॉट (शूट करो और भागो) के लिए जानी जाती हैं। होवित्जर 155 एमएम तोप को लेकर जो जानकारी मिली है उसके मुताबिक यह कई तरह के हथियारों से हमला करने में काबिल है। यह 30 किमी दूर तक हमला कर सकती है और एक मिनट में 6 गोले तक दाग सकती है।

### स्पेन के राजा-रानी पर लोगों ने कीचड़ फेंका

**मैड्रिड :** स्पेन में बाढ़ प्रभावित वेलेंसिया इलाके का दौरा करने गए किंग फिलिप और उनकी पत्नी क्वीन लेटिजिया पर लोगों ने कीचड़ फेंके। वहां मौजूद लोगों ने 'हत्यारे' और 'शर्म करो' के नारे भी लगाए। किंग फिलिप के साथ स्पेन के प्रधानमंत्री पेड्रो सांचेज भी मौजूद थे। लोग उनसे पूछ रहे थे कि बाढ़ को रोकने के लिए नेताओं ने पहले से कुछ क्यों नहीं किया। भीड़ को रोकने के लिए पुलिस को आगे आना पड़ा। हमले में सुरक्षा में तैनात दो गाड्र्स घायल हो गए। उनके माथे से खून बहता देखा गया। इसके बाद स्पेन किंग और पीएमको अपना दौरा अधूरा छोडकर वापस राजधानी लौटना पड़ा। इस दौरान लोगों ने पीएम की गाड़ी पर भी हमला किया।

### इमरान की जमानत याचिका पर एफआईए को नोटिस

**इस्लामाबाद :** इस्लामाबाद हाई कोर्ट ने आज तोशाखाना द्वितीय केस में पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) के संस्थापक और पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की जमानत याचिका पर संघीय जांच प्राधिकरण (एफआईए) को नोटिस दिया। अब हाई कोर्ट के रजिस्ट्रार सुनवाई की अगली तारीख तय करेंगे। एआरवाई न्यूज चैनल के अनुसार, इससे पहले विशेष न्यायाधीश सेंट्रल ने इमरान खान की जमानत याचिका खारिज कर दी थी, जबकि उनकी पत्नी बुशरा बीबी को उसी मामले में जमानत प्रदान की थी।

# अल्मोड़ा में भीषण बस दुर्घटना में 38 की मौत

- प्रधानमंत्री ने की मृतक के निकट परिजनों को दो लाख रुपये, गंभीर रूप से घायलों को 1 लाख व कम घायलों को 50 हजार रुपये देने की घोषणा
- मुख्यमंत्री ने मृतक के निकट परिजनों को चार लाख रुपये के मुआवजे की घोषणा की
- अवैध बस संचालन पर कार्रवाई करते हुए उप क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी को किया निलंबित

## राष्ट्रपति-प्रधानमंत्री ने जताया शोक, मुआवजे की घोषणा



## एआरटीओ निलंबित, बैठायी मजिस्ट्रेट जांच

**अल्मोड़ा** में हुए बस हादसे में अब तक कुल 38 यात्रियों की मौत हो चुकी है जबकि 24 यात्री घायल हैं। घायलों का विभिन्न अस्पतालों में भर्ती कराया गया है। गंभीर रूप से घायलों को एम्स (ऋषिकेश) भेजा गया है। राहत व बचाव कार्य लगातार जारी है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी स्वयं राहत एवं बचाव कार्य पर नजर बनाए हुए हैं। हादसे को लेकर पुलिस-प्रशासन व परिवहन विभाग में हड़कंप मच गया है। वहीं स्वास्थ्य विभाग अलर्ट मोड पर है। हादसे का कारण क्षमता से अधिक सवारियों का होना (ओवरलोडिंग) बताया जा रहा है। यह एक 42 सीटर बस थी, जिसमें 60 के करीब यात्री सवार थे। दीपावली का त्योहार पूर्ण होने के चलते सवारियों की संख्या अधिक थी। इसके चलते मुख्यमंत्री धामी ने कार्रवाई करते हुए संबंधित उप क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी (एआरटीओ) को तत्काल निलंबित करने के आदेश दे दिए हैं। साथ ही इस दुर्घटना की मजिस्ट्रेट से जांच कराए जाने की घोषणा की है।

एजेंसी

**देहरादून :** उत्तराखंड के अल्मोड़ा जनपद में रामनगर के समीप माचुर्ला में आज सुबह हुए बस हादसे पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और गृहमंत्री अमित शाह, अनेक केन्द्रीय मंत्रियों सहित वरिष्ठ राजनेताओं ने गहरा दुःख जताया है। वहीं प्रधानमंत्री मोदी ने इस दुर्घटना में मृतक के परिजनों को पीएमएनआरएफ से दो लाख रुपये, गंभीर रूप से घायलों को एक लाख व अपेक्षाकृत कम घायलों को 50 हजार रुपये सहायता राशि देने की घोषणा की है।

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने सोशल मीडिया एक्स पर लिखा है कि उत्तराखंड के अल्मोड़ा में सड़क दुर्घटना में महिलाओं और बच्चों सहित कई लोगों की मृत्यु का समाचार हृदय विदारक है। मैं शोक संतप्त परिवारों के प्रति गहन संवेदनाएं व्यक्त करती हूं तथा घायल हुए लोगों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करती हूं।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोशल मीडिया एक्स पर लिखा है कि उत्तराखंड के अल्मोड़ा में हुए सड़क हादसे में जिन्होंने अपनों को खोया है, उनके प्रति मेरी शोक-संवेदनाएं। इसके साथ ही मैं सभी घायलों की शीघ्र कुशलता की कामना करता हूं। राज्य सरकार की देखरेख में स्थानीय प्रशासन राहत और बचाव के हर संभव प्रयास में जुटा है। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने एक्स पर लिखा है कि उत्तराखंड के अल्मोड़ा में हुई बस दुर्घटना अत्यंत दुःखद है। इस हादसे में अपना जीवन गंवाने वाले लोगों के परिजनों के प्रति संवेदनाएं व्यक्त करता हूं। स्थानीय प्रशासन द्वारा घायलों को त्वरित उपचार उपलब्ध कराया जा रहा है।

# तृतीय केदार तुंगनाथ के कपाट बंद



एजेंसी

**रुद्रप्रयाग/ऊखीमठ/तुंगनाथ :** पंचकेदारों में प्रतिष्ठित तृतीय केदार तुंगनाथ मंदिर के कपाट सोमवार पूर्वाह्न 11 बजे शुभ मुहूर्त पर विधि-विधान से शीतकाल के लिए बंद हो गए। पांच सौ से अधिक श्रद्धालु कपाट बंद होने के साक्षी बने। इस यात्रा वर्ष में पौने दो लाख श्रद्धालु तुंगनाथ पहुंचे।

कपाट बंद होने के बाद भगवान तुंगनाथ की उत्सव डोली ने स्थानीय वाद्य यंत्रों ढोल- दमाऊं सहित बाबा तुंगनाथ के जय उद्घोष के साथ प्रथम पड़ाव चोपता को प्रस्थान किया।

बदरीनाथ-केदारनाथ मंदिर समिति (बीकेटीसी) अध्यक्ष अजेंद्र अजय ने तुंगनाथ मंदिर के कपाट बंद होने के अवसर पर श्रद्धालुओं को शुभकामनाएं दी। उन्होंने बताया कि इस यात्रा वर्ष एक लाख सत्तर हजार से अधिक तीर्थयात्रियों ने भगवान तुंगनाथ के दर्शन किए। बीकेटीसी मुख्य कार्याधिकारी विजय प्रसाद थपलियाल ने भी कपाट बंद होने पर श्रद्धालुओं को शुभकामनाएं दी।

कपाट बंद होने के एक दिन पहले श्री तुंगनाथ मंदिर में यज्ञ- हवन किया गया था। आज प्रातः साढ़े चार बजे मंदिर खुला। प्रातःकालीन पूजा के पश्चात श्रद्धालुओं ने भगवान तुंगनाथ जी के दर्शन किए। ठीक दस बजे मंदिर गर्भगृह में कपाट बंद करने की प्रक्रिया शुरू हुई। भगवान तुंगनाथ के स्वयंभू शिवलिंग को श्रृंगार रूप से समाधि स्वरूप में ले जाया गया। शिवलिंग को स्थानीय पुष्पों, फल पुष्पों , अक्षत से ढक दिया गया। इसके बाद मठापति रामप्रसाद मैठाणी,प्रबंधक बलबीर नेगी डोली प्रभारी प्रकाश पुरोहित,की उपस्थिति में पुजारी अतुल मैठाणी तथा अजय मैठाणी ने तुंगनाथ मंदिर के कपाट बंद किए। कपाट बंद होने के बाद मंदिर समिति कर्मचारियों और श्रद्धालुओं के साथ मंदिर की परिक्रमा पश्चात अखोड़ी और हुडु गांव के हक-हकूकधारी भगवान तुंगनाथ की चल विग्रह डोली के साथ चोपता को प्रस्थान हुए।

### मेघालय पुलिस ने पकड़े सात बांग्लादेशी नागरिक

**शिलांग :** भारत-बांग्लादेश सीमावर्ती मेघालय के दक्षिण पश्चिम गारो हिल्स जिला के महेंद्रगंज पुलिस थानांतर्गत कलाइस के बदलामग्री इलाके से सात बांग्लादेशी नागरिकों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस सूत्रों ने आज बताया है कि बांग्लादेशी नागरिक कलाइस इलाके में पैदल जा रहे थे। सूचना मिलते ही सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) और कलाइस पुलिस के संयुक्त अभियान में सातों अवैध नागरिकों को गिरफ्तार किया गया। बाद में उन्हें पुलिस स्टेशन लाया गया, जहां पर अधिक जानकारी के लिए उनसे पूछताछ की जा रही है।

## सुप्रीम कोर्ट समिति की किसानों के साथ बैठक रही बेनतीजा



- शंभू बार्डर पर धरने का नेतृत्व कर रहे पंधेर व डल्लेवाल बैठक में नहीं हुए शामिल

एजेंसी

**चंडीगढ़ :** शंभू बार्डर खुलवाने के लिए सुप्रीम कोर्ट की ओर से गठित कमेटी तथा किसानों के बीच सोमवार को हुई बैठक बेनतीजा रही। बैठक में सुप्रीम कोर्ट समिति के सभी सदस्य शामिल हुए लेकिन किसानों के धरने का नेतृत्व करने वाले किसान नेता सरवन सिंह पंधेर तथा जगजीत सिंह डल्लेवाल बैठक में नहीं आए। जिन किसान नेताओं ने बैठक में भाग लिया वह आंदोलन के प्रमुख चेहरे नहीं थे। फसलों पर एमएसपी की गारंटी को लेकर पंजाब के किसान फरवरी-2024 से हड़ताल पर हैं। ऐसे में सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए हरियाणा सरकार ने हरियाणा और पंजाब के शंभू बॉर्डर को बैरिकेड्स लगाकर बंद कर दिया था। किसानों ने पंजाब की तरफ बॉर्डर पर स्थायी मोर्चा बना लिया। ऐसे में वहां से आवाजाही बंद है।

## भारत-वियतनाम का संयुक्त सैन्य अभ्यास 'विनबैक्स' हरियाणा के अंबाला में शुरू




- अंबाला के चंडीमंदिर में 23 नवंबर तक होगा अभ्यास का यह 5वां संस्करण

एजेंसी

**नयी दिल्ली :** वियतनाम और भारतीय सेना का द्विपक्षीय अभ्यास 'विनबैक्स' सोमवार से हरियाणा के अंबाला में शुरू हुआ। अभ्यास का यह 5वां संस्करण 23 नवंबर तक अंबाला के चंडीमंदिर में होगा। दोनों देशों के बीच पिछले साल यह सैन्य अभ्यास वियतनाम में हुआ था, जो भारत और वियतनाम के बीच द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत करने में एक प्रमुख मील का पत्थर है। रक्षा मंत्रालय के अनुसार अभ्यास के इस संस्करण में दोनों देशों की सेनाओं और वायु सेनाओं के कर्मी पहली बार हिस्सा लेंगे। भारतीय सेना की टुकड़ी में 47 कर्मी हैं, जिसका प्रतिनिधित्व कोर ऑफ इंजीनियर्स की एक रेजिमेंट के साथ-साथ अन्य शाखाओं और सेवाओं के कर्मी कर रहे हैं। समान क्षमता वाली वियतनामी टुकड़ी का प्रतिनिधित्व वियतनाम पीपुल्स आर्मी के सैनिक करेंगे।

### राहुल गांधी आज रायबरेली के दौरे पर

**रायबरेली :** लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी मंगलवार को अपने संसदीय क्षेत्र रायबरेली का दौरा करेंगे। वे यहां जिला अनुश्रवण एवं निगरानी समिति की बैठक में मौजूद रहेंगे। इसके अलावा वे कई अन्य कार्यक्रमों में भी शामिल होंगे। कांग्रेस के मुताबिक राहुल गांधी इस दौरान कई योजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास करेंगे। वे पूर्वाह्न 10:30 बजे फुर्सतगंज एयरपोर्ट पहुंचेंगे और यहां से वे सड़क मार्ग से 11 बजे डिग्री कॉलेज चौराहा पहुंचेंगे। शहीद चौक के उद्घाटन के बाद 11:30 पर कलेक्ट्रेट जाएंगे। कलेक्ट्रेट परिसर स्थित बचत भवन में अनुश्रवण एवं निगरानी समिति की बैठक में हिस्सा लेंगे।

## दीपिका का लेडी सिंघम के रूप में जोरदार रहा प्रभाव



एजेंसी

**मुंबई :** बालीवुड एक्ट्रेस दीपिका पादुकोण ने सिंघम अगेन में शक्ति शेट्टी के किरदार में खुद को साबित किया है। इस फिल्म में उनका प्रभाव लेडी सिंघम के रूप में जोरदार रहा है। एक्ट्रेस के किरदार के इंट्रोडक्शन ने दर्शकों को उत्साहित कर दिया है, कई लोगों ने स्क्रीन पर उनके मजबूत प्रेजेंस और पॉवरफुल परफॉर्मेंस की खूब तारीफ की है। दीपिका अपनी वर्सेटिलिटी के लिए जानी जाती हैं, और उन्होंने शेट्टी के कॉप यूनिवर्स की इंटेंस दुनिया में बिना किसी दिक्कत के कदम रखा है। बता दें कि उन्होंने फ्रेंचाइजी में नई एनर्जी और एक मजबूत महिला किरदार शक्ति शेट्टी को इंट्रोड्यूस किया है। उनका आउटस्टैंडिंग एंट्री सीन अब हॉट टॉपिक बन गया है, जिसे देखते हुए फैंस उनकी डेरिंग परफॉर्मेंस और दूसरे किरदारों के साथ मजबूत केमिस्ट्री की खूब तारीफ कर रहे हैं। खासतौर पर अजय देवगन के फेमस किरदार बाजीराव सिंघम के साथ। बहुत ही पॉजिटिव रिस्पॉन्स के बाद फैंस लेडी सिंघम शक्ति शेट्टी को मेन किरदार के रूप में एक स्टैंडअलोन फिल्म बनाने की मांग कर रहे हैं। इतना ही नहीं, उन्होंने सोशल मीडिया पर रोहित शेट्टी को टैग करके लेडी सिंघम की कहानी को और आगे बढ़ाने की रिक्वेस्ट तक की है। ये देखना कमाल है कि चेन्नई एक्सप्रेस के बाद जहां रोहित शेट्टी और दीपिका पादुकोण ने मीनम्मा को इंट्रोड्यूस किया था और वह एक यादगार किरदार बन गई। ऐसे में अब शक्ति शेट्टी के जरिए फिर से एक्टर और डायरेक्टर की इस जोड़ी ने एक और सक्सेसफुल प्रोडक्ट देकर सबको इंप्रेस कर दिया है। नेटिजन्स के प्यार के साथ-साथ क्रिटिक्स भी दीपिका पादुकोण की तारीफ कर रहे हैं।

## चंडीगढ़ हवाई अड्डे से फ्लाइट का 24 घंटे संचालन बंद

एजेंसी

**चंडीगढ़ :** चंडीगढ़ स्थित अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर सोमवार आधी रात से विमानों का संचालन बंद हो जायेगा। भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण (एएआई) ने शहीद भगत सिंह हवाई अड्डे पर निगरानी के घंटों में भी कटौती कर दी है। नए कार्यक्रम के अनुसार अब चंडीगढ़ हवाई अड्डे पर आखिरी उड़ान रात 11.25 बजे तक पहुंच जाती है। रात 11.25 बजे के बाद और सुबह 5.55 बजे से पहले अब कोई उड़ान संचालन नहीं हो रहा है। इससे पहले मध्य रात्रि के बाद और सुबह 5 बजे से पहले दो उड़ानें संचालित होती थीं। नए कार्यक्रम का असर मुंबई से अबू धाबी के लिए उड़ानों के समय पर भी पड़ा है, जिसे पुनर्निर्धारित किया गया है। गर्मियों के दौरान शुरू किए गए अबू धाबी के अंतरराष्ट्रीय गंतव्य को भी सुबह 6 बजे आगमन और सुबह 10.10 बजे प्रस्थान के लिए शेड्यूल किया गया है। चंडीगढ़ हवाई अड्डे पर वर्तमान में रात के समय अब छह उड़ानें आती हैं। इनमें हैदराबाद से रात 10.40 से 11.25 के बीच आने वाली उड़ान, दिल्ली से दो उड़ानें, मुंबई से एक और अहमदाबाद से अंतिम उड़ान शामिल हैं। ये सभी उड़ानें रात में विश्राम के बाद सुबह अपने गंतव्य के लिए रवाना होती हैं।

## गाजियाबाद प्रकरण के विरोध में दिल्ली की निचली अदालतों में वकीलों ने किया न्यायिक कार्य का बहिष्कार



एजेंसी

**नयी दिल्ली :** गाजियाबाद में वकीलों पर 29 अक्टूबर को हुए पुलिस लाठीचार्ज के विरोध में आज दिल्ली की निचली अदालतों के वकीलों ने न्यायिक कार्य का बहिष्कार किया। हालांकि, दिल्ली हाई कोर्ट में पूर्ववत की तरह कामकाज हुआ।

दिल्ली की आज सभी अदालतों के बार एसोसिएशंस के संगठन कोआर्डिनेशन कमेटी ऑफ ऑल बार एसोसिएशंस ऑफ दिल्ली के आह्वान पर निचली अदालतों के वकीलों ने न्यायिक कार्य का बहिष्कार किया। पटियाला हाउस कोर्ट में बार एसोसिएशन के नेता कोर्ट रूम के अलावा कोर्ट परिसर में स्थित फोटो कॉपी, कोरियर, स्टेशनरी इत्यादि की दुकानों को बंद कराते नजर आए। ऐसा ही नजारा कड़कड़डूमा कोर्ट, तीस हजारी कोर्ट, रोहिणी कोर्ट, साकेत कोर्ट समेत सभी जिला अदालतों में देखने को मिला। बार एसोसिएशन के नेताओं ने न्यायिक अधिकारियों से भी किसी मामले में प्रतिकूल आदेश पारित नहीं करने की अपील की। इसका असर ये हुआ कि सभी मामलों में सुनवाई के दौरान केवल तारीख ही मिली।

## ब्रैम्पटन में मंदिर पर हमले की भारत ने की निंदा, कनाडा सरकार से सुरक्षा की मांग

एजेंसी

**नयी दिल्ली :** भारत ने ओंटारियो (कनाडा) के ब्रैम्पटन में हिंदू सभा मंदिर में रविवार को खालिस्तानी चरमपंथियों द्वारा की गई हिंसा की निंदा की और उम्मीद जताई है कि हिंसा करने वालों पर कार्रवाई होगी। भारत ने कनाडा में रह रहे भारतीयों की सुरक्षा को लेकर चिंता जाहिर की है और कनाडा सरकार से सभी के पूजा स्थलों को हमलों से बचाने का आह्वान किया है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता अरिंदम बागची ने मीडिया के प्रश्नों पर कहा कि हम कल ओंटारियो के ब्रैम्पटन में हिंदू सभा मंदिर में चरमपंथियों और अलगाववादियों द्वारा की गई हिंसा की निंदा करते हैं। हम कनाडा सरकार से यह सुनिश्चित करने का आह्वान करते हैं कि सभी पूजा स्थलों को ऐसे हमलों से बचाया जाए। हम यह भी उम्मीद करते हैं कि हिंसा में शामिल लोगों पर कार्रवाई की जाएगी। हम कनाडा में भारतीय नागरिकों की सुरक्षा को लेकर बेहद चिंतित हैं। भारतीयों और कनाडाई नागरिकों को समान रूप से सेवाएं प्रदान करने के लिए हमारे कांसुलर अधिकारियों की पहुंच को धमकी, उत्पीड़न और हिंसा से रोका नहीं जा सकता। उल्लेखनीय है कि टोरंटो के पास ब्रैम्पटन में हिंदू सभा मंदिर के साथ मिलकर आयोजित वाणिज्य दूतावास शिविर के बाहर भारत विरोधी तत्वों ने रविवार (3 नवंबर) को हिंसक व्यवधान पैदा किया था।

# त्योहारों के दौरान उधना में यात्रियों की मांग की गयी पूरी, रेलवे ने चलायीं कुल 104 ट्रेनें

**नयी दिल्ली :** दीवाली और छठ के त्योहार के दौरान उधना में यात्रियों की मांग को पूरा करने के लिए रेलवे ने कुल 104 ट्रेनें चलायीं। इनमें से 44 ट्रेनें हॉलिडे स्पेशल थीं, जो उधना से शुरू हुईं। इनमें से लगभग एक तिहाई पूरी तरह से अनारक्षित ट्रेनें थीं, जो सामान्य श्रेणी में यात्रा करनेवाले यात्रियों की मांग को पूरा करती थीं। ऐसा इसलिए किया गया कि 1,60,000 से अधिक यात्री दीवाली और छठ अपने परिवार के साथ मनाने के लिए अपने गंतव्य तक यात्रा कर सकें।

03 नवम्बर, 2024 को उधना जंक्शन से लगभग 31,000 यात्रियों को उनके गंतव्य तक पहुंचाया गया।

**स्टेशन पर उपलब्ध करायी गयीं सुविधाएं**

- सूरत से उधना तक दो शिफ्टों में 50 लाइसेंस सहायक तैनात किये गये।
- प्रमुख स्थानों पर त्योहार ट्रेनों को प्रदर्शित करने वाले सूचना बैनर/स्टैंडी लगायी गयीं।
- उधना के सभी प्रवेश/निकास द्वारों पर 20-40 टिकट चेकिंग स्टाफ को चौबीसों घंटे के लिए तैनात किये गये।
- यात्रियों की सुविधा के लिए होल्डिंग एरिया में त्योहार टिकट खिड़की बनायी गयी।
- आवश्यकतानुसार 15 शिफ्टों में 05 अतिरिक्त टिकट काउंटर संचालित किए जा रहे हैं और त्योहार के दौरान अतिरिक्त 03 नाइट शिफ्ट संचालित की जायेंगी।
- 17 अतिरिक्त टिकट बुकिंग स्टाफ तैनात किये गये।
- दीवाली/छठ पूजा के दौरान अतिरिक्त भीड़ को देखते हुए 01 अतिरिक्त एटीवीएम उपलब्ध करायी गयी।




**भीड़भाड़ को कम करने के लिए उठाये गये कदम**

पश्चिम रेलवे ने 08 नवम्बर, 2024 तक प्लेटफॉर्म टिकटों की बिक्री पर अस्थायी प्रतिबंध लगा दिया है। इस कदम का उद्देश्य प्लेटफॉर्म पर भीड़ को नियंत्रित करना और स्टेशन परिसर के भीतर यात्रियों की सुचारु आवाजाही सुनिश्चित करना है।

**सामान ले जाने के लिए फ्री अलाउंस का सख्ती से किया गया अनुपालन**

प्रत्येक यात्री को सामान ले जाने की फ्री अलाउंस मिलता है, जिससे उन्हें बिना किसी अतिरिक्त लागत के अपने डिब्बे में एक निर्दिष्ट मात्रा में सामान ले जाने की अनुमति मिलती है। यात्रा के विभिन्न वर्गों के लिए फ्री अलाउंस अलग-अलग होता है। यदि सामान सीमांत फ्री अलाउंस से अधिक है, तो उसके अनुसार जुमार्ना लगाया जायेगा। यह ध्यान दिया जाना चाहिए कि स्कूटर, साइकिल आदि जैसे सामान या 100 सेमी ७ 100 सेमी ७ 70 सेमी के अधिक आयाम वाले सामानों के लिए फ्री अलाउंस स्वीकार्य नहीं है।

**पार्सल प्रबंधन**

यह देखा गया है कि ट्रेनों में लोडिंग के लिए प्लेटफॉर्म पर रखे गये पार्सलों की संख्या यात्रियों की आवाजाही में असुविधा का कारण बनती है। यात्रियों की सुरक्षा और संरक्षा बढ़ाने के लिएपश्चिम रेलवे ने ट्रेन के निर्धारित प्रस्थान से पहले प्लेटफॉर्म पर पार्सल की खेपों को लम्बे समय तक रखने से बचने के निर्देश जारी किये हैं। इसे तत्काल प्रभाव से 08.11.2024 तक के लिए लागू किया गया है।

**कतार प्रबंधन**

यात्रियों की अतिरिक्त आवाजाही को प्रबंधित करने के लिएआरपीएफ और जीआरपी के अतिरिक्त कर्मियों को तैनात किया गया है, ताकि यात्रियों को किसी भी दुर्घटना से बचने के लिए कतार में सुविधाजनक तरीके से प्लेटफॉर्म तक पहुंचने में मदद मिल सके। स्टेशन पर अतिरिक्त 41 टिकट चेकिंग स्टाफ, 85 आरपीएफ स्टाफ, 140 जीआरपी और 60 आरएसपीएफ स्टाफ तैनात किये गये हैं।